वैशाख कृष्ण पक्ष 04
संवत 2082

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
17 अप्रैल 2025
वर्ष-31, अंक-180
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## जन शिकायत समाधान शिविरों से बढ़ा भरोसा, पुलिस-पब्लिक रिश्तों में आई मजबूती

# जवाबदेही तय कर लापरवाह अफसरों पर होगी कड़ी कार्रवाई : आईजी

- पलामू, लातेहार व गढ़वा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम
- आईजी ने शिविरों की सार्थकता पर जताई संतुष्टि
- पलामू प्रक्षेत्र के तीन जिलों से कुल 2268 शिकायतें प्राप्त
- सबसे अधिक भूमि विवाद व महिला संबंधित मामले अब तक
- पलामू प्रक्षेत्र में 713 मामलों का निष्पादन, 150 प्राथमिकी दर्ज
- 10 सितंबर, 18 दिसंबर और 22 जनवरी को तीन चरण संपन्न
- शिविर में बुधवार को पलामू जिला में 107 शिकायतें प्राप्त हुईं, 54 मामलों का ऑन स्पॉट का हुआ समाधान



### पुलिस प्रशासन अपने दायित्व को गंभीरता से निभाएगा : रीष्मा रमेशन



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में आज जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन शहर थाना परिसर समेत जिले के सभी अनुमंडल स्थित थानों में किया गया। इस दौरान पलामू के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रीष्मा रमेशन, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर और सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मणिभूषण प्रसाद ने कार्यक्रम में भाग लिया। एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि पुलिस प्रशासन अपने दायित्व को गंभीरता से निभाएगा और सभी मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जन शिकायतों में प्राप्त मामलों का वर्गीकरण इस प्रकार रहाः भूमि विवाद से संबंधित मामले - 50, कांड से संबंधित मामले - 17, अन्य प्रकार के मामले - 40। कुल 107 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 54 मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष शिकायतों पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

### लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी : कुमार गौरव



**लातेहार।** जिले में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस कप्तान कुमार गौरव और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार ने लोगों की शिकायतों को सुना और उनके समाधान की दिशा में कार्रवाई की। एसपी कुमार गौरव ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कहां और किस प्रक्रिया से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जन शिकायतों का वर्गीकरण इस प्रकार रहाः भूमि विवाद - 15, मारपीट एवं अत्याचार - 20, महिला संबंधित अपराध - 12 व एससी/एसटी अपराध - 10 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिन पर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

### किसी भी शिकायतकर्ता को न्याय से वंचित नहीं किया जाएगा : दीपक पांडेय



**गढ़वा।** जिले के तीन अनुमंडल - गढ़वा, रंका और श्री बंशीधर नगर झ में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उप-महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गढ़वा अनुमंडल, रंका और श्री बंशीधर नगर से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी शिकायतकर्ता को न्याय से वंचित न रहना पड़े। जन शिकायतों में प्राप्त मामलों का वर्गीकरण इस प्रकार रहाः भूमि विवाद - 25, कांड संबंधित मामले - 15, अन्य प्रकार के मामले - 10। कुल 115 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 21 का समाधान कार्यक्रम स्थल पर ही किया गया और शेष शिकायतों पर कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र अंतर्गत तीनों जिला पलामू, लातेहार और गढ़वा में पुलिस विभाग द्वारा जन शिकायत समाधान शिविरों का आयोजन कर जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। अब तक 10 सितंबर 2024, 18 दिसंबर 2024 और 22 जनवरी 2025 को आयोजित इन शिविरों में कुल 2268 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें महिला संबंधी उत्पीड़न, जमीन विवाद, साइबर क्राइम, चोरी, लूट, अपहरण, शारीरिक अपराध, अवैध खनन, एनडीपीएस, पीओसीएसओ और एससी/एसटी एक्ट से संबंधित मामले शामिल थे।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पलामू जिले से 741, लातेहार से 672 और गढ़वा से 855 शिकायतें दर्ज की गईं। इन शिकायतों में सर्वाधिक मामले भूमि विवाद (917) और महिला संबंधित (149) अपराधों से जुड़े रहे। तीनों जिलों के आंकड़ों को मिलाकर देखा जाए तो 150 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है, जबकि 934 मामले अभी अनुसंधान के अधीन हैं। 713 मामलों का निष्पादन हो चुका है, जो पुलिस विभाग की त्वरित कार्यप्रणाली को दशार्ता है।

मेदिनीनगर शहर थाना में आयोजित जन शिकायत समाधान शिविर में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर ने कहा कि शिविर पुलिसिंग में सुधार की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि जन शिकायत समाधान शिविर पुलिस की पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। इससे न केवल आम जनता को राहत मिली है, बल्कि पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली में भी सुधार देखने को मिला है।

आईजी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन पुलिस अधिकारियों या कर्मियों द्वारा शिकायतों के निपटारे में लापरवाही बरती जा रही है, उन्हें चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे शिकायतों का निष्पादन समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से करें ताकि जनता का पुलिस पर भरोसा बना रहे। उन्होंने कहा कि यह शिविर केवल जनसंवाद का माध्यम नहीं, बल्कि पुलिस की जिम्मेदारी और जवाबदेही को मजबूत करने का मंच है। हम इसे अभियान के रूप में आगे भी जारी रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी शिकायतकर्ता को न्याय से वंचित न रहना पड़े। जन शिकायत समाधान शिविरों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि जब पुलिस और जनता के बीच सीधा संवाद होता है, तो न केवल समस्याएं सुलझती शेष पेज 11 पर

₹83100 10 ग्राम

₹96000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
| --- | --- |
| 77,044.29 | 85.671 |
| +309.40 | +0.002 |

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज कल




## हेमंत सोरेन पहुंचे झामुमो के केंद्रीय कैंप कार्यालय, कार्यकर्ताओं से कहा

# आपकी मेहनत हमारी ताकत आपके सपने हैं हमारी प्रेरणा

- मुश्किल घड़ी में पार्टी के साथ खड़े कार्यकर्ताओं का जताया आभार
- पार्टी की रणनीति पर वरिष्ठ नेताओं के साथ किया विचार-विमर्श

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। वह बुधवार की शाम रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कैंप कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद पांडेय और सुप्रियो भट्टाचार्य एवं अन्य ने उनका स्वागत किया। यहां मुख्यमंत्री करीब दो घंटे तक रहे और पार्टी की रणनीति पर वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री सोरेन ने पार्टी कार्यकर्ताओं के नाम सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मेरे प्यारे कार्यकर्ताओं और साथियों, आप सभी के अथक संघर्ष, विश्वास और समर्पण के बिना यह सफर संभव नहीं था। आज जब मैं पार्टी अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहा हूं, तो मैं आप सभी का आभारी हूं, जिन्होंने हर मुश्किल घड़ी में पार्टी और झारखंड के हितों को सर्वोपरि रखा। सोरेन ने आगे लिखा है, आपकी मेहनत ही हमारी ताकत है और आपके सपने ही हमारी प्रेरणा। हम सब मिलकर झारखंड की सेवा, विकास और न्याय के लिए नए जोश के साथ आगे बढ़ेंगे। पार्टी ने जो नया दायित्व दिया है, उसे मजबूती के शेष पेज 11 पर



### युवा अध्यक्ष पाकर हम सब गौरवान्वित : सुप्रियो भट्टाचार्य



झामुमो के केंद्रीय कायार्लय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था। पार्टी के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि 14 और 15 तारीख को झारखंड मुक्ति मोर्चा का 13वां महाधिवेशन हुआ। महाधिवेशन में निर्वतमान अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षक बनाया गया। इसके बाद दिशोम गुरु ने हेमंत सोरेन का नाम केंद्रीय अध्यक्ष के रूप में प्रस्तावित किया, जिसे लगभग साढ़े चार हजार से ज्यादा उपस्थित प्रतिनिधि, अध्यक्ष मंडल के 11 लोग और संचालन मंडल के 11 लोगों ने एक स्वर से समर्थन किया। इसके बाद हेमंत सोरेन केंद्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए। सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत सोरेन को केंद्रीय अध्यक्ष चुनने के बाद महाधिवेशन में उपस्थित केंद्रीय समिति के सभी सदस्यों ने उनको अधिकृत किया कि आगामी दिनों में वे नई टीम की घोषणा करें, कार्यों का बंटवारा करें और नई जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा करें। इस कारण पार्टी के अध्यक्ष हेमंत सोरेन पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आए। केंद्रीय शेष पेज 11 पर

## हरमू नदी और बड़ा तालाब की सफाई पर हुई सुनवाई

# हाईकोर्ट ने सरकार व रांची नगर निगम से मांगा जवाब

- अगली सुनवाई नौ जून को

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जल स्रोतों नदी, रांची के बड़ा तालाब की साफ-सफाई और संरक्षण के संबंध में लिए गए स्वतः संज्ञान पर बुधवार को सुनवाई की। मामले में चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से रांची के बड़ा तालाब और हरमू नदी की साफ-सफाई पर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई नौ जून को होगी।

रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि बीते 10-11 अप्रैल को निगम की ओर से हरमू नदी की सफाई कराई गई है। निगम की ओर से समय-समय पर हरमू नदी की सफाई का कार्य किया जा रहा है। इस संदर्भ में उनकी ओर से हरमू नदी की सफाई से संबंधित फोटोग्राफ प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने निगम को मौखिक रूप से कही गई इन बातों को शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने का निर्देश दिया।

वहीं, हस्तक्षेपकर्ता झारखंड सिविल सोसायटी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने कोर्ट को बताया कि बड़ा तालाब में जब तक इसकी गहराई में जमे गाद को नहीं हटाया जाएगा, तब तक पूरी तरह से बड़ा तालाब की सफाई नहीं हो सकेगी। उनकी ओर से यह भी बताया गया कि हरमू नदी में लोगों के घर से निकला हुआ सॉलिड कचरा जा रहा है। ऐसे में हरमू नदी की सफाई भी जरूरी है।

इस पर सरकार की ओर से बताया गया कि बड़ा तालाब में वर्षों से जमे गाद को निकालने के लिए नगर विकास विभाग ने जुडको से संपर्क किया था, लेकिन जुडको ने इसमें विशेषज्ञता नहीं होने की बात कहते हुए असमर्थता जताई है। इसके बाद नगर विकास विभाग की ओर से जल संसाधन विभाग को बड़ा तालाब से गाद निकालने के संबंध में पत्र लिखा गया है। कोर्ट ने इस संदर्भ में भी राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य के सभी जिलों से जल स्रोतों से अतिक्रमण हटाने के संबंध में गठित टास्क फोर्स की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है, कुछ जिलों से अभी रिपोर्ट आनी बची है।

ज्ञात हो कि रांची के जलस्रोतों के अतिक्रमण और साफ-सफाई से संबंधित प्रकाशित एक खबर को झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए उसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था। पूर्व में कोर्ट ने सरकार को राज्य के सभी जिलों में जलस्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण, जल की स्थिति के बारे में अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। प्राकृतिक जलस्रोतों की सवच्छता को लेकर राष्ट्रीय नवीन मेल ने भी कई बार सवाल उठाए थे।

# गुरुग्राम जमीन मामले में रॉबर्ट वाड्रा से कई घंटे हुई पूछताछ



- ईडी ने पूछताछ के लिए आज भी किया तलब

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के गुरुग्राम स्थित डीएलएफ लैंड डील घोटाले के मामले में रॉबर्ट वाड्रा से लगातार दूसरे दिन बुधवार को कई घंटे पूछताछ की। रॉबर्ट वाड्रा ने पूछताछ के बाद कहा कि उन्हें सच पर भरोसा है और वे किसी भी तरह के दबाव का सामना करने के लिए तैयार हैं। राबर्ट वाड्रा के साथ आज उनकी पत्नी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद थीं। ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा को गुरुवार को फिर दिन में 11:00 बजे नई दिल्ली में स्थित एजेंसी के हेडक्वार्टर में पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे एक दिन पहले मंगलवार को ईडी के अधिकारियों ने इस मामले में रॉबर्ट वाड्रा से करीब छह घंटे मैराथन पूछताछ की थी। इसके बाद आज फिर उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया। केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि रॉबर्ट वाड्रा से गुरुवार को भी पूछताछ होगी। ईडी दफ्तर से बाहर निकलते समय रॉबर्ट वाड्रा कहा, हां, उन्होंने मुझे कल भी पूछताछ के लिए बुलाया है। वे मुझे बुलाते रहेंगे...। रॉबर्ट वाड्रा आज मध्य दिल्ली के सुजान सिंह पार्क स्थित अपने घर से 2 किलोमीटर पैदल चलकर एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी के मुख्यालय पहुंचे। शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# हर निर्माण के पहले रिसर्च और भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रखा जाए



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

24 साल का होने जा रहा झारखंड अभी भी गलती करो और सीखो मॉडल पर ही चल रहा है जिस पर बिहार के जमाने से ही काम हो रहा था इसमें सबसे हास्यास्पद है सड़क बनाने के बाद उसे काट कर पीने के पानी का पाइप बिछाना और फिर से काटकर सीवरेज लाइन की पाइप बिछाना । झारखंड की राजधानी रांची से लेकर हर छोटे बड़े शहर में इसी कार्यशैली में काम चलता रहा है जिससे पब्लिक के पैसों की बबार्दी तो होती ही है साथ ही सालों भर सड़कों पर धूल मिट्टी और आवागमन की परेशानी लगी रहती है । ऐसा सभी विभागों के बीच समन्वय नहीं होने से तो होता ही है कभीझकभी जान बूझकर भी किया जाता है जिससे लगता है कि इस पर कोई स्पष्ट नीति या मानक संचालन प्रणाली नहीं बनी है क्योंकि कोई भी बड़ा या खचीर्ला स्थायी निर्माण कई दशकों के बाद करोड़ों की लागत से किया जाता है जिसे भविष्य में बढ़ने वाली आबादी या गाड़ियों के दबाव के हिसाब से डिजाइन किया जाना चाहिए । अभी रांची के सबसे व्यस्त रातू रोड में एनएचएआई द्वारा विगत तीन वर्षों से चल रहे एलिवेटेड कॉरीडोर के निर्माण में लगभग वही स्थिति है । निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखने में उच्च कोटि की लग रही है पर अब नगर निगम और जुड़को को पेयजल और सीवरेज का पाइप बिछाना है जिसके लिए तेजी से बन रही सड़क को काटकर पाइप बिछाया जाएगा । सवाल यह उठता है कि विगत तीन वर्षों में यह क्यों नहीं हुआ ? सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि लगभग 15 लाख की आबादी वाले रांची नगर के अवशिष्ट जल को पंडरा से लेकर विभिन्न मुहल्लों से इकट्ठा कर बड़ागाईं बरियातू तक सामान्य पाइप से ले जाना किसी चमत्कार से कम नहीं क्योंकि इसके लिए बड़े-बड़े नाले और मेनहोल बनाए जाते हैं जैसे पड़ोसी कोलकाता में है । विभिन्न मुहल्लों में ठेकेदारों ने सीवरेज लाइन बिछाने के लिए बनी हुई पीसीसी सड़क को खोदकर छोड़ दिया उसकी परेशानी अलग है । विदेशों की या विकसित राज्यों की बात करें तो इसके लिए अगले 100 वर्षों की प्लानिंग होती है ताकि गंदे पानी के निष्पादन की भविष्य में समस्या न हो । युवा झारखंड को इस पर ठोस नीति बनानी चाहिए । कुछ इसी तरह की स्थिति सड़कों की चौड़ाई की है अनेक सड़कें फोरलेन बनीं जिन्हें बनाने के लिए हजारों पेड़ काटे गए और उसके किनारे नालियां बनाईं गईं इसका आकलन नहीं किया गया कि अगले बीस-तीस वर्षों में क्या सिक्स लेन की जरूरत पड़ेगी तो फिर नालियों को तोड़ा जाएगा और एक लेन और बनाया जाएगा । इसमें अमेरिकन मॉडल से सीखने की आवश्यकता है जो किसी भी खचीर्ले या बड़े कार्य के पहले उसपर शोध में बड़ी रकम खर्च करता है जैसे सड़क बनानी है तो कितनी गाड़ियां कितना लोड लेंगी और भविष्य में कितनी चौड़ी सड़क की आवश्यकता पड़ेगी ? सबसे बड़ा उनका रिसर्च इस बात पर रहता है कि पिछली सड़क कहां,क्यों और कैसे टूटी ? जो पहले भूल या गलतियां हुईं उन्हें सुधारने के लिए कौन सी तकनीक अपनाई जानी चाहिए । हर साल सड़क नाली,पेयजल और गंदे पानी के निकास के नाम पर इंजीनियर-अधिकारी गठजोड़ से मिले फीडबैक और बढ़ते बजट की समीक्षा करते समय इस बात का ध्यान अवश्य रखा जाए कि एक ही काम को बार-बार करने की आवश्यकता या मांग को सामान्य नहीं बल्कि आकस्मिकता पर ही स्वीकृत किया जाए । झारखंड में लगभग 117 वर्ष पूर्व स्थापित जमशेदपुर और रूस के सहयोग से बने एचईसी परिसर,बोकारो जैसे औद्योगिक शहर पूरी प्लानिंग से बसे इस कारण उन्हें आज भी न पेड़ काटने की आवश्यकता है और न बार-बार सड़क खोदने की जब कि राजधानी रांची के आसपास सहित पूरे झारखंड के प्रमुख शहरों के आसपास में भूमि माफिया तेजी से ऐसी कॉलोनियां विकसित कर रहा है जिसमें न तो अग्निशमन गाड़ी जाने के लिए 25 फीट की सड़क छोड़ी जा रही है और न न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हैं । भविष्य में जनता की गाढ़ी कमाई के टैक्स के पैसे इन्हें सुधारने में खर्च होंगे जिससे विकसित झारखंड का सपना साकार करने में सरकारों और जनता को खासी परेशानी होगी । ठेकेदारों और इनसे जुड़े लोगों को भी समझाया जाना चाहिए कि पुराने काम को बार-बार करने के बजाय नए काम करने से भी उन्हें काम की कमी नहीं रहेगी।



# उपडाकघर हैदरनगर में प्रतिदिन हो रहा हंगामा

**भुगतान स्वीकृति में तीन माह की देरी, ग्राहक परेशान**



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** स्थानीय उपडाकघर, हैदरनगर में परिपक्वता अवधि पूरी हो जाने के बावजूद निवेशकों को भुगतान नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनमें भारी आक्रोश है। राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र एवं सावधि जमा योजना की राशि की मियाद पूरी हुए तीन माह बीत चुके हैं, फिर भी भुगतान की प्रक्रिया लंबित है। ग्राहकों ने बताया कि आवश्यक दस्तावेज कार्यालय में जमा कराने के बावजूद उन्हें भुगतान नहीं मिल पा रहा है। भुगतान के लिए प्रतिदिन सुबह 10 बजे से उपडाकघर के बाहर लंबी कतार लग जाती है। ग्राहक जयराम प्रसाद, बिंदा देवी, सुनीता देवी, अजहर अली, रितिका अग्रवाल, अरुण कुमार वर्मा, अजीत कुमार गुप्ता, रमेश साव, किरण देवी, कनकलता कुमारी, कौरेशा खातून, भरदुल मेहता और मनीष कुमार सहित अन्य ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इतनी दौड़भाग के बाद भी पैसे नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सवाल उठाया कि ₹क्या अपने ही पैसे मरने के बाद मिलेंगे?₹ कई परिवारों में इलाज, शादी और अन्य जरूरतों के लिए इस राशि की आवश्यकता है, लेकिन सिस्टम की धीमी प्रक्रिया के कारण लोगों को मानसिक और आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्राहकों का गुस्सा इतना बढ़ गया कि उपडाकपाल को भी तीखी बातों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि यही स्थिति रही तो वे न्यायालय की शरण लेंगे। इस संबंध में उपडाकपाल बिनोद चौधरी व सहायक नागा साह ने बताया कि सभी आवश्यक दस्तावेज प्रधान डाकघर को समय पर भेज दिए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब भुगतान की प्रक्रिया मैनुअल से हटाकर ऑनलाइन कर दी गई है, जिस कारण तकनीकी बदलाव की वजह से भुगतान में विलंब हो रहा है। स्थानीय उपडाकघर इसमें कहीं से भी दोषी नहीं है।

## विधायक मद से निर्मित गेट का नाम आंबेडकर द्वार रखने की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत अंतर्गत सतगांवा के निवासियों ने बुधवार को बैठक कर मेन रोड से बांधपर जाने वाली सड़क पर निर्मित गेट का नाम आंबेडकर द्वार रखने की मांग की है। लोगों का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में तत्कालीन विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के विधायक निधि से उक्त स्थान पर गेट का निर्माण कराया गया था। योजना की स्वीकृति भी आंबेडकर द्वार के नाम से ही है। परंतु कुछ लोग इस नामकरण का विरोध कर रहे हैं, जो अनुचित है। उन्होने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर देश के महापुरुषों में से एक हैं। इनके नाम पर द्वार रहने से गरीबों को संघर्ष कर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। लोगों ने प्रशासन से उक्त गेट का नामकरण आंबेडकर द्वार ही करने की मांग की है। मांग करने वालों में रविन्द्र पासवान, मो इसरार ,युगेश राम,रमन राम, किशोर कुमार,मो शाहरुम अंसारी,मो अमीन अंसारी,मो केयामुद्दीन अंसारी, राकेश कुमार,उमेश राम, शिवपूजन राम, कमलेश राम, विजय राम,भीखर राम, गोविंद पासवान, अवधेश राम,टूनटून राम,मो नसीम अंसारी, महावीर राम,राजू, सद्दाम खान, आफताब आलम सहित कई लोग शामिल हैं।

## थाना प्रभारी ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**ब्रेथ एनालाइजर से जांच में दो चालक नशे में पाए गए**



नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने मंगलवार की देर रात वाहन चेकिंग अभियान चलाया। मुख्य गेट के सामने सघन वाहन जांच अभियान के दौरान दोनों तरफ से आने जाने वाले दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहनों की गहनता से जांच की। थाना प्रभारी ब्रेथ एनालाइजर वाहन चालकों की जांच की। जांच अभियान के दौरान दो वाहन चालकों को शराब के नशे में गाड़ी चलाते पकड़ा। इनमें एक ट्रैक्टर, एक बाइक चालक शामिल था। दोनों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ थाना परिसर में रखा गया है। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे में धुत होकर वाहन चलाने वालों पर लगाम कसना और आम जनता में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना है। कुछ संदिग्ध चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई, लेकिन अधिकांश वाहन चालक नियमों का पालन करते पाए गए, जो एक सकारात्मक संकेत है।

## एक नजर

### शोकाकुल परिजन से मिले कंडा मुखिया, संवेदना व्यक्त की

**नावा बाजार।** प्रखंड क्षेत्र के कंडा पंचायत स्थित वार्ड 5 सदस्य चंदन पासवान के पिता का बीते का पिछले दिनों निधन होने के बाद कंडा पंचायत के मुखिया नरेंद्र सिंह ने बुधवार को उनके आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। मुखिया ने शोकाकुल परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर शोकाकुल परिवार प्रदीप पासवान, मुखिया प्रतिनिधि अमरेश सिंह, मदन राम ,विजय सिंह, वार्ड सदस्य संतोष सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### जेआरपी ने जॉब का उपलब्धता का दिया ऑफर

**मोहम्मदगंज।**जेएसएलपीएस के जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत दूसरे राज्य में जॉब के लिए शिक्षित बेरोजगार युवाओं को ऑफर दिया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि लड़का केटेगरी में 18 से 35 वर्ष उम्र सीमा के बेरोजगार के लिए हरियाणा में मोबाइल स्क्रीन और एलईडी टीवी स्क्रीन का काम उपलब्ध है। इसमें ड्यूटी का समय 12 घंटा, पेमेंट 19100 के अलावा एक टाइम खाना फ्री मिलेगा। ठहरे का रुम कंपनी उपलब्ध करा सकती है। लेकिन इसका किराया कैंडिडेट को देना पड़ेगा। दूसरे काम में एसी का पाट्र्स बनता है। जहां ड्यूटी 8 घंटा, पेमेंट 13000 और एक टाइम खाना फ्री कंपनी देगी। रुम भी उपलब्ध कराएगी। लेकिन रूम का किराया अदा करना पड़ेगा। ड्यूटी का स्थान हरियाणा है। तीसरा जॉब लड़की कैंडिडेट के लिए उपलब्ध है। इसमें भी उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित किया गया है। कैंडिडेट को सिलाई की नौकरी तमिलनाडु में मिलेगी। इसमें खाने और रहन की व्यवस्था कंपनी की ओर से होगी। इसमें पेमेंट 9500 निर्धारित किया गया है। उन्होंने इसके इच्छुक कैंडिडेट को उनसे उनके मोबाइल नंबर पर 997364 3701 पर संपर्क करने की बात कही है।

### पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में हुई शादी की रस्म अदायगी

**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल ऐतिहासिक भीमचूल्हा में बुधवार को इस लग्न में पहली शादी की रस्म अदायगी पूरी की गई। रस्म अदायगी पंडित गंगा तिवारी ने पूरी कराया। उन्होंने बताया कि वैवाहिक लग्न में इस स्थल पर शादी की पहली रस्म अदायगी तीसीबार (पांडू) वर और सिंघना (हैदरनगर) वधु के संग विधिवत रूप से पूरी कराया गया। गाजे-बाजे और मंत्रोच्चारण के बीच दोनों पक्ष के लोगों में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।

## सीओ ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सीओ पंकज कुमार का अवैध उत्खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।अंचल अधिकारी ने बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ कर हुसैनाबाद थाना को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार अंचल पदाधिकारी अपने सहयोगियों के साथ हुसैनाबाद के सोन नदी किनारे बड़ेपुर, बुधुआ, बराही बालू घाटों पर छापेमारी की। वहां पर एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। मौके से दो ट्रैक्टर बालू गिराते हुए भागने में सफल रहे। बालू गिराने और भागने के क्रम में एक ट्रैक्टर का सीओ ने फोटो खिंच लिया हैं। जिसमें वाहन का नंबर आ गया है। सीओ ने कहा कि जब्त ट्रैक्टर के अलावा दूसरा ट्रैक्टर जो भागने में सफल हो गया,उसके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा किसी भी हाल में अवैध उत्खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीओ ने बताया कि इस मामले को अग्रेतर कार्रवाई के लिये विभाग को सूचना दी गई है। मालूम हो कि हुसैनाबाद क्षेत्र के सोन नदी में बालू की भरमार होने के बाद भी लोग सरकार के गलत नीतियों के कारण इसका लाभ नही ले पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में जिस नदी का नाम बालू उठाव के लिए नामित है। उस नदी में बालू ही उपलब्ध नही है। जिसके कारण क्षेत्र की जनता अधिक मूल्य पर बालू खरीदने को विवश है। सरकार अगर शीघ्र बालू को लेकर निर्णय नहीं लेती है, तो फिर एनजीटी का रोक लग जायेगा। इससे हुसैनाबाद क्षेत्र का विकास कार्य पूरी तरह अवरुद्ध हो जाएगा। फिलहाल लोग बिहार से बालू मंगाकर अपने अपने घरों का निर्माण कार्य करा रहे हैं।

## कस्तूरबा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम सह गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन के पूर्व कस्तूरबा गांधी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि सह सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून, प्रमुख प्रतिनिधि राजन सिंह, उपप्रमुख संतोष यादव, पूर्व मुखिया राजेन्द्र यादव, वार्डन चंदू कुमारी, श्यामता सिंह ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। मौके पर बच्चों को स्काउट गाइड प्रशिक्षण के तहत प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। नए सेशन में गए छात्राओं को गर्मी के मद्देनजर समर किट भी प्रदान किये गए। मौके पर अरविंद ने कहा कि ग्रामीण इलाकों की छात्राओं में कुछ कर गुजरने का माद्दा है। यही कारण है कि विभिन्न क्षेत्रों में गांवों की लड़कियां बेहतर कर रही हैं। कस्तूरबा स्कूल के छात्राओं का परफॉर्मेंस बड़े स्कूलों से बेहतर है। कार्यक्रम का सन्चालन विद्यालय की शिक्षिका प्रतिभा कुमारी ने किया। मौके पर वार्डन चंदू कुमारी, अनूप कुमार सिन्हा,श्यामता सिंह, शेशांक मिश्रा, जनेश्वर गुप्ता, प्रतिभा कुमारी, मुदित टरेसा बारला, रीना कुमारी, गौरी तिवारी, सुनीता कुमारी, संमिता कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सहित विद्यालय के छात्राए उपस्थित थे।

## बीडीसी की बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीडीसी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने की। संचालन बीडीओ सुनील कुमार वर्मा ने किया। बैठक में स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव मौजूद थे। प्रखंड में चल रहे विकास कार्यो की अद्यतन जानकारी ली।अनुपस्थित कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर सख्त कारवाई की जाएगी। काम करेंगे तभी पद रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन वाहन चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से आम लोगों को परेशान ना करें। उन्होंने कहा कि कार्रवाई जरूरी है, लेकिन जो दोषी हैं उनके खिलाफ ही कार्रवाई की जाए। अनावश्यक रूप परेशान करने वाले अधिकारियों व कर्मियों को चिन्हित कर अग्रेतर कारवाई के लिए उच्चाधिकारियों को सूचित करने की बात कही। कई विभागों पर नाराजगी जताते हुए प्रखंड प्रमुख ने कहा कि किसानों का, ऋण, मनरेगा भुगतान, जाती, जन्म-मृत्यु व जनवितरण से जुड़ी समस्याएं सामने आ रही है। निर्देश के बावजूद भी लगातार शिकायत मिल रही है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को समस्या निराकरण के लिए अविलंब कार्य करने की बात कही। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता,पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान,उप प्रमुख इंदु देवी, मुखिया श्रवण राम, सरिता कुमारी, पंसस अजित कुमार सिंह, प्रदीप पासवान, स्वास्थ्य बीपीएम विभूति गुप्ता, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन, मनरेगा बीपीओ चंद्रशेखर दुबे समेत कई विभाग के कर्मी व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### पंडवा में जल जीवन मिशन की असफलता से ग्रामीणों में आक्रोश



**पंडवा।** प्रखंड के ग्राम चिल्हि निवासी वृक्ष राम ने जल जीवन मिशन के तहत स्थापित जलमीनार की असफलता पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि पिछले कई वर्षों से जलमीनार से एक भी बूंद जल नहीं प्राप्त हुआ है। वृक्ष राम ने बताया कि कई बार अधिकारी गांव में आकर भरोसा दिलाते हैं कि जलमीनार से जल्द ही स्वच्छ पानी मिलेगा, लेकिन बाद में वे चले जाते हैं और कोई समाधान नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि भूमिगत जल का स्तर लगातार गिरता जा रहा है, जिससे पानी की समस्या और भी गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जल का वितरण समय पर शुरू नहीं हो सका, जिससे जल संकट की स्थिति और विकराल होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल उपलब्धि में कोई बदलाव नहीं आता है, तो वे अधिकारियों के पास जाकर अपनी समस्याएं उठाएंगे। यह स्थिति जल संकट की गंभीरता को और बढ़ाती है और इसके समाधान के लिए अधिकारियों को जल्द कदम उठाने की आवश्यकता है।

### नपं ने होटलों में चलाया साफ-सफाई अभियान, दुकानदारों पर लगा जुर्माना



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत प्रशासन ने बुधवार को होटलों में साफ-सफाई स्वच्छता से संबंधित विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जांच अभियान में सभी होटलों में गंदगी के साथ खाने पीने का सामान तैयार किया जा रहा था, जिसको लेकर सख्त चेतावनी देते हुए सभी के ऊपर जुमार्ना भी लगाया गया। सभी होटल संचालकों द्वारा खुले में बिना ढके धूल मिट्टी, मक्खी के द्वारा प्रदूषित खाद्य सामग्री को बेचा जा रहा था। इसे लेकर सभी होटल संचालकों को बताया गया कि इस तरह की जांच लगातार जारी रहेगी और भविष्य में ऐसी गलती पाए जाने पर इनका पूरा सामान जब्त किया जा सकता है। विशेष अभियान में प्रशासक तर्निश कुमार हंस, सिटी मिशन मैनेजर राकेश कुमार सिंह,चिकित्सा पदाधिकारी देशराज गहलोत, विधि सहायक विक्रम, राजस्व निरीक्षक शिव शंकर उरांव के साथ सुपरवाइजर संजीत रवि, विकास, मंटू आदि शामिल थे। इस अभियान में हुसैनाबाद थाना की एक पुलिस टीम भी शामिल रही। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि होटल संचालक खुले में सामग्री रखकर सामान बेंचते हैं,जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। ऐसे में दुकानदारों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ऐसा नहीं करने पर जुमार्ना के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ 21 को, एसडीओ को सौंपेंगे ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध लोगों की बैठक हैदरनगर स्थिक निकाह भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता मन्नान खान ने की। संचालन जुबैर अहमद ने किया। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा वक्फ कानून में संशोधन का विरोध किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 अप्रैल को अनुमंडल क्षेत्र के मुस्लिम समाज के लोग हुसैनाबाद के लंबी गली स्थित इमली पेड़ के समीप जमा होंगे। वहां से एक मौन जुलूस निकाला जाएगा, जो शहर के चौक बाजार होते अनुमंडल कार्यालय तक जाएगा। अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर एक शिष्टमंडल ज्ञापन सौंपेगा। इसके बाद सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से अपने अपने गांव लौट जाएंगे। जुलूस को लेकर 11 लोगों की एक टीम बनाई गई है। जुलूस में शामिल लोगों का नेतृत्व करने व उन्हें दिशा निर्देश देने का काम टीम में शामिल संरक्षक करेंगे। इससे पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद को सूचना पत्र देने का भी निर्णय लिया गया। सूचना पत्र देने की जवाबदेही भी संरक्षक टीम के लोगों को सौंपी गई है। उपस्थित लोगों ने कहा कि वक्फ की संपत्ति अल्लाह की राह में दान की गई संपत्ति है। इसे किसी कीमत पर दूसरे कार्यों में नहीं लगाया जा सकता है। वक्फ को लेकर इस्लाम में जो व्यवस्था है, उसमें किसी तरह का बदलाव बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वक्फ संशोधन कानून को रद्द कराने को लेकर सभी मुसलमान संवैधानिक व लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक यह काला कानून वापस नहीं होता है, तब तक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन जारी रहेगा। संरक्षक टीम में एजाज हुसैन, अबू नसर सिद्दीकी, शेर अली,मसरूर अहमद, तकी सैयद हुसैन रिजवी, अब्बास अंसारी, सज्जू खान, नवाजिश खान, मतीन खान के अलावा अन्य लोगों को चुना गया है। जुलूस में आने वाले लोग अपने अपने हाथ में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ तख्ती रखेंगे। निर्णय लिया गया कि जुलूस पूरी तरह मौन और संयमित निकाला जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि स्थानीय विधायक समेत इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों को जुलूस में साथ रहने के लिए आमंत्रित भी किया जाएगा। बैठक में सैयद शमीम हैदर, अशरफ हसन, पंचम खान, नदीम खान, खलील अंसारी, इजहार अंसारी, शकील अहमद, फिरोज अहमद, परवेज मंसूरी के अलावा कई लोग शामिल थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 12 आवेदनों में 11 का ऑन स्पॉट निपटारा




नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के नावाबाजार थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी, अंचल निरीक्षक रामाशीष पासवान, नावाबाजार थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरव कुमार चौबे, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरव, नौगढ़ा ओपी प्रभारी अनिल यादव आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा शुरू किया गया यह जागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए ज्यादा लाभकारी है। क्षेत्र के छोटे-छोटे विवादों का त्वरित निष्पादन इस कार्यक्रम के माध्यम से हो जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए। उनमें 11 आवेदन जमीनी विवाद का था, जिसे ऑन द स्पॉट निपटारा भी किया गया। साथ ही 1 आवेदन पैसा लेन देन के विवाद से जुड़ा था। दूसरे पक्ष को नहीं पहुंचने के कारण ऑन स्पॉट समाधान नहीं किया जा सका। अंचल निरीक्षक रामाशीष पासवान ने कार्यक्रम में शामिल स्थानीय लोगों को नए कानूनों के बारे में बताया। मौके उंटारी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वीकृति

### राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

# जल सहियाओं ने बच्चों को बताया हाथ धुलाई का तरीका व लाभ



नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत भजनियां पंचायत की जल सहिया शकुंतला देवी ने गांव, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को हाथ धोने की सही विधि और इसके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक किया। ब्लॉक वाश कोऑर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि शकुंतला देवी ने पोषण पखवाड़ा के निर्धारित कार्यक्रम का पालन करते हुए विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों में स्वच्छता और पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने में सराहनीय कार्य किया है। पखवाड़े के दूसरे सप्ताह में उन्होंने रजवार टोला में महिलाओं के साथ बैठक कर स्वच्छता व पोषण पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने चापाकल के आसपास सफाई अभियान चलाया। बुधवार को उन्होंने राजकीयकृत मध्य विद्यालय में बच्चों को हाथ धोने की मान्य विधि सिखाई और उसके लाभ बताए। उन्होंने बताया कि नियमित और सही तरीके से हाथ धोने से डायरिया, दस्त, पेटदर्द, कुपोषण, कृमि संक्रमण, फ्लू, त्वचा संबंधी रोगों और आंखों की बीमारियों से बचाव संभव है। साबुन और बहते पानी से कम से कम 20 सेकंड तक हाथ धोना अत्यंत लाभकारी होता है। उनके अनुसार, उचित विधि से हाथ धोने पर दस्त के मामलों में 31% और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में 58% की कमी आती है। वहीं, सामान्य जनसंख्या में सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों में 21% तक कमी देखी गई है। उन्होंने कहा कि हाथों को गर्म पानी और जीवाणुरोधी साबुन से गोलाकार गति में कम से कम 30 सेकंड तक रगड़ना चाहिए और साफ या कागजी तौलिए से सुखाना चाहिए। शकुंतला देवी ने क्षेत्र की अन्य जल सहियाओं–रानीदेवा की पूनम देवी, अधौरा की शारदा देवी, शिलापर की किरण देवी, गजरही की मीना देवी, माली की मंजू देवी, पंचपोखरी की पूनम देवी, करडंडा की कविता देवी, पिपराबांध की किरण देवी, बटौवा की अनीता देवी तथा गंगापुर-लंकासुर की प्रतिमा देवी–के कार्यों की भी सराहना की, जो स्वच्छ पेयजल, पौष्टिक आहार और स्वच्छता के लिए जनजागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

## हजरत अंजान शहीद दाता का सलाना उर्स मनाया गया



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** नगर पंचायत के खाटीन में हजरत अंजान शहीद दाता का मंगलवार की रात सलाना उर्स मनाया गया।आयोजक सुन्नी यादे हुसैन कमेटी के सदर खालिद रजा, सेक्रेटरी मुस्तकीम अब्बासी ने संजुक्त रूप से बताया कि हजरत अंजान शाहीद दाता का कई वर्षों से 15 अप्रैल को सालाना उर्स मनाया जाता है, जिसमें सुबह में कमेटी चादर पोशी के लिए पूरे शहर में भ्रमण किया। इसके बाद चादर चढ़ाया गया। रात में नात और तकरीर का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के कई हिस्सों से शायर और मौलाना पहुंचे। भारत के जाने-माने मौलाना नुमान अख्तर फैकुलजामालि, शायर शम्स तबरेज गिरिडीह,नौशाद अम्बर,अल्हाज कारी मनव्वर नूरी,मौलाना जुनैद मिस्वाही, जमा मस्जिद इमाम हाफिज आफताब आलम ने उर्स में उपस्थित होकर अपने आवाज में नाता पढ़ा। मौलाना नुमान अख्तर फैकुलजामालि ने कहा कि हुजूर मुस्तफा ने कहा था कि दुनिया में सभी लोग एक होकर रहो किसी को तकलीफ नहीं पहुंचे। पड़ोस के घर पर दुःख के घड़ी में पहुंच कर मदद करनी चाहिए। मौके पर हाफिज इरफान अंसारी,आजाद अंसारी, कारी खुर्शीद अंसारी, जिब्राइल अंसारी ,हाफिज तौहीद आलम ने नात पढ़ा।

### झामुमो केंद्रीय समिति में शामिल

**छतरपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वें केन्द्रीय अधिवेशन में पलामू जिला के छतरपुर प्रखंड के चंदन प्रकाश सिन्हा को दूसरी बार फिर से केन्द्रीय समिति सदस्य बनाए जाने पर छतरपुर प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर स्वागत करने के साथ बधाई दिया। प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम ने कहा कि चन्दन प्रकाश सिन्हा को केंद्रीय समिति सदस्य बनाने से कार्यकर्ता व जनता को बहुत ही लाभ मिलेगा। सरकारी योजनाओं तक पहुंच आसान होगी। चन्दन सिन्हा धरातल पर उतरकर काम करने वाले नेता हैं। बधाई देने वाले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव सनी कुमार, मदन कुमार यादव, शिवनाथ सुरीला, रंजीत कुमार, सोनू भुइयां शामिल थे।

# शाहपुर पुल पांच घंटे तक जाम, पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

## पुल पर खराब वाहनों व अव्यवस्थित यातायात के कारण स्कूली बच्चों और यात्रियों को भारी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बुधवार को मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में कोयल नदी पुल पर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सुबह 8:00 बजे से शुरू हुआ यह जाम धीरे-धीरे इतना विकराल रूप ले लिया कि सादिक चौक से लेकर शाहपुर पुल तक का पूरा मार्ग घंटों तक ठप पड़ गया। यातायात की इस जटिल स्थिति को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस को पूरे दिन कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

कोयल नदी पर स्थित यह पुल मेदिनीनगर शहर को चैनपुर, गढ़वा, शाहपुर, रामगढ़ समेत आसपास के सैकड़ों गांवों से जोड़ता है। यह मार्ग न सिर्फ आम नागरिकों, बल्कि स्कूली बच्चों, मरीजों और व्यापारियों के लिए भी मुख्य आवागमन का रास्ता है। इस पुल पर जाम लगना अब आम बात हो गई है, लेकिन बुधवार को स्थिति कुछ ज्यादा ही गंभीर रही। जानकारी के अनुसार, सुबह से ही ट्रैफिक की रफ्तार धीमी थी। अचानक एक भारी वाहन पुल के मध्य में खराब हो गया। इसके कुछ ही समय बाद दो अन्य छोटे वाहन भी तकनीकी खराबी के कारण रास्ते में फंस गए। इन तीनों वाहनों के खराब हो जाने के कारण संकरी सड़क पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई। धीरे-धीरे वाहनों की लंबी कतारें लगने लगीं और देखते ही देखते जाम का दायरा बढ़ता चला गया।





जाम के कारण स्कूली बसें और ऑटो जहां-तहां फंसे रहे। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल यूनिफॉर्म में घंटों धूप में खड़े रहे। कई अभिभावक खुद अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूलों तक नहीं पहुंच पाए। राहगीर और यात्री, खासकर जो बस या टैक्सी से यात्रा कर रहे थे, उन्हें गंतव्य तक पहुंचने में घंटों की देरी हुई। कुछ यात्री तो मजबूरी में वाहन से उतरकर पैदल ही कोयल पुल पार करते नजर आए। जाम से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय ट्रैफिक पुलिस ने प्रयास तो किए, लेकिन संसाधनों की कमी और भारी वाहनों के बीच संकरी जगह के कारण काम करना आसान नहीं था। पुल पर एक भी लेन पूरी तरह खाली नहीं थी, जिससे वैकल्पिक मार्ग बनाना मुश्किल हो गया। ट्रैफिक प्रभारी के अनुसार, बार-बार वाहनों का खराब हो जाना एक बड़ी समस्या है। चालक बिना जांच किए वाहन लेकर निकलते हैं, जो जाम का बड़ा कारण बनते हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कोयल पुल पर पहले भी इस तरह की जाम की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। न तो पुल की मरम्मत की गई है, न ही यातायात को सुगम बनाने के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता बनाया गया है। कई वाहन चालक भी यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं, जिससे समस्या और भी बढ़ जाती है। दोपहर करीब 1 बजे के आसपास ट्रैफिक पुलिस की अतिरिक्त टीम को मौके पर बुलाया गया और खराब वाहनों को हटाने का काम शुरू हुआ। इसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका। लेकिन तब तक पांच घंटे से अधिक का समय बीत चुका था और आमजन को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

जिला प्रशासन को इस दिशा में अब स्थायी समाधान की ओर ध्यान देना होगा। कोयल पुल की वर्तमान हालत, नियमित जाम और बढ़ते वाहन भार को देखते हुए या तो इस मार्ग को चौड़ा किया जाए या कोई वैकल्पिक पुल का निर्माण कराया जाए। साथ ही, ट्रैफिक व्यवस्था को सशक्त करने और समय-समय पर वाहनों की फिटनेस जांच सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता है। स्थानीय निवासी अब्दुल कय्यूम ने बताया कि वह हर रोज इस पुल से होकर काम पर जाते हैं, लेकिन जाम के कारण प्रतिदिन देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस मेहनत करती है, पर जब तक ठोस उपाय नहीं होंगे, यह समस्या बनी रहेगी। पांच घंटे के इस जाम ने एक बार फिर शहर की कमजोर ट्रैफिक व्यवस्था और अधूरी योजना को उजागर कर दिया है। यह घटना सिर्फ प्रशासन के लिए नहीं, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक चेतावनी है कि ट्रैफिक नियमों का पालन और सिस्टम की मजबूती दोनों मिलकर ही इस संकट से निजात दिला सकते हैं।

## ईडी को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही भाजपा : बिट्टू

**● कांग्रेस कार्यक्रमों की सफलता से घबराई मोदी सरकार - नेशनल हेराल्ड मामले को बेवजह दिया जा रहा तूल**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस नेता बिट्टू ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया है कि वह ईडी को चुनावी हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि जब-जब चुनाव आते हैं, भाजपा डर कर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करती है। बिट्टू ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस के कार्यक्रमों की सफलता से घबराकर भाजपा एक बार फिर ईडी को आगे कर रही है। 'गुजरात उनके हाथ से खिसकता देख मोदी सरकार बौखला गई है। नेशनल हेराल्ड मामले को झूठ की बुनियाद पर खड़ा किया गया है और इसे बेवजह तूल दिया जा रहा है,' उन्होंने कहा। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को निशाना बनाना भाजपा के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा है। इसके पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और 5500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की गई थी, लेकिन उसका क्या परिणाम हुआ, यह सबके सामने है। बिट्टू ने कहा कि महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम में कांग्रेस द्वारा आयोजित सम्मेलन की सफलता के बाद भाजपा फिर से राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है और ऐसे हथकंडों का करारा जवाब देगी।

## हेमन्त सोरेन ने झारखंड आंदोलनकारियों के साथ किया क्रूर मजाक : संघर्ष मोर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के मुख्यमंत्री एवं नव-नियुक्त झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन के बयान पर झारखंड आंदोलनकारियों में गहरा आक्रोश है। अपने पहले संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड आंदोलनकारियों की मृत्यु के बाद उन्हें एक लाख रुपये की सहायता राशि देगी। इस पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री के बयान को 'क्रूर मजाक' करार दिया और कहा कि यह उन्हीं आंदोलनकारियों का अपमान है जिनकी कुर्बानी से झारखंड राज्य की स्थापना हुई। वे अपने पिता गुरूजी शिबू सोरेन की विरासत को संभालने के बावजूद आंदोलनकारियों के प्रति असंवेदनशील रवैया अपना रहे हैं।' संघर्ष मोर्चा ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना जैसे नवगठित राज्यों में आंदोलनकारियों को पेंशन और सम्मान मिल रहा है, जबकि झारखंड में आंदोलनकारियों को अब तक केवल वादे और आश्वासन ही मिले हैं।

संघर्ष मोर्चा ने सरकार से मांग की है कि झारखंड आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता सेनानियों की तरह पूरा संवैधानिक अधिकार दिया जाए। उनका कहना है कि जिस तरह आंदोलन कर राज्य बनाया गया, उसी तरह अब अधिकार लेकर रहेंगे।

## सघन जांच अभियान में 17 वाहन जब्त 23,620 रुपये का चालान वसूला गया

**■ नो एंट्री, शराब सेवन व बिना लाइसेंस पर की गई कार्रवाई**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदिक चौक के पास मंगलवार को परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई।

जांच में सामने आया कि कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और बगैर लाइसेंस के वाहन चला रहे थे। कार्रवाई के तहत कुल 13 दोपहिया वाहन जब्त किए गए। इसके अलावा रात्रि में तीन बाइक चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। ब्रेथ एनालाइजर से जांच में उनके शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। सभी जब्त वाहनों को सुरक्षार्थ शहर थाना परिसर में रखा गया है और चालान की प्रक्रिया के लिए उन्हें जिला परिवहन कार्यालय, पलामू भेजा गया।

16 अप्रैल 2025 को परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुल 14 दोपहिया वाहनों पर ₹17,320 का जुमार्ना लगाया गया। वहीं, नो-एंट्री में प्रवेश करने पर एक ट्रक पर ₹5,150 और एक ई-रिक्शा पर ₹1,150 का चालान किया गया। इस प्रकार कुल ₹23,620 का चालान वसूला गया। प्रशासन ने कहा है कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कोयल नदी पुल पर बने गड्ढे बन सकते हैं हादसे की वजह, प्रशासन बेपरवाह



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कोयल नदी पर स्थित पुल की हालत दिन-ब-दिन जर्जर होती जा रही है। वर्षों पुराने इस पुल की मरम्मत समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा कराई जाती रही है, लेकिन इसके बावजूद पुल पर कई जगह गड्ढे उभर आए हैं, जो हादसों को आमंत्रित कर रहे हैं। सादिक चौक से शाहपुर की ओर जाने वाले मार्ग में जैसे ही पुल की शुरूआत होती है, वहां बड़ा गड्ढा नजर आता है। यह गड्ढा न सिर्फ दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है, बल्कि भारी वाहनों की आवाजाही में भी रुकावट पैदा करता है। बारिश के मौसम में यह गड्ढा पानी से भर जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा केवल दिखावे की मरम्मत कराई जाती है, जिससे कुछ ही दिनों में सड़क फिर से खराब हो जाती है। बार-बार शिकायत के बाद भी स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पुल की संपूर्ण मरम्मत जल्द कराई जाए, विशेषकर उन स्थानों की जहां गड्ढे ज्यादा गहरे हो चुके हैं। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाया गया, तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

## जिला पोषण समिति की बैठक, उपायुक्त ने दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पोषण समिति की बैठक में 8 से 22 अप्रैल तक चल रहे पोषण पखवाड़ा के थीम पर विभिन्न विभागों के कार्य दायित्व की क्रमवार जानकारी ली गई। साथ ही आवश्यक निर्देश दिए गए। इसमें जीवन के पहले 1000 दिवस के महत्व पर स्वास्थ विभाग व समाज कल्याण विभाग की भूमिका, गर्भवती धात्री की देखभाल के लिए समुदाय की जागरूकता व जेएसएलपीएस के अंतर्गत एसएचजी की भूमिका, स्वच्छता, साफ-सफाई को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल विभाग को दिया गया। गर्भवती व किशोरियों में एनीमिया, माताओं की देखभाल व पोषण में पुरुषों की सहभागिता में पंचायती राज की भूमिका और स्थानीय खाद्य सामग्री मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ाने के लिए एग्रीकल्चर एवं फॉर्मर वेलफेयर विभाग को निर्देश दिए गए। पोषण ट्रैकर ऐप में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने हेतु जनजागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया। समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापा को नियंत्रण करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने में स्क्रीन टाइम कम करने का आदेश दिया गया। आउटडोर प्ले को बढ़ावा देने, जंक-फास्टफूड के उपयोग को कम करने में स्वास्थ विभाग, सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग को व्यापक जागरूकता चलाने का निर्देश दिया गया। पोषण समिति की बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, डीएफओ उत्तरी राहुल मीणा, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, जिला कृषि पदाधिकारी निखत प्रवीण, सिविल सर्जन दिनेश प्रसाद, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, अभियंता पेयजल व स्वच्छता विभाग आदि उपस्थित थे।

### उड़सुगी में शोकाकुल परिजन से मिले विधायक

**गढ़वा।** सदर थानांतर्गत उड़सुगी गांव में चार बच्चों की मौत के बाद से गहरे सदमे में है। सभी बच्चों के शवों की अंत्येष्टी मंगलवार को ही पोस्टमार्टम के बाद कर दिया गया। बुधवार को विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी गांव पहुंच कर मृतक बच्चों के परिजनों से मुलाकात का सांत्वना दिया। साथ ही परिजनों को आर्थिक मदद की। मालूम हो कि मंगलवार को सदर प्रखंड के उड़सुगी गांव के एक ही परिवार के दो सगे भाई समेत चार बच्चों की मौत पानी भरे गड्ढे में डूबने से हो गई थी। उक्त सूचना पर बुधवार को विधायक सत्येंद्रनाथ पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे। विधायक ने पीड़ित परिजनों को इस दुःख की घड़ी में ढांढस बंधाया। उन्होंने जिला केअधिकारियों से बात कर पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से दिए जानेवाले मुआवजा की दिशा में कार्रवाई करने को कहा। उस दौरान विधायक ने अपनी ओर से भी परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की। मौके पर भाजपा नेता मंगलमूर्ति तिवारी, विवेकानंद तिवारी, पूर्व मुखिया अखिलेश उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आए 22 मामले

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीओ सन्नी राज व एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र के अंचल व थाना के लिए आयोजित की गयी। इसमें भूमि विवाद, घरेलू विवाद, पारिवारिक विवाद से संबंधित 22 मामले आये। भूमि विवाद मामले को अंचल अधिकारी को अग्रसित कर जल्द समाधान करने को कहा गया। घरेलू व पारिवारिक मामले का थाना प्रभारी को जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में आपसी विवाद, जमीन संबंधी विवाद सहित अन्य विवादों के मामले को समाधान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में एसडीपीओ ने कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम में घरेलू हिंसा, महिला उत्पीडन, भूमि संबंधित मामले को सुलझाया जाएगा। साथ ही पीड़िता को न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशाखोरी पर चिंता जताते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने युवाओं को नशा से दूर रहने की सलाह दी। मौके पर प्रमुख रोहन साव, पत्थलगड़ा सीओ उदल राम, कुंदा, लावालौंग, गिद्धौर सीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

### वन विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**चतरा।** वन विभाग और पुलिस ने बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ संयुक्त छापेमारी कर कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत राजगढ़ घाट (तुलबुल पंचायत) से अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त किया है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई कोडरमा और चतरा के डीएफओ के निर्देश पर की गई। चौपारण रेंज की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर राजपुर व इटखोरी थाने के सहयोग से यह बड़ी कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार घाट से प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टरों द्वारा अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा थी। सूचना के आलोक में कार्रवाई करते हुए टीम ने मुकेश प्रजापति, पिता स्व. प्रीतम प्रजापति, ग्राम चिल्हिया, सीता यादव, पिता स्व. विष्णी यादव व नंदू यादव, पिता स्व. धनेश्वर यादव दोनों निवासी तुलबुल के ट्रैक्टर का जब्त किया। तीनों ट्रैक्टरों को चौपारण रेंज कार्यालय लाकर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में संलिप्त माफियाओं में हड़कंप व्याप्त है। छापेमारी टीम में वन विभाग के कुलदीप कुमार, जैनेंद्र कुमार, छत्रपति शिवाजी के अलावा स्थानीय पुलिस कर्मी शामिल थे।

## परिषद ने जेएस कॉलेज के नए प्राचार्य से की मुलाकात, दी शुभकामनाएं



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) पलामू जिला के मेदिनीनगर इकाई द्वारा बुधवार को जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के नव नियुक्त प्रभारी प्राचार्य प्रो. ए.के. वैद्य से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। परिषद के कार्यकताओं ने प्राचार्य को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और महाविद्यालय से संबंधित कई मुद्दों को उनके समक्ष रखा।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि प्रो. वैद्य अपने कार्यकाल में कॉलेज की समस्याओं का शीघ्र समाधान करेंगे और विश्वविद्यालय में अपने पूर्व कार्यकाल की भांति यहां भी उत्कृष्ट कार्य करेंगे। परिषद ने कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण, आधारभूत संरचना और छात्रों की सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया।

मुलाकात के दौरान एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा, प्रदेश कल्याण छात्रावास प्रमुख रामाशंकर पासवान, जिला संयोजक नितीश दुबे, जीएलए कॉलेज अध्यक्ष किसलय दुबे, कॉलेज मंत्री रितेश पांडे, रजत सिंह, राहुल कुमार चेरो, उज्ज्वल सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मार्शल आर्ट्स एडवांस ट्रेनिंग कैंप में दिखा कराटेकारों का उत्साह

**● संत मरियम विद्यालय की चारों शाखाओं के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, आत्मरक्षा का मिला प्रशिक्षण**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय की कजरी शाखा में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स एडवांस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की चारों शाखाओं के कराटेकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण शिविर में मुख्य मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के साथ सेन्साई सिकंदर प्रजापति, नटवर पांडेय, आशुतोष कुमार, गोल्डी कुमारी और सेम्पाई अमित प्रजापति व मखारिया ने बच्चों को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया।

प्रशिक्षकों ने नाईंन चाक, डंडा, कटाना, शाई, थ्री स्टार नाईंन चाक, काता, ग्रुप फाइट, फ्लाइंग किक सहित अन्य तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान कराटेकारों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि विद्यार्थियों, खासकर छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण न केवल सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक है, बल्कि यह शरीर को स्वस्थ और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है।

विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 से 20 अप्रैल 2025 के तहत अग्निशमन सेवा पदाधिकारी विमल सोरेन और जन्मेजय कुमार सिंह द्वारा विद्यालय में आग पर नियंत्रण के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन वंदना सभा में किया गया। इसमें विमल सोरेन और जन्मेजय कुमार सिंह द्वारा लकड़ी पुवाल द्वारा लगे आग, लिक्विड में पेट्रोल, केरोसिन, एलपीजी द्वारा लगे आग, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में लगे आग पर कैसे नियंत्रण किया जाये इसके विभिन्न तरीकों का प्रयोग भैया-बहनों के बीच किया गया। भैया बहनों के बीच आग लगने की स्थिति में प्राथमिक उपाय, अग्निशमन यंत्रों की सही उपयोग, उनका समय-समय पर जांच और रख रखाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। विद्यालय समिति के सदस्य संजीव कुमार सपरिवार उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि अग्निशमन सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को आगजनी की घटनाओं से बचाव के प्रति सजग एवं सतर्क बनाना है, ताकि जान माल के नुकसान को कम किया जा सके।

### रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान : मानवता के कल्याण का अनमोल उपहार : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने बुधवार को टाउन हॉल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से उपायुक्त समेत मंचासिन पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर की। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह मानव जाति के कल्याण के लिए सबसे बेहतरीन उपहार है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक योग्य व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान कर किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है, जो मानव जाति की सच्ची सेवा है। सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार को रक्तदान का स्टोरेज ठीक से करने के साथ भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा इस प्रकार का रक्तदान शिविर नियमित रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने रक्तदान दान करने की लोगों से अपील की। साथ ही उनका उत्साह वर्धन किया। मौके पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को जिले के नगर उंटारी अनुमंडल में अनुमंडल स्तरीय आयोजित मेगा रक्तदान शिविर के दौरान किये गये ब्लड डोनेशन के लिए ब्लड डोनर सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा के पदाधिकारियों द्वारा कहा गया कि रक्तदान के क्षेत्र में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा का राज्य भर में द्वितीय स्थान है। उन्होंने इसी प्रकार से मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन करते हुए राज्य भर में गढ़वा जिले को प्रथम स्थान दिलाने के लिए लोगों से रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा द्वारा रक्तदान करने के अतिरिक्त एंबुलेंस सेवा की व्यवस्थाएं भी कराई गई है। मौके पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा के चेयरमैन डॉक्टर एमपी गुप्ता, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सेक्रेटरी डॉ. जेपी सिंह, ट्रेजर बृजमोहन प्रसाद, संयुक्त सचिव नंदकुमार गुप्ता, डीआईजी वाईएस रमेश, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण, अंचल अधिकारी सफी आलम, मुख्य प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक, गढ़वा, डीपीएम जेएसएलपीएस आदि उपस्थित थें।

# राशन, पेंशन सुविधा नहीं मिलने से दंपति की दयनीय स्थिति



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के पतहरिया गांव में बुजुर्ग दंपति राशन और पेंशन के लिए दो सालों से भटक रहे हैं। उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। पेंशन और राशन के लिए दंपति प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। उन्होंने लिखित रूप से आवेदन भी दिया। उसके बाद भी उनकी आवेदन पर विचार नहीं किया गया। पेंशन और राशन बंद होने से दंपति दाने-दाने को मोहताज है। पतहरिया गांव निवासी 70 वर्षीय भुलाई बियार और 65 वर्षीया पत्नी मूर्ति देवी ने बुधवार को भी प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि पेंशन और राशन के लिए पदाधिकारी को आवेदन भी दिया। उसके बाद भी उनका पेंशन और राशन चालू नहीं हुआ। मूर्ति ने बताया कि पेंशन और राशन नहीं मिलने से खाने पर आफत आ गया है। बुजुर्ग दंपति का चार बेटे हैं, लेकिन कोई उन्हें खाने-पीने के लिए नहीं पूछता है, जिससे उनका जीवन काफी मुश्किल में हैं।

### वृद्ध की मौत पर भाजपा नेताओं ने शोक व्यक्त किया

**रमना।** हरादाग कला ग्राम निवासी 60 वर्षीय प्यारी चौधरी की मृत्यु सड़क दुर्घटना में मौत होने के बाद रमना भाजपा मंडल महामंत्री रविन्द्र चौधरी,रामधनी चौधरी, लल्लू साह, महेन्द्र चौधरी, शुकुल चौधरी मृतक के परिजनों के प्रति ढांढस बंधाया।

# मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री भंडारण व तस्करी की रोकथाम का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़ा।** समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मादक पदार्थों की तस्करी, खेती के रोकथाम तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय और सहयोग स्थापित करने के लिए निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने अफीम, गांजा की खेती को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। किसी प्रकार की सूचना पर शीघ्र ही कार्रवाई का निर्देश दिया गया। जिला ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिया गया कि बिना डॉक्टर की पर्ची के कफ सिरप, नशीली दवाओं की बिक्री न हो व समय-समय पर दवा दुकानों के स्टॉक की संपूर्ण जांच करें। पुलिस विभाग से समन्वय बनाते हुए आवश्यकता अनुसार विभिन्न स्थानों पर छापेमारी आदि करने का भी निर्देश दिया गया। जिले के सभी स्कूलों, कॉलेजों में नशा निरोधक जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी बिक्री आदि पर पुलिस विभाग द्वारा निगरानी रखी जा रही है। गढ़वा जिला में मादक पदार्थों की खेती की सूचना प्राप्त नहीं है एवं सूचना प्राप्त होने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत संबंधितों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा रवीश राज सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) यशोधरा, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार समेत कमिटी के अन्य सदस्यगण मौजूद थें।

# रंका में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** अनुमंडलीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन रंका थाना परिसर में बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडील पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, रंका अंचल अधिकारी शिव पूजन तिवारी, रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार, सहित रमकंडा, गोदरमाना थाना क्षेत्र से जुड़े सभी पुलिस अधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के जागरूकता अभियान में शामिल थे। कार्यक्रम में ज्यादातर मामले जमीन से संबंधित मामला सामने आया। कुछ घरेलू विवाद भी सामने आया। कई शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया गया। अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समय समय पर होने से लोगों में जागरूकता आती ही है। लोगो में अपने हक व अधिकार के प्रति सचेत रहने का अवसर भी मिलता है। जागरूकता अभियान कार्यक्रम का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले, इसके लिए पीएलवी अमरेन्द्र कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों को इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। पीएलवी मुनेश्वर कच्छप ने सराहनीय भूमिका निभाई। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में रंका से 13, चिनियां से छह , रमकंडा से छह, भंडरिया से छह, बड़गढ़ से एक मामले आए।

# दीदियों को सशक्त बनाने की दिशा में पलाश मार्ट एक सराहनीय पहल : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय परिसर में बुधवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा संचालित पलाश मार्ट का उद्घाटन उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय और उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि पलाश मार्ट के माध्यम से अब ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित उत्पादों को बाजार मिल रहा है, जो पहले बाजार तक नहीं पहुँच पाते थे। इससे जहाँ एक ओर आम नागरिकों को शुद्ध और घरेलू उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है। डीपीएम जेएसएलपीएस विमलेश कुमार शुक्ला ने जानकारी दी कि इस पहल से जुड़ने के बाद ग्रामीण महिलाओं की आजीविका में स्थायित्व आया है। साथ ही, उन्हें स्वरोजगार के नए अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। गौरतलब है कि यह झारखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उनके उत्पादों की बिक्री के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करना है। पलाश मार्ट में ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए दाल, तेल, साबुन, हर्बल गुलाल, मिष्ठान्न सहित अनेक स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित और बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इस योजना के माध्यम से महिलाओं के उत्पादों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। झारखंड सरकार ने स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के माध्यम से इस मार्ट की स्थापना की है, ताकि ग्रामीण परिवारों की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उद्घाटन कार्यक्रम में नवल जॉब एंड स्किल के जिला प्रबंधक नवल किशोर राजू, शेखर शत्यकेतु, मेराल बीपीएम गिरिजेश शर्मा, दीदी कैफे की दीदियाँ एवं अन्य गणमान्य अतिथि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# शिबू सोरेने को झामुमो का संरक्षक बनाए जाने पर हर्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता रोशन पाठक के आवास पर झामुमो प्रखंड कमेटी की आयोजित बैठक में पार्टी संरक्षक दिशम गुरु शिबू सोरेन को बनाए जाने पर लोगों ने बधाई दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी व्यक्त किया गया । और शुभकामनाएं प्रेषित किया गया । इसके अलावा गढ़वा जिला संगठन में सबसे ज्यादा 17 केंद्रीय समिति सदस्य बनाए जाने पर केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया। सभी नवनियुक्त केंद्रीय समिति सदस्यों को बधाई दी गई। 17 केंद्रीय समिति सदस्यों में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, अनंत प्रताप देव भवनाथपुर विधानसभा सदस्य, ताहिर अंसारी पूर्व केंद्रीय सदस्य, तनवीर आलम पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर, पूर्व जिला सचिव शंभू चंद्रवंशी, धीरज कुमार चौबे, सहित अन्य के नाम शामिल है। बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता रोशन पाठक, प्रखंड अध्यक्ष जैनुल अंसारी, कार्तिक पांडेय, पप्पू यादव, मुखिया प्रतिनिधि खरडीहा धर्मेंद्र दुबे, आफताब आलम, मुकेश तिवारी, संजय सिन्हा, लवली टोप्पो, विक्की पांडेय, हसीब अंसारी, धर्मेंद्र पाठक, राजू ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

### बीपीसीएल नाइट टूर्नामेंट 27 से

**मेराल।** प्रखंड के बौराहा गांव में 27अप्रैल से बीपीसीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन- टू का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बुधवार को दी। टूर्नामेंट में 32 टीम भाग लेगी। विजेता टीम को 71 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 41 हजार व ट्रॉफी दी जाएगी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के लिए 3500 रूपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। सभी प्रतिभागी टीम को 25 अप्रैल तक अपना निर्धारित शुल्क कमेटी में जमा करना अनिवार्य होगा। असरेश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले साल की तरह इस बार भी भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा, ताकि इस क्षेत्र के प्रतिभावान युवाओं को अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर मिले । बीपीसीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के करेंगे।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 26 आवेदन आए




**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय परिसर में बुधवार को गढ़वा पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्र के विभिन्न मामलों के 26 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकांश मामले जमीन विवाद को लेकर था। जिसे लेकर अंचल अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र से 5 आवेदन, खरौंधी थाना क्षेत्र से 2,रमना थाना से 3,बिशनपुरा थाना क्षेत्र से 2, धुरकी थाना से 8, भवनाथपुर थाना से 2,हरिहरपुर ओपी से 2 और केतार थाना से 2 आवेदन प्राप्त हुए।बंशीधर नगर के प्रभारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी यशोधरा ने बताया कि पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के निर्देशानुसार गढ़वा पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में अधिकतर आवेदन भूमि से संबंधित तथा अन्य मामलों से संबंधित आवेदन आये है। जिसे जांच के लिए थाना क्षेत्र के विभागीय पदाधिकारी और थाना प्रभारी को जांच कर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। इस कार्यक्रम में जमीन विवाद से संबंधित 18,पैसा लेन-देन संबंधित 2,बिजली केस से संबंधित 1,घरेलू लड़ाई-झगड़े से संबंधित 2,नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले 1, वेतन से संबंधित 1 तथा अन्य से संबंधित मामलों में 1 आवेदन प्राप्त हुए हैं।पुलिस जन शिकायत कार्यक्रम में पुलिस से संबंधित मामलों पर त्वरित कार्य किया जा रहा है तथा पुराने मामलों पर त्वरित कार्य करने का निर्देश दिया गया है। जमीन से संबंधित मामले जो आये है उस मामले को अंचल अधिकारी के पास भेजी जाएगी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की जनसुनवाई हो सके इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, अंचल अधिकारी विकास कुमार सिंह,पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह व भवनाथपुर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह,अंचल निरीक्षक ,थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक व महिला थाना प्रभारी रूक्मिणी कुमारी, धुरकी थाना के पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार राम, रमुना थाना के पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश महतो,बिशनपुरा थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह, भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन,केतार थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी, खरौंधी थाना के पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार महतो तथा हरिहरपुर ओपी प्रभारी सैफुल्लाह अंसारी कार्यालय के आरक्षी अमित कुमार,अनुज कुमार तथा कई लोग मौजूद थे।

### लापरवाही

# पीडीएस दुकानों का डीएसओ ने किया निरीक्षण

## 4.56 लाख से अधिक लाभुक अब तक नहीं करा सके हैं ई-केवाईसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) राम गोपाल पांडेय ने बुधवार को मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड की जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बरडीहा प्रखंड के डीलर राम नरेश यादव, अनिरुद्ध यादव तथा मझिआंव प्रखंड के विद्या महिला स्वयं सहायता समूह, नगर पंचायत क्षेत्र और दुर्गा स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित दुकानों की जांच की। इस दौरान डीएसओ ने सभी राशन कार्डधारियों का अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। इसके बाद जिन कार्डधारियों का ई-केवाईसी नहीं हुआ होगा, उनके संबंधित डीलरों का लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। जिले में वर्तमान में कुल 3,04,204 राशन कार्डधारी और 13,23,167 लाभुक सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक 2,65,343 कार्डधारियों एवं 8,66,402 सदस्यों ने ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। जबकि 38,861 कार्डधारी और 4,56,765 सदस्य अब तक इससे वंचित हैं। डीएसओ ने पीडीएस विक्रेताओं को निर्देश दिया कि सरकार की योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से धरातल पर उतारा जाए, ताकि पात्र लाभुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### चौकीदारों ने छह सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना

**गढ़वा।** झारखंड में चौकीदारी व्यवस्था बचाने के लिए झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा गढ़वा जिला कमेटी छह सूत्री मांगों को लेकर गढ़वा समाहरणालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीराम राजा राम ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पासवान ने किया। छह सूत्री मांग पत्र गढ़वा उपायुक्त को सौंपा गया। धरना प्रदर्शन में संतन कुमार पासवान, इंदल राम, पप्पू पासवान, उदय कुमार पासवान, बीरेंद्र तुरी, विनय राम, उदय पासवान, सुरेश पासवान , लक्ष्मण पासवान, संजय पासवान, उमेश भुइंया, कमेश तुरी सहित अन्य शामिल थे।


## झारखण्ड स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय: अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-प्रबन्ध निदेशक,
झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि०, 455/A,रोड नं०-5, अशोक नगर, राँची।
E-mail – md_jsfdc@yahoo.co.in / mdjsfdc@gmail.com Tollfree. No. – 1800-889-1131

**प्रेस विज्ञप्ति**

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार, राँची अंतर्गत झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, राँची द्वारा दिनांक 15.04.2025 से राँची, धालभूम, हजारीबाग, डालटनगंज, गढ़वा एवं गिरिडीह प्रमंडल अंतर्गत विभिन्न वनागारों में शवदाह हेतु निःशुल्क जलावन लकड़ी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

इस हेतु जरूरतमंदों को संबंधित माननीय सांसद, माननीय विधायक या मुखिया की अनुशंसा पर शवदाह हेतु निःशुल्क जलावन लकड़ी उपलब्ध कराया जाएगा।

शवदाह हेतु निःशुल्क जलावन लकड़ी के लिए माननीय सांसद, माननीय विधायक या मुखिया का अनुशंसा लाना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिये वन निगम मुख्यालय के निम्न पदाधिकारी/कर्मचारी से भी सम्पर्क कर सकते हैं :–

(1) उप निदेशक (विपणन), राँची, 8986653797
(2) उप निदेशक (मुख्यालय), राँची, 9431402051
(3) श्री प्रसून कुमार, FPI, राँची 9153989366
(4) TOLL FREE NO 18008891131

ह0/–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक,
झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, राँची।

PR.NO.350480 Jharkhand State Forest Development Corp Ltd(25-26):D

## कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा
विकास भवन–बी0 पुराना समाहरणालय परिसर, प्रथम तल

**अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0निविदा संख्या MDM/GARHWA/01/2024-25
1.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता – जिला शिक्षा अधीक्षक,गढ़वा।
2.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल न0 –9931862957
3.वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय –16.04.2025
4.वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि –30.04.2025
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –02.05.2025, 11:30 बजे पूर्वाहन

| क्र0 | योजना का नाम | अनुमण्डल | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | CONSTRUCTION OF 3 Nos. KITCHEN SHED AT MS DAUNADAG (RANKA), UPG +2 HS BAIRIYA & UPG +2 HS UDAYPUR (RAMKANDA) UNDER RANKA SUB DIVISION, DIST-GARHWA | Ranka | 1117745.00 | 22600.00 | 2500.00 | 4 Month |
| 2. | Cons. of 5 Nos. Kichen Room in M.S Sohbariya (Meral) Upg +2 HS Lawahikala (Dandai) Upg HS Soh (Garhwa) Upg P.S Kurkuta (Kandi) Upg +2 HS Bardiha (Bardiha) UNDER Garhwa SUB DIVISION, DIST-GARHWA | Garhwa | 1862908.00 | 37300.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 3. | Cons. of 5 Nos. Kichen Room in M.S Bajarmarwa (Kharaundhi) M.S Amrora (Kharaundhi) M.S Bishunpur, (Nagar Untari) M.S Kushdand (Nagar Untari) M.S Bishunpura (Bishunpura) UNDER Nagar Untari SUB DIVISION, DIST-GARHWA | Nagar untari | 1862908.00 | 37300.00 | 5000.00 | 6 Month |

नोट :–
- केवल ई0निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
- निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जिला शिक्षा अधीक्षक का खाता संख्या –1660104000008891, IFSC-IBKL001660 में केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार होगी। निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खात से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
- प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
- राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अघतन आदेश/परिपत्र लागू होगें।
- विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट – http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

DSE MDM/GARHWA/01/2024-25
जिला शिक्षा अधीक्षक
गढ़वा
PR 350481 (Human Resource Developement)25-26*D

# रेलवे ट्रैक पर मिली युवती की लाश मामले में एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टोरी-लोहरदगा-रांची रेल खंड पर देवनद के समीप रेलवे ट्रैक पर मिली युवती की लाश मामले में पुलिस ने युवती के दोस्त अनिप्प उरांव उर्फ अनुप उरांव पिता स्व जगेश्वर उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवक को उसके घर चतरो पूरना टोली से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि 13 अप्रैल को गेरुवागढ़ा निवासी राधिका कुमारी अपने भाई व बहन के साथ पास के ईको पार्क घूमने गई थी। इसके बाद दोनों भाई बहन को घर जाने को बोलकर वह दोनों वहां से 27 नंबर पुल तक गए। वहां से लौटने के बाद राधिका को लोहरदगा-रांची रेल लाइन के देवनद स्थित रेलवे पुल के पास छोड़कर वह चला गया।

उसने कहा कि इसके बाद राधिका रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंची और ट्रेन की चपेट में कैसे आई इसकी जानकारी उसे नहीं है।

गौरतलब है कि 13 अप्रैल को राधिका की लाश लोहरदगा-रांची रेल लाइन पर ट्रैक में मिली थी। पुलिस ने तकनीकी सेल की मदद से आरोपी तक पहुंच बनाई और उसे गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को आरोपी को लातेहार जेल भेज दिया गया।

# रिफिलिंग नहीं कराने वाले उज्जवला योजना के लाभुकों को 30 तक ई-केवाईसी कराने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कनेक्शन के संचालन के लिए एसओपी के तहत उज्ज्वला समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर अनिरबन गंगोपाध्याय ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के परिपत्र के अनुसार पीएमयूवाई कनेक्शनों से संबधित जानकारी दी। बताया कि लातेहार जिले में कुल 2135 लाभुक हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन लेने के बाद अभी तक रिफिल नहीं कराया है। लाभुकों को 30 अप्रैल तक गैस वितरक के यहां ई-केवाइसी कराना अनिवार्य है। ऐसे सभी लाभुकों को ऑयल मार्केटिंग कंपनी की ओर से नोटिस भेजे जायेंगे। ई केवाइसी नहीं कराने पर उनका गैस कनेक्शन रद्द कर दिया जायेगा। बैठक में उपायुक्त ने वर्तमान में उज्जवला कनेक्शनों की जानकारी लेते हुए नियमानुसार निष्पादन करने के लिए निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का उद्देश्य स्वच्छ इंधन के उपयोग को बढ़ावा देना है, ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले और महिलाओं के स्वास्थ्य की भी सुरक्षा की जा सके। उन्होंने नियमित रूप से जिला स्तरीय उज्ज्वला समिति की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किए गए अरविंद सिंह

**चंदवा।** प्रखंड उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा ने बुधवार को सामाजिक कार्यों में सहयोगात्मक व्यवहार के लिए ग्रीन फील्ड एकेडमी के डायरेक्टर अरविंद कुमार 3सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उप प्रमुख ने कहा कि समाज सेवा लोगों के बीच सकारात्मक प्रभाव डालता है। अरविंद सिंह का विभिन्न सामाजिक कार्यों में बड़ा योगदान रहता है। खासकर चंदवा में शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने में इनका बहुमूल्य योगदान है। मौके पर राजेश प्रसाद, युवा भारत के विनय कुमार रिक्की,अंकित कुमार,अक्षय यादव,विनीत कुमार,रविराज आदि मौजूद थे।

## छात्राओं को किया गया जल संरक्षण के प्रति जागरूक

**लातेहार।** झारखंड शिक्षा परियोजना व यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे जल पखवाड़ा 2025 के तहत मंगलवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा जल पखवाड़ा पर छात्राओं को जल जनित बीमारियों, पीने के पानी के सुरक्षित संचालन के बारे में बताया गया। विद्यालय में जल पखवाड़ा की गतिविधियों पर इको क्लब के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम तीन बार आयोजित किया जाएगा। जल पखवाड़ा 16 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा।

## आंबेडकर जयंती की हुई समीक्षा बैठक

**बारियातू।** प्रखंड स्थित बारिखाप जतराटांड में आंबेडकर जयंती के बाद एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता कैलाश राम ने की। बैठक मे उपस्थित दुलारचंद पासवान, सकीन्दर राम, राजू रामवृक्ष लोहरा, मनोज लोहरा, उमेश लोहरा,अरुण कुमार, भोला राम, सत्य प्रकाश, श्याम कुमार लोहरा सहित अन्य लोगों ने युग पुरुष भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती समारोह आयोजन में कमी, आमद खर्च पर सदस्यों के बीच चर्चा की गई। बाबा साहेब की जयंती मे बढ़ चढ़कर सहयोग करने वाले समाज सेवी शुभचिंतको को आंबेडकर जागरण मंच ने धन्यवाद दिया। समीक्षा बैठक में आने वाले समय में बेहतर कार्य करने की बात कही गई। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## जन शिकायत समाधान में 11 मामले आए




**बालूमाथ।** थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के चौथे चरण का आयोजन एसडीपीओ विनोद रवानी के नेतृत्व में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में एसडीपीओ के अलावा बालूमाथ अमरेंद्र कुमार,हेरहंझ कृष्ण पाल सिंह पवैया, बारियातू देवेंद्र कुमार थाना प्रभारी, बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार, बीडीओ सोमा उरांव, बारियातू अंचलाधिकारी नंदकुमार राम व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 9 आवेदन बालूमाथ थाना एक हेरहंज, एक बारियातू थाना से प्राप्त हुआ।अधिकांश मामले जमीन विवाद, पैसे की लेनदेन आदि जैसे मामले प्राप्त हुए। कुछ मामलों का त्वरित निष्पादन मौजूद पुलिस पदाधिकारियों द्वारा की गई। शेष मामलों का त्वरित निष्पादन के लिए बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने संबंधित पदाधिकारी व विभाग को निर्देश दिया। मौके पर राजद नेता श्याम सुंदर यादव, पुनि रंजन पासवान, होसेन डांग (पिकेट प्रभारी मुरपा), अभिनव सिन्हा (पिकेट प्रभारी फुलबासिया), पुनि गौतम कुमार, पुनि अमित कुमार, पुनि सत्यदेव कुमार, पुनि राजकुमार पांडेय, पुनिअशोक कुमार, सअनि मो. शमीम खान, सअनी चंद्रशेखर शर्मा, सअनि प्रमोद कुमार, पूर्व सरपंच सहेंद्र राम, मुखिया नरेश लोहरा, सुरेंद्र उरांव,विमला देवी ,ईश्वर लाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# न्यूज | बॉक्स

## विधायक कार्यक्रम में हुए शामिल

**कुंदा (चतरा)।** चतरा विधायक जनार्दन पासवान कुंदा प्रखंड क्षेत्र के ईचातु गांव निवासी शंकर यादव, सुधीर यादव व कौशिलोंग उमेश ठाकुर के घर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया व क्षेत्र की समस्या से रूबरू हुए। उन्होंने लोगों की समस्या सुनने के बाद जल्द समाधान करने का भरोसा दिलाया।

## एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन

**कुन्दा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एयरटेल टॉवर के समीप अखिलेश यादव के मकान में एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र का उदघाटन शाखा प्रबंधक अंजनेय कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काट कर किया। सीएसपी संचालक राहुल रंजन ने बताया कि हमारे पास एसबीआई की जो भी सुविधाएं हैं, वह लोगो को मिलेगी। मौके पर कुन्दा मुखिया मनोज साहू, अखिलेश प्रसाद यादव, हेमंत गुप्ता,गुलाब यादव,अनिल यादव,लकेश बर्मा,कृत यादव समेत कई अन्य मौजूद थे।

## जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** थाना परिसर में बुधवार को आयोजित जन शिकायत समाधान हेतु विशेष शिविर विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर की गई। शिविर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभात रंजन बरवार, बीडीओ देवलाल उरांव, सीओ विजय दास, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी उमेश राम समेत अन्य मौजूद थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल छह मामलों में दो का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। शेष मामलों पर अग्रेतर कार्रवाई के लिए अनुसंधान किया जा रहा है।

## गुरु गोष्ठी में विद्यालय के मूलभूत सुविधाओं पर हुई चर्चा

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के पीएम श्री मध्य विद्यालय में बुधवार को शिक्षकों का मासिक गुरु गोष्ठी हुई। गुरु गोष्ठी की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय ने किया। संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने किया। गुरु गोष्ठी में विद्यालय में मूलभूत सुविधा पर विस्तृत चर्चा किया गया। जबकि जल संरक्षण पर विशेष जोर देने का आह्वान किया गया। साथ ही साथ नामांकन अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। ताकि एक भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रह पाए। ई विद्यावाहिनी से अनुश्रवण करने,ज्ञान सेतु का वर्गीकरण करने, सभी विद्यालय में बाल संसद का गठन करने, प्रोजेक्टर इंपैक्ट से संबंधित चर्चा की गई। गुरु गोष्ठी में कहा गया विद्यालय का संचालन समय पर करने के साथ मध्याह्न भोजन किसी भी स्थिति में बंद न हो इसका भी ख्याल रखने को कहा गया। गुरु गोष्ठी में बीआरपी कृष्ण मुरारी शर्मा,सीआरपी राजकुमार राजू,सहित थे।

## आंगनबाबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र उच्च विद्यालय परिसर में बुधवार को बाल विकास परियोजना द्वारा पोषण पखवाड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका,सहायिका, पोषण सखी द्वारा अपने हाथों से बना स्वादिष्ट व्यंजन की प्रदर्शनी लगाया गया। आंगनबाड़ी के पोषाहार से कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाया गया था। आंगनबाड़ी सेविका,सहायिका, पोषण सखी द्वारा दुधौरी, टिकिया,हलवा,चिप्स,नमकीन सहित अन्य व्यंजन बनाया गया था। मौके पर उपस्थित अभिभावकों,बच्चों, महिलाओं व युवतियों को पौष्टिक आहार लेने की सलाह दिया गया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका सुनैना देवी,उषा देवी,सुनीता देवी,प्रभा सिन्हा,वैदेही मिश्रा सहित थे।

## खाद-बीज दुकान का उद्घाटन

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद प्लस टू विद्यालय के समीप मान्या कॉम्प्लेक्स में बुधवार को अनंत इंटरप्राइजेज खाद-बीज दुकान का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन से पूर्व प्रोपराइटर मनीष कुमार के माता-पिता ने विधिवत पूजा अर्चना की। मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास, बरही विधानसभा के पूर्व विधायक रामलखन सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रखंड मुख्यालय में थोक मूल्य की दुकान खुलने से किसानों को उन्नत किस्म की बीज व खाद मिलने के साथ-साथ उचित मूल्य भी मिलेगा। इससे किसानों को आर्थिक बचत होने के साथ फसलों की पैदावार भी बढ़ेगा। मौके पर हजारीबाग सदर बीडीओ नीतू सिंह, इंटक नेता प्रदीप कुमार सिंह,भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह,अनिल कुमार सिंह,शिव कुमार सिंह,रसिक शिरोमणि,राम भरोसा सिंह,सीता राम सिंह,मृत्युंजय कुमार सिंह,महेंद्र नायक के अलावा दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष बनने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी बधाई




**बारियातू।** झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष पद पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नियुक्ति की घोषणा बात सुनते ही क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है। केंद्रीय अध्यक्ष पद की घोषणा होते ही गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी। बधाई देने वालों में 20 सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, अनिल तुरी, सुरेश गंझू, रीगन कुमार, लवकुश यादव, लाल आषीशनाथ शाहदेव, नरेश उरांव, शशि सिंह, रवि रंजन प्रभात, गंगा भगत, लाखो भुइयां, गणेश राम, बीरेंद्र पासवान सहित क्षेत्र वासियों बधाई दी है। नेताओं ने बताया कि रांची में आयोजित झामुमो के महाअधिवेशन में पार्टी नेतृत्व द्वारा यह घोषणा की गई है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अब झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। यह निर्णय पार्टी की एकता मजबूती और झारखंड के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अब पार्टी के सर्वोच्च पद की जिम्मेदारी मिलने से राज्य और संगठन दोनों को अधिक गति मिलेगी।

## हाथी ने दो मवेशियों को किया घायल

**बालूमाथ।** वन क्षेत्र अंतर्गत हाथियों का आतंक आए दिन देखने को मिल रहा है। बता दे कि बालूमाथ वन क्षेत्र के मरंगलोइया पंचायत अंतर्गत जिलंगा ग्राम में मंगलवार रात जागेश्वर राम के दो मवेशी को हाथियों ने घायल कर दिया। सुखदेव पासवान, निरंजन साव,मेराजुल मियां, खुर्शीद मियां का चाहरदीवारी को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना मिलने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा घटना स्थल पर पहुंचे। घटना का जायजा लिया व पीड़ित ग्रामीणों से मिल हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# निजी विद्यालय संचालक, अभिभावक जनप्रतिनिधियों संग प्रशासन की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार कक्ष में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी की अध्यक्षता में प्रखंड में संचालित गैर सरकारी विद्यालय के संचालकों के साथ बैठक हुई। बैठक में उपस्थित जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी,सदस्य प्रियंका कुमारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रेमलता ने निजी विद्यालय के संचालकों से एक-एक कर कई बिंदुओं पर चर्चा कर संयुक्त रूप से कहा कि विद्यालय संचालक हर वर्ष किताब नहीं बदले। री एडमिशन के नाम पर अभिभावकों से पैसा लेना बंद करें। अपने विद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षक रखें। बच्चों के विद्यालय संबंधित सुविधा पर ध्यान दें और जरूरत के हिसाब से फीस ले। इन सभी बिंदुओं पर विद्यालय संचालक ध्यान दें और ऐसा शिकायत अभिभावकों से दोबारा ना मिले ऐसा कोशिश करें। जिप उपाध्यक्ष ने विद्यालय के संचालकों से शिक्षकों की सूची,विद्यालय में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए सुविधा, विद्यालय की स्थापना कब हुई। अध्यनरत विद्यार्थियों की संख्या कितनी है जैसे कई बिंदुओं पर मांग की। अगली बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया। मौके पर अभिभावक, विभिन्न निजी विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पंसस की बैठक में नहीं उपस्थित हुए बीडीओ, सदस्यों में रोष

**नवीन मेल संवाददाता**



**मयूरहंड (चतरा)।** पंचायत समिति सदस्यों की आहूत बैठक में बिना किसी सूचना के बीडीओ मनीष कुमार अनुपस्थित रहने से पंचायत समिति सदस्यों ने रोष व्याप्त करते हुए बैठक को स्थगित कर दिया। पंचायत समिति सदस्यों ने बताया कि बीडीओ के लापरवाही के कारण एक वर्ष के अंदर मात्र तीन बैठक हो पाई है। इसके कारण संचालित योजनाओं की समीक्षा नहीं होने के साथ कई जनसमस्याओं का समाधान नहीं हो पाता है। इसका खमियाजा आम आवाम को झेलना पड़ रहा है। कदगांवा कला पंचायत समिति सदस्य विवेक कुमार ने बताया कि चुनाव संपन्न होने के बाद पंचायत समिति की पहली बैठक में ही अपने क्षेत्र में बिजली, पानी की समस्या को लेकर आवाज उठाया हूं, परंतु लगभग ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

बैठक में पीएचईडी, बिजली विभाग के अभियंता आते ही नहीं है। इसके बाद भी बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले पदाधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती और ना ही समस्याओं का समाधान होता है। इस विषय में बीडीओ मनीष कुमार से पूछे जाने पर बताया कि जिले में आयोजित बैठक में भाग लेने गए थे। बैठक में पंचायती राज विभाग के प्रखंड समन्वयक प्रमोद कुमार उपस्थित थे। बैठक में प्रमुख मिकी देवी, उप प्रमुख पूनम देवी, प्रीति कुमारी, विवेक कुमार सिंह, माया देवी, सत्या सिंह के अलावा कई विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नेशनल हेराल्ड केस : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समाहणालय परिसर में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के समर्थन में ज्ञापन उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को सौंपा गया। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि जान-बूझकर नेशनल हेराल्ड मामले केस मामले में कांग्रेस नेताओं को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि अब तक इस मामले में कोई भी ठोस तथ्य या आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। केन्द्र सरकार पर आरोप मढ़ते हुए कहा गया है कि यह कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण और सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है, जिसका उद्देश्य केवल विपक्ष और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बदनाम करना है। जिलाध्यक्ष गूंजन उरांव ने कहा कि न तो किसी संस्था और न ही किसी व्यक्ति के खिलाफ अब तक कोई प्रमाण मिला है। बावजूद इसके राहुल गांधी और सोनिया गांधी को केवल बदनाम करने की केन्द्र सरकार द्वारा कोशिश की जा रही है। नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को जब्त करना कानून के शासन का एक सोची समझी साजिश है। इस मुखौटे के पीछे केन्द्र की मोदी और शाह की सरकार हैं। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को निशाना बनाना भाजपा सरकार की दुर्भावनापूर्ण मंशा को दशार्ता है। यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे शीर्ष नेताओं ने देश के लिए अपना खून पसीना और सब कुछ समर्पित किया है। युवा जिलाध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की छवि धूमिल करना और लोकतंत्र में विपक्ष को कमजोर करना है। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुंजन उराव, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष, आफताब आलम, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, बरवाडीह विधायक प्रतिनिधि पिंटू सिंह, कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष अमित यादव, शहादत हुसैन, कांग्रेस युवा जिला महासचिव इमरान अंसारी, मिथिलेश पासवान, साजन कुमार, प्रिंस गुप्ता, अफरोज आलम, फूलचंद यादव, वाजिद अंसारी, मोहम्मद यासुक, दानिस आलम, सोहेल अंसारी, कुलदीप यादव, राजीव कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–01/2025-26/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 15.04.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary Wall at ITI College, Barwadih in Latehar District. | 52,13,900.00 | 04 (Four) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22/04/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 05/05/2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 06/05/2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

PR.NO.350429 Building(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 02/2025–26

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.04.2025 के 1.00 बजे अपराहृ्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 30.04.2025 के 3.00 बजे अपराहृ्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.04.2025 के 3.30 बजे अपराहृ्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।

7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Repair Work of Staff Quarter (Jailor Residence ) at Mandal Kara, Latehar in the District of Latehar | 28,90,500/- | 58,000/ - | 5,000/ - | 02 (Two ) Months |
| 2 | Repair work of Staff Quarter (Zila Police Barrack ) at Mandal Kara, Latehar in the District of Latehar | 20,48,100/- | 41,000/ - | 5,000/ | 02 (Two ) Months |
| 3 | Renovation work of ITI Hostel Building at Barwadih in Latehar District. | 30,31,050/- | 61,000/ - | 5,000/ | 02 (Two ) Months |
| 4 | Renovation work of ITI Main Building at Barwadih in Latehar District. | 20,80,200/- | 42,000/ - | 5,000/ | 02 (Two ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 350431 Building(25-26).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**अतिअल्पकालीन ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-11/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation of Hospital Building Painting and Waterproffing work of Hospital Building, Kalyan Hospital, Hesal, Basardih, Dist.-Lohardaga. | 18,66,800.00 | 37,500.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 2 | Renovation of Hospital Building Glass, Paver Block and Bathrooms work of Hospital Building, Kalyan Hospital, Hesal, Basardih, Dist.-Lohardaga. | 11,52,800.00 | 23,100.00 | 2500.00 | 2 माह |
| 3 | Renovation of Hospital Building Glass, Paver Block and Bathrooms work of Hospital Building, Kalyan Hospital, Hesal, Basardih, Dist.-Lohardaga. | 19,16,500.00 | 38,500.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 4 | Renovation of Boundary Wall and Hospital Building Dismantling work of Hospital Building, Kalyan Hospital, Hesal, Basardih, Dist.-Lohardaga. | 24,58,900.00 | 49,200.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 5 | RENOVATION OF RAILING AT MAHADEV MANDA VILL- CHANDWA AND CONSTRUCTION OF CHABUTRA, SMARAK/SAMADHI ASTHAL AT DARDARIYA BLOCK -SENHA LOHARDAGA. | 17,87,444.00 | 35,800.00 | 5000.00 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 21.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 21.04.2025 से दिनांक 28.04.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.04.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाष संख्या :– 06526–295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 350436 Lohardaga (25-26)_D

# एयर पिस्टल शूटिंग में सैफ अख्तर ने किया जिले का नाम रौशन

## अंजुमन इस्लामिया सेन्हा ने बुके और शॉल देकर किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अंजुमन इस्लामिया सेन्हा का कार्यालय में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी जब्बार अंसारी, अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के सदर मोख्तार अंसारी,सचिव मो अजहरुद्दीन अंसारी राँची जिला अन्तर्गत चान्हो प्रखंड के जे एम एम संयोजक मंडली मकबूल अहमद आजाद,इमरान अंसारी, इम्तियाज अंसारी ने एयर पिस्टल खिलाड़ी सेन्हा निवासी फिरोज अख्तर अंसारी के पुत्र सैफ अख्तर को गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई दिया। विगत दिन खूंटी जिला में 12अप्रैल से 15अप्रैल तक तीसरा के आर सी शूटिंग स्टेट चैंपियन शिप प्रतियोगिता 2025 में गोल्ड मेडल जीत कर सैफ अख्तर ने सेन्हा गांव सहित जिला का नाम झारखंड प्रदेश में रौशन किया है। सैफ अख्तर ने कहा कि झारखंड प्रदेश के ओपन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 300 प्रतियोगी खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें सैफ अख्तर ने कुल 400 प्वाइंट में से 370 प्वाइंट लाकर प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड जीता है. इस से पहले 2022 ऑल इंडिया इंटर विद्यालय में सिल्वर मेडल 2022 और 2023 में स्टेट लेबल पर गोल्ड मेडल तथा 2023 में पिस्टल प्वाइंट टू टू में गोल्ड मेडल जीता था। वही खूंटी



प्रतियोगिता से घर पहुंचने पर अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के सदर, सचिव और अन्य लोगों द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। वही अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी जब्बार अंसारी ने कहा कि ग्रामीण स्तर के खिलाड़ी आगे बढ़ रहे हैं। जिसको प्रोत्साहित कर आगे लाने के लिए हौसला बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य लेकर आगे बढ़े और दूसरों को भी बढ़ाये। इस संबंध में खिलाड़ी को आगे लाने के लिए जिले के उपायुक्त से मिलकर मामले को रखेंगे। सांसद पूर्व सांसद, विधायक एवं खेल मंत्री तक इस पर ध्यान दिलाने के लिये प्रयास किया जायेगा। सदर मोख्तार अंसारी ने कहा कि सेन्हा गांव के अलावे प्रखंड क्षेत्र के खिलाड़ियों का प्रतिभा को पहचान कर हम सभी लोग मिल कर आगे लाने का कार्य करना होगा। मौके पर जब्बार अंसारी, मोख्तार अंसारी, अजहरुद्दीन अंसारी, मकबूल अहमद आजाद,इमरान अंसारी, इम्तियाज अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

## लोहरदगा की सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे, संभलकर नही चले तो हो जाएगी दुर्घटना

# शहरी क्षेत्र के मिशन चौक से महावीर चौक की सड़कों पर बने हैं बड़े-बड़े गड्ढे

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के विभिन्न सड़को की हालत खस्ताहाल है। नगर परिषद क्षेत्र के सघन आबादी वाले इलाके की सडको की हालत बहुत ही खराब हो गई है। सड़को के बीच गड्ढे बन गए हैं जो दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। जर्जर हो रहे सड़को के कारण आये दिन दुर्घटना होते रहती है। लेकिन नगर परिषद प्रशासन इसपर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। गंभीर पहलू है कि शहर के मिशन चौक से महावीर चौक तक की सड़कों पर प्रतिदिन सैकड़ो छोटी गाड़ियों का परिचालन होता है और यह मुख्य बाजार की सड़क है। मिशन चौक से महावीर चौक के बीच राणा चौक आता है जहाँ पर प्रतिदिन गांव देहात से लोग सैकड़ो की तादाद में पहुचते है। इन रास्तों के किनारे बड़े बड़े प्रसिद्ध दुकानें, धर्मशाला, बैंक, फाइनांस कंपनी, गाड़ियों के शोरूम, कपड़ा दुकान, हार्डवेयर दुकान, मेडिकल शॉप, कृषि उपकरण की दुकान आदि सभी तरह की दुकान है जिसके कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों के लोग यहां खरीदारी करने आते हैं। जिसके कारण यहाँ यातायात



व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाती है। इन सड़कों पर हर जगह गड्ढे बन गए हैं। जिसके कारण हादसे होते रहते हैं। कभी बाइक हादसा हो जाता है तो कभी साइकिल सवार गिर जाता है। जब कभी बारिश हो जाती है तो इस सड़क पर चलना दूभर हो जाता है। सड़को के बीच व किनारे पर गड्ढे बन जाने के कारण सड़क पर आवागमन में काफी परेशानी होती है। पैदल राहगिर तो किसी तरह चल पाते हैं लेकिन साइकिल, दोपहिया, चार पहिया वाहनों की हालत खराब हो जाती है। सड़क के बीचोबीच बने गड्ढों से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वही सड़क के अपनी साइड में गड्ढों के कारण नहीं चलने से बराबर दुर्घटनाएं होती है, लेकिन मजबूरन छोटे वाहन चालक अपनी गाड़ी को बचाने के चक्कर में किनारा लेते है। इससे आम राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गड्ढो में चार पहिया वाहनों का चैंबर टच न हो, इसके लिए चालकों द्वारा सड़क किनारे वाहन ले जाया जाता है. आये दिन गाड़ियों के पंचर होने की शिकायत आती रहती है। सड़को पर गढ्ढे होने से छोटे वाहनों व दो पहिया चालकों को बराबर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. बताया गया कि दो साल पहले इस सड़क पर पीसीसी के बाद कालीकरण किया गया था इसके बाद कुछ दिनों तक सड़क अच्छी रही। वही पहली बारिश के बाद से ही सड़क खराब होना शुरू हो गई थी। मरम्मत के अभाव मे यह सड़क बहुत ही जर्जर हो गया।

जानकर लोगो ने बताया कि सड़क बनने के बाद से ही जर्जर होना शुरू हो गया था। दो सालों के भीतर ही सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गयी । कारण निर्माण शर्तो के अनुपालन में अनियमितता बरतना और घटिया किस्म की सामग्री से सड़कों का निर्माण करना है। इस सड़क पर आवागमन करने वाले राहगीरों ने बताया कि हमलोग दूर दराज से आते हैं यहाँ लेकिन सड़क खराब होने से हमारी साइकिल बाइक पंचर हो जाती है। वही बारिश में गड्ढों में जमा पानी के कारण चालकों को सड़क का अंदाजा नहीं लग पाता है जिसके कारण बड़ी दुर्घटना हो सकता है। अगर शीघ्र इसका निदान नही किया गया तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है और जान-माल की क्षति हो सकती है।

# मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने किया एक दिवसीय आक्रोषपूर्ण धरना प्रदर्शन

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी ने मोदी सरकार के खिलाफ एक दिवसीय आक्रोषपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई के विरोध में था। जिसमे कांग्रेस जनों ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। मोदी सरकार पर विभिन्न तरह के आरोप लगाया है। जिसमे नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ आरोप पत्र दायर करना, मोदी सरकार पर राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस पार्टी ने इस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि वे डरने वाले नहीं हैं। लोहरदगा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि मोदी सरकार का यह कदम लोकतांत्रिक विपक्ष के विचार पर सीधा हमला है। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि मोदी सरकार अपने विरोधियों को राजनीतिक रूप से दमन करने का कार्य कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि वे मोदी सरकार के गलत मंसूबों का जवाब देने के लिए तैयार हैं। वे राहुल गांधी के साथ कंधा से कंधा मिलाकर ऐसी शक्तियों का सामना करने के लिए तैयार हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई-निविदा संख्या 01/2025-26/EE/NREP/LATEHAR एवं PR 349997 Rural Development (25-26).D में प्रकाशित निविदा में निम्न संशोधन किये जाते हैं।

1. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय -22.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक

शेष सभी शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 350450 NREP(25-26)#D


# दो बाइक की टक्कर में दो लोग बुरी तरह से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** बेड़ो लोहरदगा मुख्य सड़क के कचमची गांव के समीप बुधवार को दो बाइक की टक्कर में दो लोग बुरी तरह घायल हो गये। दो घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने 108 वाहन से भंडरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहाँ चिकित्सको ने घायलों का इलाज किया। घायलों की पहचान लोहरदगा कैमो पतरा टोली निवासी संतोष कुमार उरांव की पत्नी सरिता उरांव उम्र 30 , पुत्र आनन्द उरांव उम्र 14 के रूप मे हुई। बताया जाता है की संतोष उरांव अपनी पत्नी सरिता उरांव व पुत्र आनंद उरांव के साथ बाइक





से बेड़ो से लोहरदगा लौट रहे थे उसी दौरान कचमची के पास बिपरीत दिशा से आ रही बाइक ने ठोकर मार दी। जिससे संतोष की बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना मे संतोष की पत्नी व पुत्र बुरी तरह घायल हो गये। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से भंडरा सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। घटना के बाद भंडरा पुलिस मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

# जेएनवी जोगना में आयोजित हुई संकुल स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा** । प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में संकुल स्तर दो दिवसीय खो-खो और रस्सी कूद खेल प्रतियोगिता बुधवार से प्रारम्भ हुआ। आयोजित प्रतियोगिता में झारखण्ड प्रदेश के राँची संकुल अन्तर्गत सभी नवोदय विद्यालयों से लगभग 225 छात्र छात्राएं खेल प्रतियोगिता भाग ले रहे हैं.वही आयोजित खेल प्रतियोगिता में खो-खो और रस्सी कूद खेल प्रतियोगिता का प्रतिस्पधाएं होगी।



जिस निमित सभी विद्यालयों से संकुल स्तर पर खो-खो के लिये दस टीम और रस्सी कूद के चार टीम बनाया गया है। वही पीएम श्री नवोदय विद्यालय के खेल शिक्षक सूरज कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि संकुल स्तर से चयनित छात्र छात्राएं पशिचम बंगाल के नदिया और वीरभूम में 20 से 25 अप्रैल तक आयोजित होने वाले सम्भाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में संकुल स्तर से 96 प्रतिभागी बच्चे बच्चियां खो-खो और रस्सी कूद खेल प्रतियोगिता में झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिसे की सम्भाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चयनित बच्चे बच्चियां राष्ट्रीय स्तर में भाग लेंगे। मौके पर पीएम श्री नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा के प्राचार्य अनीश चन्द्र झा,खेल शिक्षक सूरज पाण्डेय के अलावा खेल प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा**
**प्रथम तल्ला विकास भवन, लोहरदगा**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 68/ दिनांक 27.03.24 द्वारा निकाली गई ई0-निविदा संख्या :- 03/2024-25/NREP/LOHARDAGA पी0 आर0 नं0 349378 Lohardaga (24.25) D राजकीयकृत मध्य विद्यायल जुरिया में 4 ACR निर्माण एवं राजकीय उत्कृष्ट उच्च विद्यालय नगजुआ में 4 ACR एवं 02 यूनिट शौचालय निर्माण तथा ग्राम मसमानों में राजकीकृत उच्च विद्यालय मसमानों में अतिरिक्त कमरा निर्माण में आंशिक संशोधन किया जाता है कि कार्य समाप्ति की अवधि 02 (दो) माह है जिसे 4 (चार) माह किया जाता है। शेष शर्तें यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा

PR 350473 Lohardaga(25-26)#D


## बिजली चोरी के खिलाफ चला अभियान

**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मसमानो पंचायत में अवैध बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर विद्युत विभाग के सहायक विद्युत अभियंता मोहम्मद जिशान के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा मसमानो पंचायत के आठ लोगों के घरों में अवैध बिजली का उपयोग करते दोषी लाभुक पर जुमार्ना लगाया है। साथ ही भंडरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के घर से तार को जब्त कर थाना को सुपुर्द कर दिया है।

## 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा : सुषमा नीलम सोरेंग

**लोहरदगा।** झारखंड रांची सहायक निदेशक समाज कल्याण द्वारा आगामी पोषण पखवाड़ा 08 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक मनाया जाएगा। इसी विषय पर चर्चा परिचर्चा पर बुधवार को लोहरदगा कल्याण विभाग परियोजना निदेशक आईटीडीए सह प्रभारी समाज कल्याण पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग की अगुवाई में समीक्षा बैठक कल्याण कार्यालय में की गयी। बैठक में मुख्य रूप से सीडीपीओ लोहरदगा जिला एवं एल एस के साथ समीक्षात्मक बैठक कर पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों पर दिये गये कैलेण्डर अनुसार सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में कराना सुनिश्चित करें और साथ ही साथ जन आंदोलन पोर्टल में इन्ट्री करने का दिया गया निर्देश।

# बिजली ऊर्जा चोरी मामले में पांच नामजद व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** बिजली ऊर्जा चोरी मामले में सहायक बिजली अभियंता के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चला गया.जिसमे बुधवार को थाना क्षेत्र के अरु,जोगना और बुटी सहित अन्य गांवों में छापेमारी अभियान चला कर 5 नामजद लोगों पर बिजली विभाग के सहायक अभियंता अजू कच्छप के आवेदन पर बिजली ऊर्जा चोरी मामले पर सनहा दर्ज किया गया। वही छापेमारी अभियान में अरु निवासी स्व.जोगा महतो का पुत्र पारसनाथ महतो,स्व. हरि साहु का



बबल साहु और जोगना निवासी स्व. पवन राम तथा बुटी निवासी अयूब अंसारी का पुत्र खालिद अंसारी और काशिम अंसारी का पुत्र सजाद अंसारी के विरुद्ध सेन्हा थाना में 15 अप्रैल को सेन्हा थाना कांड संख्या 48/25 भारतीय विद्युत अभिनियम 135,137 के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर करवाई किया जा रहा है। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजली ऊर्जा चोरी मामले में सहायक विद्युत अभियंता अजु कच्छप का लिखित आवेदन के आधार पर 5 नामजद के विरुद्ध सनहा दर्ज कर नियम संगत कानूनी कारवाई किया जा रहा है। मौके पर छापेमारी दल में अलख पुजारी,फिरोज अख्तर,सारणी पुरुष, शिवशंकर उरांव,भोला प्रसाद,करमचंद उरांव समेत विद्युत विभाग के अन्य कर्मी शामिल थे।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 15/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of MCBs, Fuses, Aux. Contractor and Relays at 132/33 kV GSS Latehar | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 13000/- |

**Terms and Conditions :-**

1. Start date and time for sale of Tender Documents **17.04.2025** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **08.05.2025** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **08.05.2025** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **09.05.2025** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉलफी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 350493 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)25-26*D


# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पहुचे आईजी असीम विक्रांत मिंज

## लोहरदगा में पुलिस के जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से लोगों को मिली उम्मीद

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के अजय उद्यान के समीप स्थित नगर भवन में झारखंड के डीजीपी के निर्देश पर लोहरदगा पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जोन के आईजी असीम विक्रांत मिंज शामिल हुए। जिले के पुलिस अधीक्षक हारिश बीन जमा के साथ लोहरदगा पुलिस के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में जिले भर के फरियादी अपनी फरयाद लेकर पहुंचे और मौखिक और लिखित रूप से शिकायत दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अपनी शिकायत अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराई और उसे त्वरित कार्रवाई के लिए अधिकारियों ने संबंधित विभाग और थानों को निर्देश भी दिया। लोगो की समस्या को त्वरित निपटारा के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन जिले के साथ साथ सभी थानों क्षेत्र में किया जा रहा है ताकि लोग अपनी शिकायत ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से दर्ज करा सके।





कार्यक्रम को लेकर आईजी असीम विक्रांत मिंज ने कहा यह कार्यक्रम लोगो के लिए है और उनके शिकायत के समाधान के लिए किया जा रहा कार्यक्रम राज्य सरकार और झारखंड पुलिस की एक अच्छी पहल है। जिससे लोगों को लाभ होगा और उनके शिकायत पर त्वरित करवाई की जायेगी। पहले भी यह कार्यक्रम हो चुकी है जिसमे लोगो की शिकायत मिली थी। उसमे आधे से ज्यादा मामलों का निपटारा किया गया है और कार्यक्रम के माध्यम से और लोगो का शिकायतों को निपटारा किया जाएगा।

इसमें शिकायतकर्ता को पुलिस की ओर से फोन जाएगी। जिसमें केस को लेकर सभी तरह की जानकारी दी जाएगी।

# सेविका को सुरक्षा बीमा योजना कराने में सहयोग करें बैंक कर्मी : बीडीओ



### प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति का समीक्षा बैठक में अधिकारियों को मिला दिशा निर्देश

**एजेंसी**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार कक्ष में बुधवार को प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति का बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू की अध्यक्षता में संपन्न हुई.आयोजित बैठक में सेविका को सुरक्षा बीमा योजना कराने में सहयोग करने पर जोर देते हुए बैंकों में अब तक प्रेषित किए गए लंबित केसीसी ऋण आवेदन प्रपत्रों को लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृती एवं वितरण करने का निर्देश दिया गया.साथ ही बैठक में उपस्थित बैंक कर्मियों के साथ सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण कारी योजना संबंधित चर्चा किया गया. इसके अलावे क्रेडिट डिपॉजिट रेशियो बढ़ाने पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया.तथा बैंकों को प्रशासनिक कार्यालय के साथ आपसी समन्वय स्थापित करने के संबंध में निर्देश देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा सरकार के द्वारा जनकल्याण कारी योजनाएं चला कर बैंक के माध्यम से योजना का लाभ जन जन तक पहुंचाने का कार्य सौंपा गया है.साथ ही उन्होंने सभी बैंक प्रबंधकों से कहा कि प्रखंड के संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को सफलता पूर्वक निर्वाहन करने के संबंध में जानकारी दिया गये.उन्होंने कहा कि सेविकाओं का सुरक्षा बीमा का आवेदन को क्रियान्वयन कराते हुए लाभ दे। बैठक में मुख्य रूप से बैंक ऑफ इंडिया शाखा सीठीयो, बुटी, सेन्हा,बदला ग्रामीण बैंक सीठीयो के शाखा प्रबंधकों के अलावे त्रिवेणी भगत, विफई उरांव समेत अन्य उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।**
**प्रथम तल्ला विकास भवन, लोहरदगा।**
**ई0 आमंत्रण सूचना**

ई0-निविदा संख्या :-01/2025-26/NREP/LOHARDAGA दिनांक 16.04.25 कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e Procutment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | NREP/LOHARDAGA/ 01/2025-26 | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय लोहरदगा का मरम्मति कार्य | 70,44,600.00 | सत्तर लाख चौवालीस हजार छः सौ रूपये मात्र। | छः माह | प्रथम |

2:-वेबसाईट में निविदा प्रकाश की तिथि:- :- 24.04.2025
3:-ई-निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि :- 08.05.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक
4:-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 09.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5:-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पत्ता:- कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।
6:- ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष स0:-8409767005
7:- निविदा में ग्रामीण कार्य विभाग/ भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकते हैं।
8:- संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

नोट:- निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

PR 350471 Lohardaga(25-26)D

## दो दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन



**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर में कुल 22 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिसमें जांच के दौरान 10 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। सभी 10 मरीजों का सोमवार को ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण किया गया। आज सभी मरीजों को आवश्यक दवाएं एवं चश्मा प्रदान कर छुट्टी दी गई। साथ ही आगामी 22 अप्रैल (मंगलवार) को सभी मरीजों को फॉलोअप के लिए पुनः बुलाया गया है, ताकि उनकी आंखों की स्थिति की दोबारा जांच की जा सके। इस शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. नवल के साथ नेत्र चिकित्सा पदाधिकारी सदानंद महतो, आशीष कुमार, संदीप कुमार, एवं मंगल जी ने सफलतापूर्वक जांच व ऑपरेशन की जिम्मेदारी निभाई। मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन राजकुमार अग्रवाल, सचिव ला. अशोक कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पी.आर.ओ. योगेंद्र प्रसाद साहू, एमजेएफ डॉ. लायन शंकर लाल जाजोदिया, पदम कुमार साबू, शशि किरण जायसवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## प्रारंभिक शिक्षा के लिए नई कार्ययोजना को मिली मंजूरी

**गुमला।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने एक नई शैक्षणिक कार्ययोजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत जिले के प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 1 से 3 के छात्रों के लिए बाल-अनुकूल कक्षाओं का निर्माण, स्थानीय संसाधनों से बने टीएलएम का उपयोग, चित्रों और कहानियों से सजी रंगीन दीवारें और रोचक शिक्षण सामग्री की व्यवस्था की जाएगी। नवनामांकित छात्रों को स्कूल वातावरण में सहज रूप से ढालने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने बताया कि 100 संकुल संसाधन केंद्रों को सशक्त करते हुए संकुल साधनसेवियों के माध्यम से शिक्षकों के साथ अकादमिक सहयोग, अनुश्रवण, नवाचार पहचान, तकनीकी समन्वय और विद्यालय प्रबंधन समिति से संवाद जैसे कार्यों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाएगा। सहायक नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह ने बताया कि योजना के तहत प्रेरणा से परिवर्तन की ओर थीम पर आधारित प्रेरणा मंच और बाल सभा का गठन कर शिक्षकों, विशिष्ट व्यक्तियों के अनुभवों और प्रेरक कहानियों को साझा किया जाएगा। इससे बच्चों में नेतृत्व, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास होगा। बच्चों में पढ़ने की आदत और भाषाई दक्षता बढ़ाने के लिए सभी प्राथमिक विद्यालयों में छोटा कोना, बड़ी उड़ान - पढ़ना सबका अधिकार नामक रीडिंग कार्नर की शुरूआत की जाएगी।

## संविधान के जनक बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती मनाई गई



**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखण्ड अंतर्गत रणजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा सिसई में बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा ने विद्यालय कार्यकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार देवघरिया एवम् सभी आचार्यों क्रमशः मृत्यंजय कुमार मिश्र, कमल सिंह, कौशल्या कुमारी, सरिता मुखर्जी, ममता कुमारी के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। इसके पश्चात कक्षा षष्ठ से बहन श्रेया तथा बहन चंचल ,कक्षा सप्तम से बहन सृष्टि ,श्रुति, संध्या व रानी तथा कक्षा अष्टम से बहन कुमकुम ,कक्षा नवम से बहन शिवानी और कक्षा दशम से बहन सोनी कुमारी व बहन सोनी लकड़ा ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा अष्टम के भैया गौरव ने बड़े ही गहराई से बाबा साहेब के जीवन चरित्र का बखान किया। उन्होंने कहा कि डॉ बी आर अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 ई को मध्य प्रदेश के महू में एक महार जाति परिवार में हुआ था। बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से मशहूर बीआर अंबेडकर एक अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिन्होंने दलित समुदाय के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। जिन्हें उस समय अछूत माना जाता था। भारतीय संविधान के प्रमुख निमार्ता अंबेडकर जी ने महिलाओं के अधिकारों और मजदूरों के अधिकारों की वकालत की थी। स्वतंत्र भारत के पहले कानून और न्याय मंत्री के रूप में पहचाने जाने वाले अंबेडकर जी का भारतीय गणराज्य की सम्पूर्ण अवधारणा के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान रहा है। देश के प्रति उनके योगदान और सेवा को सम्मान देने के लिए हर वर्ष 14 अप्रैल को उनका जन्मदिन मनाया जाता है।

## चैनपुर थान परिसर में आयोजित हुआ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम




**चैनपुर।** चैनपुर थान परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 6 मामलों का निपटारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिप सदस्य मेरी लकड़ा, सर्किल इंस्पेक्टर महेन्द्र करमाली, थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एसआई दिनेश कुमार और अशोक कुमार के संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने अपने समस्याओं को साझा किया, जिसमें अधिकांश मामले जमीन संबंधित थे। इसके अलावा, नाली निर्माण और अन्य स्थानीय मुद्दों पर भी शिकायतें दर्ज की गईं। लोगो की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए, थाना प्रभारी ने हर मामले का समाधान निकालने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने उपस्थित लोगों को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया। उन्होंने डायन बिसाही, सायबर अपराध, मानव तस्करी, नशा मुक्त भारत अभियान, महिला सुरक्षा के लिए डायल 121, सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा, इन मामलों पर जागरूकता फैलाना हमारी प्राथमिकता है। हमें समाज के हर वर्ग को इन मुद्दों के प्रति सजग और सचेत बनाना है।

## सशस्त्र सीमा बल ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आयोजित किया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**चैनपुर।** सशस्त्र सीमा बल की 32वीं वाहिनी, सिलम, गुमला ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत नक्सल प्रभावित गांव कुरूमगढ़ और जिरमी में एक निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन श्री राजेश सिंह, कमाण्डेंट 32वीं वाहिनी की कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। शामिल हुए चिकित्सक डॉ. हिमांशु गिरी, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा अधिकारी), 32वीं वाहिनी ने बामदा पंचायत के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सा शिविर में कुल 102 मरीजों की चिकित्सीय जांच की गई, जिनमें 30 पुरुष, 56 महिलाएं और 16 बच्चे शामिल थे। चिकित्सा शिविर के दौरान बामदा पंचायत के कुरुमगढ़ एवं जिरमी गांव के आसपास के ग्रामवासियों को निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और जनसेवा की भावना को प्रोत्साहित करने के मकसद से यह पहल की गई थी।

### गुमला में जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक

# उपायुक्त ने योजनाओं की समीक्षा कर दिए कड़े निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** आज बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक (आईटीडीए), सभी अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ समेत विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, खाद्य वितरण, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, कृषि, पशुपालन सहित 15 विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग पर विशेष फोकसः बैठक की शुरूआत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा से हुई, जहां उपायुक्त ने सिकल सेल जांच करने वाली एएनएम को शीघ्र भुगतान, शहरी क्षेत्रों में डोर-टू-डोर सिकल सेल टेस्टिंग और खराब पड़ी एक्स-रे मशीनों की मरम्मत के निर्देश दिए।

ब्लड डोनेशन कैंप सभी ब्लॉक में आयोजित करने का निर्देश देते हुए उन्होंने कर्मियों को इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी पीवीटीजी समुदाय के लोगों का कार्ड बनवाने और खराब पड़ी एम्बुलेंस को तत्काल दुरुस्त करने का आदेश भी दिया गया। मातृ वंदना योजना, किशोरी समृद्धि योजना और सावित्रीबाई फुले योजना की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभुकों को योजना का लाभ देने और आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। सेविका-सहायिका चयन प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने की बात कही गई। छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण की योजनाओं में तेजी लाने और सभी विद्यालयों को पंजीकरण कराने का निर्देश दिया गया।

## श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का 11वां वार्षिक महोत्सव 22 अप्रैल से



**पालकोट।** पालकोट प्रखंड के अंबेराडीह स्थित श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का दो दिवसीय 11वां वार्षिक महोत्सव 22 अप्रैल से धूमधाम से प्रारंभ होगा। इस आयोजन का नेतृत्व आयोजन समिति अंबेराडीह, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी पालकोट संयुक्त रूप से कर रही हैं। मंगलवार, 22 अप्रैल को बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी के दिन सुबह 8 बजे मंदिर प्रांगण से 1151 महिलाएं और युवतियां पारंपरिक परिधान में भव्य कलश शोभायात्रा निकालेंगी। यह शोभायात्रा गुमला-सिमडेगा मुख्य मार्ग होते हुए देवी मंडप पहुंचेगी, वहां से परिक्रमा करते हुए मरदा नदी तट तक जाएगी। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश पूजन कर पवित्र जल भरा जाएगा और पुनः मंदिर प्रांगण लौटकर विधिपूर्वक कलश स्थापना की जाएगी। कलश स्थापना के पश्चात दिन में 11 बजे से श्रद्धालु भक्तों द्वारा 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन-भजन आरंभ होगा। इसके बाद महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन होगा, जिसमें सभी भक्तों को भोजन कराया जाएगा। महोत्सव का समापन 23 अप्रैल, बुधवार को बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी को पूजन, हवन और अखाड़ा हरि कीर्तन-भजन के साथ किया जाएगा। रात 8 बजे से धार्मिक, सांस्कृतिक और नागपुरी रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ श्रद्धालु भी भाग लेंगे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर परिसर में मेला जैसा माहौल रहेगा। अंबेराडीह और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस महोत्सव में भाग लेंगे। कार्यक्रम की सफलता हेतु अध्यक्ष महेश सिंह, सचिव सिकंदर सिंह सहित मंगल सिंह भोगता, दुर्गा सिंह, भोला सिंह आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## डुमरी थाना परिसर में आयोजित हुआ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**डुमरी।** डुमरी थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनता ने अपने मुद्दों और समस्याओं को थाना अधिकारियों के समक्ष रखा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और उन्हें विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करना था।कार्यक्रम की शुरूआत में, थाना प्रभारी ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए बताया, ₹हमारा प्रयास है कि हर नागरिक की समस्या को सुना जाए और उसे उचित समाधान प्रदान किया जाए। आज का यह कार्यक्रम इसी दिशा में एक कदम है।₹लोगों को अपनी शिकायतें लिखित रूप में प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। अनेक स्थानीय निवासियों ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी आवाज उठाई, जिनमें नशापान, सड़क सुरक्षा और डायन प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियाँ शामिल थीं। कार्यक्रम में विशेष ध्यान नशापान के खिलाफ जागरूकता फैलाने पर दिया गया। थाना अधिकारियों ने उपस्थित सभ्याचारों को बताया कि नशापान न केवल परिवारों को बल्कि समाज को भी तोड़ता है और इसके खिलाफ सभी को मिलकर आवाज उठानी चाहिए। इसके अलावा, सड़क सुरक्षा को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस ने लोगों को सड़क पर सुरक्षित चलने के नियमों की जानकारी दी और दुर्घटनाओं से बचने के उपाय बताए। डायन प्रथा जैसे गंभीर मुद्दे पर भी चर्चा हुई। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने कहा, यह कुरीति हमारे समाज में नकारात्मक प्रभाव डालती है। हमें मिलकर इसे खत्म करने की दिशा में काम करना होगा।

## डुमरी थाना ने स्थाई वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कांड संख्या-38/2013 और एसटी No-191/2016 के स्थाई वारंटी अभियुक्तों को पुलिस ने आज गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अभियुक्त लक्ष्मणदेव यादव (उम्र-53 वर्ष), सुखसागर यादव (उम्र-47 वर्ष) एवं मुनेश्वर यादव (उम्र-40 वर्ष), सभी का स्थायी पता मीरचाइपाट, थाना- डुमरी, जिला- गुमला है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की वर्तमान जानकारी के अनुसार, वे सभी मनोरा, थाना- पुलिस चौकी मनोरा, जिला- जसपुर, छत्तीसगढ़ में रह रहे थे। गुमला पुलिस को इन अभियुक्तों की गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद डुमरी थाना के पुलिस पदाधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मनोरा में छापा मारा। मौके पर पहुंचकर पूरे विधि अनुसार तीनों स्थाई वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि ये अभियुक्त कई गंभीर मामलों में शामिल रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुधारने में सहायता मिलेगी।गिरफ्तारी के बाद, तीनों अभियुक्तों को डुमरी लाया गया, जहां उन्हें उचित प्रक्रिया के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस ने आगे बताया कि इन अभियुक्तों के खिलाफ लंबित मामलों की सुनवाई जल्द ही की जाएगी। इस घटना को लेकर डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार ने स्थानीय निवासियों को आश्वस्त किया कि वे अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते रहेंगे और क्षेत्र में सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराधियों पर नियंत्रण पाया जा सके और समाज में शांति स्थापित की जा सके।

## चोला एमएस जेनरल इंश्योरेंस कंपनी के ऑफिस में लगी आग

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के न्यू रोड स्थित चोला मंडलम एमएस जेनरल इंश्योरेंस कंपनी के ऑफिस में बुधवार के दोपहर अचानक भीषण आग गयी, आग में ऑफिस में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज जल कर राख हो गया। चोला एमएस के मैनेजर ने बताया की दोपहर में हमलोग ऑफिस में खोलने पहुँचे थे जब शटर खोले तब आग की लपटे नजर आयी और पूरा ऑफिस काले धुँवाओं से भर गया था। फिलहाल प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है की शार्ट सर्किट से आग लगी होंगी। वहीँ अग्निशमक की गाडी मॉक ड्रिल के अभ्यास निमित्त कहीं जा रही थी।


### समाहरणालय, लातेहार
(खेल शाखा)

पत्रांक– / जि0 खेल0

**सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया है कि कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड़ खेल प्राधिकरण,रांची के पत्रांक–02 दिनांक 09.10.2024 के आलोक में लातेहार जिला अंतर्गत खेलो इण्डिया सेन्टर (KIC) हेतू डे–बोडिंग एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंन्द्र में कुल 30 सुयोग्य खिलाडियों (15 बालक एवं 15 बालिका) का चयन ट्रायल किया जाना है। जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| क्र.सं. | आयोजन/कार्यकम का नाम | निश्चित आयु सीमा | आयोजन स्थल | रिर्पोटिंग का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खेलो इण्डिया चयन ट्रायल कार्यकम 2025 | 10 से 15 वर्ष तक (बालक/बालिका) | खेल स्टेडियम लातेहार | दिनांक 20.04.2025 समय– पूर्वा0 09:00 बजे से |

नियम व शर्तें:–

1 आवेदक/ खिलाडी लातेहार जिला मुख्यालय के 05 से 06 कि0 मी0 दायर के अन्दर स्थायी निवासी होना चाहिए।
2 उक्त चयन ट्रायल में भाग लेने हेतू प्रतिभागी अपने साथ पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण–पत्र मूल एवं छायाप्रति लाना अनिवार्य है।
3 यह चयन ट्रायल निःशुल्क है एवं किसी प्रकार का कोई भता देय नही होगा ।
4 निबंधन हेतू आवेदक आयोजन स्थल के निबंधन काउण्टर से आवेदन प्रारूप प्राप्त करेगें तथा उसी समय भरकर जमा करेगें।
5 दिनांक 20 अप्रैल 2025 के पूर्वाहन 09:00 बजे खेल स्टेडियम लातेहार में कोच श्री कमल कुमार (मो0–9155848538) को रिपोर्टिंग करेगें।
6 जिला समिति का निणर्य अंतिम एंव सर्वमान्य होगा ।

जिला खेल पदाधिकारी
लातेहार

PR 350517 District (25-26)_D



### कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**सूचना**

कार्यालय आदेश ज्ञापांक– 140/(ITDA), लातेहार दिनांक– 17.01.2025 के आलोक में प्रकाशित सूचना जिसके क्रम में लातेहार जिले में कल्याण विभाग के द्वारा संचालित किए जाने वाले EMRS नेगाई, मंगरा एवं हेठाटोली में शिक्षकों की रिक्ति के विरूद्ध Guest Teacher की सेवा अधिप्राप्ति हेतु दिनांक– 10.02.2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसके आलोक में कार्यालय में कुल– 401 (चार सौ एक) आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के साथ संलग्न शैक्षणिक योग्यता कागजातों के आधार पर अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है, जिसे प्रकाशित करते हुए सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अभ्यर्थी को शैक्षणिक योग्यता की जारी सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक– 23.04.2025 तक अपना लिखित रूप से आपत्ति साक्ष्य सहित कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई कर समीक्षोपरांत चयन समिति द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए सूची के आधार पर अंतिम रूप प्रदान किया जायेगा, तद्नुसार रिक्तियों के विरूद्ध Guest Teacher के चयन हेतु कार्रवाई की जाएगी। सूची जिले के बेवसाईट www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
लातेहार

PR 350454 Latehar (25-26)_D



### कार्यालय :- नगर पंचायत, लातेहार

**बन्दोबस्ती आम सूचना** (4th Call)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26 (25 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक) के लिये खुली डाक बोली द्वारा दिनांक– 21.04.2025 को 11.30 बजे पूर्वाहन नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक 22.04.2025 एवं दिनांक– 23.04.2025 को 12:00 बजे पूर्वाहन खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र0 सं0 | सैरात का नाम | पूर्व की बन्दोबस्त राशिकी राशि | वर्ष 2025–26 की न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10% | सैरात का आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मुख्य सब्जी बाजार, धर्मपुर | 569650.00 | 569650.00 | 57000.00 | 1000.00 |
| 02 | नगर पंचायत, लातेहार अन्तर्गत चलने वाले रिक्सा, साईकिल एवं ठेला पर कर निर्धारण (टोकन लगाने) हेतु डांक। | 10778.00 | 10778.00 | 1100.00 | 1000.00 |
| 03 | कन्या मध्य विद्यालय, लातेहार के चाहर दिवारी के बगल में चयनित दो पहीया, तीन एवं चार पहीया पार्किंग स्थल हेतु डांक। | 266110.00 | 266110.00 | 26700.00 | 1000.00 |

नोट 1 छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , न्यूनतम डाक की राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।
2 कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये नियम एवं शर्तों को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड www.latehar.nic.in पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 350513 Urban Development (25-26)_D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार

अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/RM-04/2025-26 दिनांक 16.04.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | :– | 22.04.2025 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | निविदा जमा करने की तिथि समय एवं स्थान | :– | 23.04.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 23.04.2025 अपरान 04:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी पदनाम | :– | कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of T/well | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair and Maintenance of Drilled T/Well in Different Block of Latehar District for Yr 2023-24. | LATEHAR | 250 | 230500 | 5000 | 750 | 03 month |
| 2 | | MANIKA | 250 | 230500 | 5000 | 750 | 03 month |
| 3 | | CHANDWA | 250 | 230500 | 5000 | 750 | 03 month |
| 4 | | BALUMATH | 250 | 230500 | 5000 | 750 | 03 month |
| 5 | | BARIYATU | 250 | 230500 | 5000 | 750 | 03 month |
| 6 | | HERHANJ | 250 | 230500 | 5000 | 750 | 03 month |
| 7 | | BARWADIH | 250 | 230500 | 5000 | 750 | 03 month |
| 8 | | GARU | 250 | 230500 | 5000 | 750 | 03 month |
| 9 | | MAHUWADANR | 250 | 230500 | 5000 | 750 | 03 month |

1.Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2.Further details can be seen on Notice Board of OFFICE

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार

PR 350491 (Water Resource)25-26*D



### NETARHAT VIDYALAYA SAMITI
NETARHAT
(An Autonomous Institution under Ministry of School Education and Literacy Deptt.-Govt. of Jharkhand)

Letter No. : 800 Date : 15.04.2025

**Advertisement No – Net-Appointment- Regular-01/2025**
**Application for Appointment of Bursar & Librarian**

Netarhat Vidyalaya Samiti, has been registered under the societies Registration Act 1860 vide Registration no. 688/2009-10 as an Autonomous Institution with an objective of promotion of Excellence and imparting quality education through Netarhat Aawasiya Vidyalaya (An Educational Institution owned by the Government of Jharkhand) and besides undertaking pedagogical innovation, development of teaching aids and conduct of trainings etc. Applications are invited for recruitment against following posts in the prescribed format from suitable candidates. The recruitment will be done as per norms and processes laid down in the Gazette(Extraordinary issue) No. 57 dated 6th February 2012 published by the Govt. of Jharkhand, Ranchi. However, complete and detailed information regarding age, qualification, experience, reservation, allowances and all other details are available on our school's website www.netarhatvidyalaya.com and also on our School Campus at Notice Board.

**Details of Vacancies**

| S.No. | Name of the Post | Number of Vacancy | Pay Scale |
|---|---|---|---|
| 01. | Bursar | 01 (UR) | 35400-112400 (Level – 6) |
| 02. | Librarian | 01 (UR) | 35400-112400 (Level – 6) |

**Children Education Assistance** – Wards own (Son/Daughter) of regular staffs of all categories shall be eligible for free education in Netarhat Residential School as a day-scholar.
**Pay & Allowance -** Regular staff of all categories shall be paid all applicable pay and allowance as per the rule and regulation of Jharkhand Government.
**Accommodation-** Free accommodation facility will be provided to all regular staff.
**How to apply-** Applications, neatly typed on the A-4 size on the prescribed Performa duly supported with the all self attested copies of Academic certificate, Technical, Experience, Caste Certificate (If applicable), Residential Certificate and complete in all respects giving specific information in reference to the eligibility conditions, should reach the office of **The Principal, Netarhat Awasiya Vidyalaya, P.O. – Netarhat, Via – Gumla, Dist – Latehar (Jharkhand) – 835218 by Speed Post on or before 30.05.2025 till 5 p.m. Please Write down the Name of the post applied for on the top of your envelope. A self addressed envelop duly stamped with Rs. 40 should be sent with application form.** Incomplete applications or those received after **30.05.2025** will not be entertained. The candidates who are already in service should apply through proper channel. The forwarding authority of such application shall send the attested copies of Annual Confidential Reports of the applicant for the last five years along with the application. A certificate to the effect that no disciplinary proceeding/vigilance cases/judicial proceedings are contemplated/pending against the candidate should be given in the forwarding letter. Name of post applied for must be super scribed on the Envelope containing the application materials. **The last date of receipt of application is 30.05.2025. The post applied for and advertisement no. should be clearly mentioned on the envelope.**
**Complete Information related to appointment can be seen on vidyalaya website www.netarhatvidyalaya.com.**

Sd/- (Santosh Kumar)
Principal-cum- Member Secretary
Netarhat Vidyalaya Samiti
Netarhat

PR 350463 (Human Resource Developement)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं सब रोगों को स्वास्थ्य नियमों के मेरे उल्लंघन का परिणाम मानूँगा और इस दोष को मैं उचित आहार, कम आहार, उपवास, अधिक व्यायाम, एवं उचित विचारों के द्वारा दूर करने का प्रयत्न करूँगा। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# भाजपा की दक्षिण राजनीति

कई कारणों से तमिलनाडु की राजनीति गरमा गई है। एक तो, अप्रैल, 2026 में वहां विधानसभा के चुनाव होने हैं। हालांकि, चुनाव होने में अभी एक साल का समय बचा है, लेकिन राजनीतिक पार्टियां अभी से ही लामबंद होने लगी हैं और सबसे ज्यादा सक्रियता भाजपा दिखा रही है। दूसरे, गृह मंत्री अमित शाह ने अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) को राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) खेमे में मिला लिया है। इससे राज्य में राजग खेमा मजबूत बनकर उभरा है। तीसरा, द्रमुक मुख्यमंत्री एमके स्टालिन दो भाषा फॉर्मूला लाकर हिंदी विरोधी आग को भड़का रहे हैं, जिसको लेकर दूसरे राज्यों से तमिलनाडु में काम करने आए समुदायों में भारी नाराजगी है। चौथा, द्रमुक ने परिसीमन विवाद छेड़ दिया है। द्रमुक नेताओं ने इसे 'राजनीतिक तख्तापलट' बताते हुए कहा कि इससे उन राज्यों को लाभ मिलेगा, जिन्होंने अपनी जनसंख्या का सही ढंग से प्रबंधन नहीं किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा आयोजित बैठक में विपक्षी दलों की जॉइंट एक्शन कमेटी ने संभावित परिसीमन पर सात सूत्री प्रस्ताव पारित किया। समिति ने परिसीमन की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पर चिंता जताई है और 1971 की जनगणना पर आधारित संसदीय क्षेत्रों की संख्या की सीमा को 25 और वर्षों के लिए बढ़ाने की अपील की है। पांचवां, समग्र शिक्षा अभियान के लिए केंद्र की ओर से तमिलनाडु को धनराशि जारी नहीं की गई है। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार इस बात पर अड़ी हुई है कि इस योजना के लिए केंद्र का हिस्सा तभी जारी किया जाएगा, जब तमिलनाडु केंद्र द्वारा प्रायोजित एक अन्य योजना पीएमश्री के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर करेगा। एमओयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के साथ-साथ त्रि-भाषा नीति को पूरी तरह लागू करने की सहमति भी शामिल है, जिसका तमिलनाडु सरकार कड़ा विरोध कर रही है। छठा, द्रमुक के एक वरिष्ठ मंत्री ने एक बैठक में सेक्स वर्कर और हिंदू धर्म के दो संप्रदायों-शैव एवं वैष्णव से जुड़ी अश्लील कहानी सुनाई। बयान इतना विवादित और अशोभनीय था कि इससे न केवल विपक्ष, बल्कि खुद उनकी पार्टी के कई नेता नाराज हो गए। उनकी टिप्पणी का वीडियो वायरल हो गया। इसके कारण मंत्री के. पोनमुडी को पार्टी से बर्खास्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पत्नी दुर्गा और सौतेली बहन कनिमोझी, जो द्रमुक सांसद भी हैं, ने स्टालिन पर मंत्री को बर्खास्त करने का दबाव बनाया। सातवां, नैनार नागेंद्रन को भाजपा की राज्य इकाई का नया अध्यक्ष चुना गया है। नागेंद्रन राज्य में भाजपा के 13वें अध्यक्ष बने हैं। नागेंद्रन के नेतृत्व में राज्य की भाजपा इकाई को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। इन सभी घटनाक्रमों के मद्देनजर गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी कार्ययोजना आगे बढ़ाई। उन्हें कई हिंदू धार्मिक समूहों से जानकारी मिली थी कि राज्य के दक्षिणी जिले में हिंदू धर्म से इस्लाम और ईसाई धर्म में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हो रहा है। गवर्नर आरएन रवि ने भी इस बारे में अमित शाह को सूचित किया था। भाजपा का लक्ष्य हिंदू एवं हिंदी विरोधी द्रमुक और एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकना है। पिछले सप्ताह अमित शाह के चेन्नई दौरे ने निश्चित रूप से डीएमके को परेशान कर दिया है।

> *'राजनीतिक तख्तापलट' बताते हुए कहा कि इससे उन राज्यों को लाभ मिलेगा, जिन्होंने अपनी जनसंख्या का सही ढंग से प्रबंधन नहीं किया।*

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर




आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमज़ोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा। यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडू जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है। एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रही। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है।

आज की बात



ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है। स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चर्चाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है। तमिल लोगों के दिलों को जीतने का काम अकेले भाजपा के द्वारा संभव नहीं है, इसीलिये एआईडीएमके की बैशाखियां उसके लिये जरूरी है।

भाजपा के राजनीतिक समीकरणों की सार्थक निष्पत्ति का एक हिस्सा है एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। शाह एक कद्दावर नेता होने के साथ राजनीतिक गणित को समझने में माहिर है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते हैं। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं, सुस्पष्ट एजेंडा है। वह एआईडीएमके के साथ अभी से उदार एवं लचीली सोच से चलना चाहते हैं लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके एवं स्टालिन का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। विकास के लिये सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा।

तमिल में भाजपा के पांव जमते हुए दिख रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा की सोच में बदलाव आना, तमिलों की बारीकियों एवं भावनाओं को समझते हुए राजनीतिक दांव चलना। भाजपा के पास द्रविड़ समाज को आकार देने का भले ही संस्थागत इतिहास नहीं है, लेकिन राज्य के विकास में उसने गहरे.संसाधन लगाये हैं। वह एक नया वोट-आधार तैयार कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने काशी और तमिलनाडु के बीच विभेद को खत्म करने की कोशिश की। धार्मिक राजत्व का तमिल प्रतीक सेंगोल संसद में स्थापित किया गया। ऐसे अनेक सकारात्मक प्रयास भाजपा के द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। त्रिभाषा फार्मूला भी तमिल लोगों को भाषा के नाम पर जोड़े रखने का एक उपक्रम है। मोदी और शाह दोनों ने तमिल भाषा के प्रति पार्टी के सम्मान को परिभाषित किया। पिछले दशक का एक बड़ा राष्ट्रीय घटनाक्रम यह रहा है कि भाजपा ने चुपचाप अपने नारे हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान में सुधार किया है। अब वे 'हिंदी और सभी क्षेत्रीय भाषाओं' की बात करते हैं। इन सबके चलते यदि तमिल के जातीय-मतदाता भाजपा को उसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार करेंगे, तब यह भारतीय सेकुलर राजनीति की एक क्रांतिकारी घटना होगी।

शाह की रणनीति सही दिशा में काम कर रही है। बावजूद यह डगर चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है उसमें तमिल स्वाभिमान और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है लेकिन उन्होंने हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन जैसे मुद्दों को आगामी चुनाव का एजेंडा बनाया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# धनकुबेरों के लिए ऋण माफी, गरीबों के लिए उपदेश

किस्सों-कहानियों की पावन भूमि भारत में, जहाँ सम्पन्नता की नदियाँ केवल कुछ चुने हुए लोगों के लिए बहती हैं, एक भयंकर आर्थिक संकट आ गया। सरकार, जो अपनी दूरदर्शिता के लिए जानी जाती है, तुरंत एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाती है-नहीं, नहीं, किसानों की भुखमरी या छोटे व्यापारियों के डूबते कर्ज को हल करने के लिए नहीं, बल्कि एक नई नीति तैयार करने के लिए: "चांदी की चम्मच वालों के लिए सोने की बेलआउट योजना"। इस क्रांतिकारी योजना के तहत, वे अरबपति जिन्हें शेयर बाजार में जुए में हार का सामना करना पड़ा था, उन्हें तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। दूसरी ओर, जो किसान 50,000 का कर्ज चुकाने में असमर्थ थे, उन्हें मेहनत, धैर्य और उपवास के गुणों पर प्रवचन दिए गए। आखिरकार, थोड़ी सी भूख सह लेना कौन-सी बड़ी बात है, जब बदले में सहनशीलता का अनमोल पाठ पढ़ने को मिले? एक भव्य समारोह में, जो मीडिया की सुर्खियों में छाया रहा, एक कर्ज में डूबे कॉर्पोरेट टाइकून के 20,000 करोड़ का ऋण माफ कर दिया गया, जबकि 5,000 का कर्ज न चुका पाने पर एक किसान को जेल भेज दिया गया। सच्चाई के प्रति समर्पित मीडिया ने इस दौरान देश की आर्थिक मजबूती का प्रमाण देते हुए उस अरबपति के शानदार यॉट ट्रिप की तस्वीरें प्रसारित कीं। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के एक छोटे सब्जी विक्रेता को एक जाने-माने वित्तीय विशेषज्ञ ने प्राइम टाइम डिबेट में ज्ञान दिया-"अगर 100 किलो प्याज नहीं खरीद सकते तो कुछ और खा लो, आखिर भूख से कभी कोई मरा तो नहीं!" सरकार ने "राष्ट्रीय उपवास सप्ताह" की घोषणा की, जिसमें आम नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने उपभोग को कम करके जीडीपी में योगदान दें। इधर बैंक, हमेशा की तरह, रसूखदारों के लिए दरियादिल बना रहा और एक और हजारों करोड़ के कॉर्पोरेट ऋण को बट्टे खाते में डाल दिया। वहीं, महाराष्ट्र के एक बुजुर्ग किसान को बैंक की तरफ से प्रेरणादायक पत्र मिला-"एक हफ्ते में कर्ज चुकाओ, वरना ज़मीन नीलाम होगी।" बैंक की चिंता से अभिभूत उस किसान ने तुरंत एक स्थानीय साहूकार से 200% ब्याज पर नया कर्ज लिया ताकि बेइज्जती से बचा जा सके। इस समर्पण से प्रभावित सरकार ने उसकी मृत्यु के बाद सम्मान दिया और उसके नाम पर एक सरकारी योजना शुरू कर दी, ताकि भविष्य में और लोग भी इस प्रेरणा से लाभान्वित हो सकें।

देश की बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# हीमोफीलिया : सिर्फ एक बीमारी नहीं, एक मानवीय चुनौती

17 अप्रैल : विश्व हीमोफीलिया दिवस

हर साल 17 अप्रैल को विश्व हीमोफीलिया दिवस वैश्विक मंच पर एक ऐसी रोशनी बनकर उभरता है, जो रक्तस्राव विकारों की गहन जटिलताओं को उजागर करता है और समाज को संवेदनशीलता के साथ जागरूकता की ओर प्रेरित करता है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उन अनगिनत जीवन का प्रतीक है, जो इस अनुवांशिक रोग के साथ हर पल एक अनकही लड़ाई लड़ रहे हैं। विश्व हीमोफीलिया महासंघ द्वारा 1989 में शरू किया गया यह आयोजन, इसके संस्थापक फ्रैंक श्नाबेल के जन्मदिन को श्रद्धांजलि देता है, जिन्होंने इस बीमारी के प्रति जागरूकता और सहयोग का मार्ग प्रशस्त किया। यह दिवस सिर्फ चिकित्सा चर्चा का अवसर नहीं, बल्कि उन लोगों के प्रति सम्मान और एकजुटता का संदेश है, जो इस रोग के साथ जी रहे हैं। हीमोफीलिया एक ऐसी अनुवांशिक बीमारी है, जो शरीर की रक्त को थक्का बनाने की स्वाभाविक क्षमता को छीन लेती है। इसमें क्लॉटिंग फैक्टर्स की कमी या अनुपस्थिति के कारण मामूली चोट भी अनियंत्रित रक्तस्राव का कारण बन सकती है। यह रक्तस्राव बाहरी ही नहीं, आंतरिक भी हो सकता है, जो जोड़ों, मांसपेशियों और अंगों में दर्दनाक सूजन और कभी-कभी स्थायी क्षति तक ले जाता है। यह रोग मुख्य रूप से पुरुषों को प्रभावित करता है, क्योंकि यह X गुणसूत्र से जुड़ा है, लेकिन महिलाएं न केवल इसकी वाहक होती हैं, बल्कि कई बार स्वयं भी इसके लक्षणों से जूझती हैं। समय पर निदान और उपचार न हो, तो यह बीमारी जीवन के लिए खतरा बन सकती है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जो न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी गहरे निशान छोड़ती है। 2025 का विश्व हीमोफीलिया दिवस एक ऐसी थीम के साथ सामने आया है, जो समावेशिता और समानता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है-"सभी के लिए पहुंचः महिलाएं और लड़कियां भी रक्तस्राव से पीड़ित होती हैं"। यह थीम उन अदृश्य पीड़ाओं को आवाज देती है, जिन्हें समाज और चिकित्सा जगत ने लंबे समय तक अनदेखा किया। परंपरागत रूप से यह धारणा रही है कि हीमोफीलिया केवल पुरुषों की बीमारी है, लेकिन आधुनिक शोध और चिकित्सा प्रगति ने इस मिथक को तोड़ा है। महिलाओं और लड़कियों में माहवारी के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, प्रसव की जटिलताएं, या छोटी चोटों पर असामान्य रक्तस्राव जैसे लक्षण अब अनदेखे नहीं रह सकते। यह थीम हमें याद दिलाती है कि रक्तस्राव विकारों का दायरा लिंग से परे है, और प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को समय पर जांच, निदान और उपचार का समान अधिकार है। दुर्भाग्यवश, आज भी विश्व के कई हिस्सों में हीमोफीलिया के प्रति जागरूकता और उपचार के संसाधनों का अभाव है। विशेष रूप से विकासशील देशों में, जहां आर्थिक तंगी, सामाजिक रूढ़ियां और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी इस बीमारी को एक अभिशाप बना देती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए, यह रोग केवल शारीरिक पीड़ा ही नहीं, बल्कि सामाजिक बहिष्कार और मानसिक तनाव का कारण भी बनता है। ऐसे में "सभी के लिए पहुंच" जैसी थीम न केवल एक नारा है, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य नीतियों में समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने की एक पुकार है। यह हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हमारा समाज और स्वास्थ्य तंत्र वाकई में हर उस व्यक्ति तक पहुंच पा रहा है, जिसे इसकी जरूरत है? विश्व हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर विश्व भर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम इस जागरूकता को और गहरा करते हैं। जनजागरूकता रैलियां, मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर, चिकित्सा कार्यशालाएं और वेबिनार्स के माध्यम से लोग इस रोग के लक्षणों, कारणों और उपचार के बारे में जानते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित शैक्षिक सत्र नई पीढ़ी को इस बीमारी को समझने और इसे समय पर पहचानने के लिए तैयार करते हैं। इसके साथ ही, यह दिन उन परिवारों और व्यक्तियों के लिए एक मंच बनता है, जो इस रोग के साथ जी रहे हैं। उनकी कहानियां, उनके संघर्ष और उनकी जीत हमें प्रेरित करते हैं कि सहानुभूति और सहयोग से जीवन को और बेहतर बनाया जा सकता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात




प्रो. आरके जैन

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

गृहलक्ष्मी, पत्नी हुई, केवल स्त्री रूप।
कीली से उतरी धरा, बचे न कोई रूप।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# झारखंड भाजपा : जड़ों से जागरण की ओर

भाजपा विश्व में सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है। इस दावे के विपरीत यह झारखंड में खुद को साबित करने के लिए आज संघर्ष करती नजर आ रही है। यहाँ के लिए यह एक महत्वपूर्ण तथ्य है क्योंकि यहाँ की जातीय, क्षेत्रीय, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विविधताएँ अत्यंत जटिल हैं। इस जटिलता के कारण भाजपा से गुटबंदी, प्रभाव और समीकरणों के बजाय विचारधारा और समर्पण की अपेक्षा की जाती है। कैडर की दृष्टि से देखें तो 25 से 50 बूथों पर एक मंडल है और हरेक मंडल पर 25 से 50 हजार मतदाताओं को प्रभावित करने का दायित्व है। ऐसे में इस कैडर से सघन जनसंपर्क, स्थानीय समझ, सामाजिक नेतृत्व व समर्पण की अपेक्षा की जाती है। इस अपेक्षा को कभी भी गुटबंदी और समीकरणों के नाम पर उपेक्षित नहीं किया जा सकता। दुर्भाग्यवश भाजपा के सामने आज यह हकीकत एक संकट बनकर सामने आ खड़ा हुआ है जिसके लिए गंभीरता के साथ आत्ममंथन की जरूरत महसूस की जा रही है। इसके विपरीत जो तथ्य सामने हैं उसके अंतर्गत पार्टी के कर्मठ, समर्पित और प्रभावशाली मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं के उपेक्षा और संगठन विस्तार में अंतर्विरोधों की बातें सार्वजनिक हो रही हैं। इसे स्पष्टता के समझने के लिए सैंपल के तौर पर विभिन्न क्षेत्रों के उन प्रतीकों का उदाहरण लिया जा सकता है जहाँ सामाजिक पकड़, संगठनात्मक सक्रियता, क्षेत्रीय संवाद क्षमताआदि के बल पर संगठन का सीमांत कार्यकर्ता भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने की तपस्या में वर्षों से लगा रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में भाजपा को जिन क्षेत्रों में रणनीतिक नुकसान हुआ है उसे केवल आंकड़ों से नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के मनोबल, सामाजिक समीकरण और विपक्ष को मिले नए अवसरों से समझा जा सकता है। सैंपल के तौर पर तथ्य की शुरुआत रामगढ़ नगर मंडल से करते हैं जहाँ एक छोटे से कार्यकर्ता अभिषेक सिंह व उनके परिवार की पारंपरिक पकड़ को वार्ड नंबर 5, 7 और 9 में काफी प्रभावशाली माना जाता है। इन्हें दल से निकाल दिया गया और अब कांग्रेस को इस क्षेत्र में सक्रिय होने की संभावनाएं बढ़ गई है। इसी तरह मांडू मंडल के संदीप चौधरी के निष्कासन से चुरचू पंचायत में भाजपा के पिछड़ा वर्ग संपर्क अभियान का कार्यक्रम अब कमजोर होने की कगार पर है जबकि कुछ इसी तरह से चास मंडल के लिए समर्पित विकास वर्मा के निष्कासन के बाद आजसू और टीएमसी जैसे दलों के लिए वैकल्पिक संभावना बढ़ गई है। ब्राह्मण, कायस्थ व वैश्य समुदाय के शहरी आबादी के बीच भाजपा की सशक्त उपस्थिति के माध्यम बने गिरीडीह शहरी मंडल के प्रमोद सिंह और कोडरमा के यादव समाज में अति लोकप्रिय व नगर मंडल के सुरेश यादव के निष्कासन से अब तत्संबंधी पॉकेट में आरजेडी व जेएमएम को स्थापित होने का अवसर हाथ लग रहा है। इसी तरह मुस्लिम व पिछड़ी जातियों में सक्रिय साहबगंज नगर मंडल के राजीव कुमार, युवाओं के बीच अति लोकप्रिय देवघर शहरी मंडल के नवीन कुमार, अनुसूचित जातियों व भूमिहार जाति के मतदाताओं के साथ सीधे संवाद की क्षमता रखने वाले चतरा नगर मंडल के धीरज कुमार, सहकारिता समितियों व शिक्षक संघ के माध्यम से मजबूत जनसंपर्क बनाने की कला में सिद्धहस्त मेदिनीनगर नगर मंडल के विनय सिंह, ओरमांझी मंडल के खिजरी विधानसभा में युवाओं से लोकप्रिय दीपक कुमार, गुमला में जनजाति समाज के कद्दावर कार्यकर्ता मिसिर कुजूर आदि कई ऐसे नाम हैं जिनके निष्कासन से अब यह कयास लगाया जा रहा है कि सीमांत स्तर पर न केवल भाजपा की जमीनी पकड़ कमजोर हो सकती है बल्कि यह सबकुछ आजसू, जेएमएम, कांग्रेस आदि दलों के लिए एक अवसर बन सकता है। निसंदेह आठ दस कार्यकर्ताओं के बूते भाजपा जैसा कोई संगठन खड़ा नहीं होता परन्तु इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि इन्हीं कार्यकर्ताओं के बूते कोई संगठन अपना परचम लहराने के काबिल बनता है। मिल रही सूचनाओं के अनुसार झारखंड में अभी कम से कम 200 से अधिक वैसे कार्यकर्ता रडार पर हैं जिनकी सांगठनिक क्षमता, सामाजिक उपस्थिति, चुनावी गणित और राजनीतिक मनोविज्ञान का संदर्भ काफी महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए कि मंडल स्तर का एक कार्यकर्ता न केवल लगातार मतदाताओं को बांधे रखता है बल्कि उसे क्षेत्रीय नेतृत्व के निर्माता, समाज के भीतर संवाद का सेतु और पार्टी के विचारों का संवाहक भी माना जाता है। लाख जतन के बावजूद झारखंड में आज भाजपा सत्ता से बाहर है। यह गिरावट इस बात का प्रमाण है कि मंडल और क्षेत्रीय स्तर पर संगठनात्मक संवाद और पकड़ कहीं न कहीं कमजोर हो चुकी है। ऐसे में, भाजपा के लिए चिंता का विषय यह है कि वह कार्यकर्ताओं की भूमिका का पुनर्मूल्यांकन करे। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है और उसे ही यह तय करना होगा कि सिर्फ संख्या बल के साथ बड़ा बने रहना है या फिर सामाजिक सरोकार, सांगठनिक योगदान और स्थानीय विश्वसनीयता के मानदंड पर भी बड़प्पन दिखाना है? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



अलग बात



केदारनाथ दास
बसिया, गुमला।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## नवरात्र और होली में उमड़ता है भक्तों का जनसैलाब

चौसट्टी घाट के क्षेत्र में स्थित मंदिर में मां महिषासुर मर्दिनी और मां काली का स्वरूप भी स्थित है, जहां प्रतिदिन दर्शन-पूजन के लिए भक्तगण बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। नवरात्र और होली में यहां पर भक्तों का तांता देखने को मिलता है। मान्यता है कि बिना माता को गुलाल चढ़ाए होली की शुरुआत नहीं होती है। वहीं, चौसट्टी घाट का निर्माण इसी नाम से बंगाल के राजा प्रतापादित्य ने सोलहवीं शताब्दी में कराया था। जर्जर होने पर 18वीं शताब्दी में बंगाल के राता दिग्पतिया ने इसका फिर से निर्माण कराया था।



### शिव की काशी पर मोहित हो गई थीं 64 योगिनियां यहीं बस गईं

# अब चौसट्टी देवी के रूप में होती है पूजा

**वाराणसी (आईएएनएस)**

देखी तुमरी काशी, जहां विराजैं विश्वनाथ विश्वेश्वरजी अविनाशी" हिंदी साहित्यकार भारतेन्दू हरिश्चंद्र की यह कविता काशी की सुंदरता का उल्लेख करती है। इसी सुंदरता और निरालेपन को देखने के लिए हर साल 10 करोड़ से ज्यादा पर्यटक शिवनगरी पहुंचते हैं। धार्मिक ग्रंथ बताते हैं कि 64 योगिनियां भी काशी आई थीं। मगर, उन्हें यह नगरी इतनी प्रिय लगी कि वे यहीं पर रह गईं। माता की चौसट्टी देवी के रूप में पूजा होती है। स्कंद पुराण के काशीखंड में वर्णित है कि चौसट्टी माता के दर्शन-पूजन से पाप नष्ट हो जाते हैं। नवरात्र में इनकी आराधना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। चौसट्टी घाट स्थित चौसट्टी या चौसठ योगिनी मंदिर के पीछे की कथा भी बहुत सुंदर है। ज्योतिषाचार्य, यज्ञाचार्य एवं वैदिक कर्मकांडी पं. रत्नेश त्रिपाठी ने महिमा का बखान किया।

पं. रत्नेश त्रिपाठी ने बताया, "मान्यता है कि आनंदवनम या काशी में प्राचीन काल में दिवोदास नाम के राजा थे, जो धार्मिक प्रवृत्ति के थे लेकिन उन्हें भगवान शिव की आराधना पसंद नहीं थी। उन्होंने देवताओं के सामने शर्त रखी थी कि यदि शिव काशी छोड़ कर चले जाएं तो वे काशी को स्वर्ग की तरह बना देंगे। इस पर देवताओं ने भोलेनाथ से प्रार्थना की कि वे काशी छोड़ कर कैलाश चले जाएं। भोलेनाथ ने उनकी प्रार्थना मान ली और कैलाश पर्वत पर जाकर रहने लगे। उन्होंने आगे बताया, "कुछ दिनों के बाद बाबा विश्वनाथ ने 64 योगिनियों को काशी भेजा। योगिनियों को काशी इतनी भा गई कि उन्होंने यहीं पर रहने की प्रार्थना भोलेनाथ से की। इन्हीं को चौसट्टी देवी के रूप में पूजा जाता है। काशी के निवासी ज्ञानेश्वर पाण्डेय ने बताया, "मंदिर में महिषासुर मर्दिनी और चौसट्टी माता की प्रतिमा स्थापित है, जिनके दर्शन-पूजन से पुण्य की प्राप्ति होती है। मंदिर परिसर में मां भद्र काली की भी प्रतिमा है, मान्यता है कि दर्शन-पूजन से समस्त मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं।



## सतपीर दरगाह पर चला बुलडोजर हाईकोर्ट के आदेश पर की गई कार्रवाई

**नासिक (आईएएनएस)**

महाराष्ट्र के नासिक में मंगलवार को अवैध निर्माण हटाने के दौरान हिंसक झड़प में 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। नासिक महानगरपालिका ने बुलडोजर कार्रवाई की, जिसका भारी विरोध किया गया। भारी संख्या में जुटे लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले भी छोड़ने पड़े। हाईकोर्ट के आदेशानुसार यह कार्रवाई की गई, लेकिन जैसे ही इसे अंजाम देने की शुरुआत हुई, भीड़ ने इसका तीव्र विरोध किया। इसके बाद, मंगलवार रात हाईकोर्ट के निर्देशानुसार दरगाह ट्रस्टियों ने दरगाह को खुद हटाने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसी दौरान बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने विरोध करना शुरू कर दिया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब उग्र भीड़ ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, भीड़ ने उन मुस्लिम नेताओं पर भी हमला किया जो लोगों को शांत कराने पहुंचे थे। स्थिति को काबू में करने और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। इस हिंसा में कुल 21 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं और पुलिस के तीन वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। काफी मशक्कत के बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सका। बुधवार सुबह दरगाह को पूरी तरह से गिरा दिया गया।

## आर्मी में भर्ती होना चाहता था नाबालिग परिजनों ने मना किया तो घर से भागा

**नोएडा(आईएएनएस)**

नोएडा के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र से लापता हुए एक 16 वर्षीय किशोर को पुलिस ने अपनी सतर्कता और तत्परता से बुधवार को सकुशल बरामद कर लिया और परिजनों को सुपुर्द कर दिया। यह घटना 14 अप्रैल की है, जब लड़के के पिता ने थाने में शिकायत देकर सूचना दी कि उनका पुत्र सुबह घर से कोचिंग के लिए निकला था, लेकिन न तो वह कोचिंग पहुंचा और न ही घर वापस लौटा।

परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज को भी चेक किया, जिसमें किशोर सुबह घर से कोचिंग के लिए निकलता हुआ दिखाई दे रहा था। लेकिन, उसके बाद न वह कोचिंग पहुंचा और न ही कोचिंग से वापस घर लौटा। जब परिजनों ने लड़के के घर लौटने का काफी इंतजार किया तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की और पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके साथ ही थाना प्रभारी के निर्देश में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसे किशोर की तलाश की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस टीम ने सबसे पहले आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके साथ ही स्थानीय निवासियों से भी पूछताछ कर आवश्यक जानकारियां जुटाई।

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता

# दो खूंखार नक्सली ढेर 13 लाख का इनाम था

**छत्तीसगढ़ (आईएएनएस)**

छत्तीसगढ़ में कोंडागांव और नारायणपुर जिले की सीमा पर किलम-बुरगुम के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के बाद मुठभेड़ स्थल से दो खूंखार नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

मारे गए नक्सलियों की पहचान बस्तर ईस्ट डिवीजन के खूंखार माओवादी कमांडर डीवीसीएम हलदर (8 लाख का इनाम) और एसीएम रामे (5 लाख का इनाम) के रूप में हुई। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से एके-47 राइफल, एक अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और नक्सलियों का दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया है। क्षेत्र में सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। बस्तर रेंज के आईजी पी. सुंदरराज ने इस सफल ऑपरेशन की पुष्टि की है।

**एक महिला नक्सली भी ढेर, शिनाख्त मु हुई पुष्टि**

बीजापुर जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान कर ली गई थी, जिसमें एक महिला नक्सली भी शामिल थी। शिनाख्त किए गए माओवादियों में पांच लाख रुपये के इनामी माटवाड़ा एलओएस कमांडर एसीएम अनिल पूनेम के अलावा, एक-एक लाख रुपये के इनामी नक्सली पालो पोड़ियाम और दीवान मड़कम शामिल थे। अनिल पूनेम को अम्बेली ब्लास्ट का मास्टरमाइंड माना जाता है और वह लंबे समय से सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बना हुआ था।

कोंडागांव और नारायणपुर जिले की सीमा से सटे किलम-बुरगुम के जंगलों में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर कोंडागांव डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम मंगलवार (15 अप्रैल) को माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी।

मंगलवार शाम को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ स्थल से दो नक्सली कैडरों के शव बरामद हुए। मारे गए खूंखार माओवादी हलदर और एसीएम रामे दोनों पर कुल 13 लाख रुपये का इनाम घोषित था। बस्तर रेंज के आईजी पी. सुंदरराज के अनुसार, क्षेत्र में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान जारी है।



**पालो पोड़ियाम और दीवान मड़कम की भी हुई पहचान**

## पुरानी रंजिश को ले गोलीबारी, 20 खोखा के साथ 2 आरोपित गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के लीला बिहार गांव में बुधवार को दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटनास्थल से कारतूस के 20 खोखे भी बरामद किए। काशीचक के थाना अध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में कई लोग हथियार लहराते और फायरिंग करते हुए नजर आ रहे थे। यह वीडियो नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र भवानीपुर और लीला बीघा गांव का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में खुलेआम हथियार लहराकर कई राउंड फायरिंग करते लोग नजर आ रहे हैं।एसपी अभिनव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया, जिसके बाद इलाके में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया।

## जमशेदपुर में मकान की तीसरी मंजिल पर बेडरूम में घुसा सांड, मचाया उत्पात



**जमशेदपुर (आईएएनएस)**

जमशेदपुर के सोनारी इलाके में एक सांड की वजह से घंटों अफरा-तफरी मची रही। सांड एक मकान का दरवाजा खुला पाकर न सिर्फ अंदर घुस आया, बल्कि सीढ़ियों से मकान की तीसरी मंजिल पर जा पहुंचा और जमकर उत्पात मचाया। मोहल्ले के लोगों की लाख मशक्कत के बाद सांड नीचे नहीं उतरा। करीब चार घंटे बाद सांड को एक क्रेन के सहारे छत के रास्ते से नीचे उतारा गया। बताया गया कि सोनारी आदर्श नगर के न्यू ग्वाला बस्ती के रिहायशी इलाके में बुधवार को तीन सांड सड़क पर आपस में लड़ रहे थे। इसी दौरान एक सांड मनोज यादव नामक शख्स के घर के अंदर दाखिल हो गया। उसे निकालने की कोशिश की गई तो वह बाहर निकलने के बजाय सीढ़ियों से होता हुआ तीसरी मंजिल पर स्थित बेडरूम में जा पहुंचा। उसने बेडरूम के सामान इधर-उधर कर दिए। इसकी जानकारी मिलते ही मोहल्ले के सैकड़ों लोग घर के अंदर और बाहर इकट्ठा हो गए। कुछ लोगों ने सांड की गर्दन में रस्सी बांधकर नीचे उतारने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। बाद में 'बजरंग दल' संगठन से जुड़े लोगों ने एक क्रेन बुलाया।

### महादेव सट्टेबाजी ऐप केस

## ईडी की कई राज्यों में बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली (हि.स.)**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में बुधवार को 'ईजमाईट्रिप' के संस्थापक निशांत पिट्टी के कई राज्यों में स्थित ठिकानों पर फिर से छापेमारी की है। ईडी की यह छापेमारी दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, अहमदाबाद, इंदौर, जयपुर, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर स्थित ठिकानों पर हो रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि ईडी ने महादेव सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में निशांत पिट्टी के ठिकानों सहित कई राज्यों में नए सिरे से छापेमारी की। ईडी इसके पहले भी इस मामले में छापेमारी कर चुकी है। यह मामला तब सामने आया था जब ईडी ने कुछ साल पहले दावा किया था कि छत्तीसगढ़ के कई राजनेता और नौकरशाह ऐप से जुड़े अवैध संचालन और उसके बाद हुए मौद्रिक लेनदेन में कथित रूप से शामिल हैं। ईडी ने पहले भी यह दावा किया है कि महादेव ऑनलाइन बेटिंग' गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के संबंध में उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## चुनाव आयोग ने पहली बार 'बीएलए' को दिया प्रशिक्षण बिहार के 280 एजेंट्स शामिल

**नई दिल्ली ।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने एक प्रेस नोट जारी कर यह जानकारी दी। ईसीआई की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पहली बार बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) के लिए प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में बिहार के 10 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से जुड़े लगभग 280 बीएलए हिस्सा ले रहे हैं।

## मुर्शिदाबाद के कुछ हिस्सों में घटनाएं घटीं, लेकिन तोड़ मरोड़कर किया गया पेश : ममता बनर्जी

**कोलकाता (आईएएनएस)**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वक्फ कानून को लेकर बुधवार को नेताजी इंडोर स्टेडियम में इमामों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने इमामों को संबोधित करते हुए माना कि मुर्शिदाबाद के कुछ इलाके अशांत रहे, कुछ घटनाएं हुईं।

सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि झूठी खबरें फैलाकर पश्चिम बंगाल को बदनाम किया जा रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि मैं हर धर्म के सम्मान की बात करती हूं। हम राज्य में हिंदू-मुसलमान नहीं होने देंगे, मैं हाथ जोड़कर शांति की अपील करती हूं। सीएम ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं पर भी हमला हुआ। पार्टी कार्यालय पर भी हमला किया गया। मुर्शिदाबाद में बीते दिनों जिस तरह हिंसा हुई, वह एक योजना के तहत की गई। आज इस देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यह भाजपा का नहीं, भारत का संविधान है। ममता बनर्जी ने कहा, "मुर्शिदाबाद जिले के कुछ इलाकों में वक्फ अधिनियम को लेकर थोड़ी बहुत घटनाएं जरूर हुई है, लेकिन इसे तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है।" उन्होंने कहा कि टीएमसी ने वक्फ कानून के खिलाफ संसद में सबसे मुखर होकर लड़ाई लड़ी, लेकिन अफवाहें फैलाकर पार्टी को बदनाम किया जा रहा है। इसके अलावा ममता बनर्जी ने भाजपा पर बाहरी लोगों को बुलाकर हिंसा का आरोप लगाया।

# दो महिलाओं से लूट, बलात्कार व हत्या

### 5 में से 4 दोषी अपना पूरा जीवन जी कर मर गये


**संवाददाता**




**प्रयागराज।** मामला अप्रैल 1979 का है, जब आरोपी ललितपुर के बटवाहा गांव में एक घर में घुसे, कीमती सामान लूटे, वहां उन्होंने दो महिलाओं के साथ बलात्कार भी किया, जिनमें से एक की बाद में मौत हो गई , एक अन्य महिला की हत्या कर दी।इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 42 वर्ष से ज़्यादा समय बाद सजा सुनाई। बचे एक आरोपी जो 74 साल की हो गया है , को बलात्कार व हत्या के मामले में अपनी शेष सजा काटने के लिए अधिकारियों के सामने सरेंडर करने का आदेश दिया है। जिसमें उसे चार अन्य लोगों के साथ दोषी ठहराए जाने के 42 वर्ष से अधिक समय बाद सजा सुनाई गई थी।बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक 23 अप्रैल, 1983 को पांचों आरोपियों को बलात्कार और हत्या का दोषी पाया गया। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। हालांकि, उनकी अपील लंबित रहने के दौरान 2 मई, 1983 को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस बीच, चार आरोपियों की मृत्यु हो गई और उनकी अपील को खारिज कर दिया गया।लंबित अपीलों पर विचार करते हुए जस्टिस सौमित्र दयाल सिंह और जस्टिस डॉ. गौतम चौधरी की पीठ ने मामले पर निर्णय में हुई देरी पर खेद व्यक्त किया।पीठ ने कहा कि कोर्ट विशेष रूप से पक्षकारों और आमतौर पर समाज के समक्ष खेद व्यक्त करती है कि इस अपील की सुनवाई में 42 साल लग गए। पांच दशकों की बहुत लंबी अवधि में पक्षों को न्याय नहीं मिला है। चार आरोपी/अपीलकर्ता – वीर सिंह, गंगाधर, धर्मलाल और बंधु न्याय मिलने के बिना ही मर चुके हैं। पीड़ित भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में आदर्श रूप से अदालतों को वास्तविक समय में न्याय देने की आवश्यकता होती है। पीठ ने कहा कि निचली अदालत ने चार साल के भीतर अपना फैसला सुना दिया था और उसके बाद जिम्मेदारी हाई कोर्ट पर आ गई थी।कोर्ट ने कहा कि उस अधूरे कार्य का अफसोस अभी भी बना हुआ है। हालांकि, अब चाहे इससे संबंधित पक्षों, खास तौर पर और आमतौर पर समाज को जो भी मतलब हो, न्याय होना ही चाहिए, भले ही इसमें देरी हो।गुण-दोष के आधार पर हाई कोर्ट ने कहा कि मामले में जो कुछ भी हुआ, उससे अधिक जघन्य और बर्बर कुछ भी नहीं हो सकता। कोर्ट ने इस बात की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य पाए कि एकमात्र जीवित बचे दोषी बाबू लाल ने एक महिला के साथ बलात्कार किया था और उसके साथ मारपीट की थी। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 396 (हत्या के साथ डकैती) के तहत उसकी दोषसिद्धि की भी पुष्टि की गई।कोर्ट ने आदेश दिया कि यह ध्यान में रखते हुए कि किए गए अपराध की जघन्य प्रकृति मुकदमे में विधिवत साबित हो चुकी है, आरोपी अपीलकर्ता को सजा के सवाल पर कोई दया या नरमी नहीं मिलनी चाहिए। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि वह मुश्किल से चार साल तक ही जेल में रहा, जिसके बाद उसे इस अपील के लंबित रहने के दौरान जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस प्रकार, निचली अदालत द्वारा दी गई आजीवन कारावास की सजा की पुष्टि की जाती है।अदालत ने लाल को तत्काल आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। ऐसा न करने पर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, ललितपुर को शेष सजा काटने के लिए उसे गिरफ्तार करने का आदेश दिया।

## रील व सोशल मीडिया के कारण लोग खो रहे धैर्य व एकाग्रता

**ब्यूरो**



- एकाग्रता पहले 30 मिनट थी अब मात्र 7 सेकंड रह गई है
- यह विशेषकर बच्चों को गंभीर खतरों की ओर ले जा रहा है

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया, रील, फोन व इंटरनेट की लत ने बच्चों से लेकर बड़ों तक के जीवन में जहर की तरह काम करना शुरू कर दिया है। इसके कारण 10 वर्ष में लोगों में एकाग्रता का स्तर 30 मिनट से घटकर 7 सेकंड तक आ गया है। एकाग्रता की कमी उन्हें धैर्य की कमी की ओर धकेल रहा है। जिससे उच्च रक्तचाप, मधुमेह व अवसाद जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ने के साथ ही याददाश्त की कमी व कम उम्र में भूलने की बीमारी बढ़ने लगी है। इस बारे में एक शोध के बाद एम्स के मनोचिकित्सक डाक्टर नंद कुमार, डाक्टर दीपिका व डाक्टर निषाद अहमद ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।डाक्टर नंद ने बताया कि इंटरनेट पर ज्यादा समय बिताना विशेषकर रील व अन्य सोशल मीडिया पर लोगों के एकाग्रता व धैर्य को खतरनाक स्तर तक खो रहा है। यह बच्चों को तो गंभीर खतरों की ओर ले जा रहा है। शोध में यह पता चला है कि इंसानों के एकाग्रता का जो स्तर व समय जो आज से 10 साल पहले 20 से 30 मिनट तक था वह अब घटकर मात्र सात सेकंड रह गया है। उन्होंने बताया कि इंसान की एकाग्रता इतनी ज्यादे भंग हुई है कि यह अब गोल्ड फिश से भी कम रह गई है। गोल्ड फिश की एकाग्रता नौ सेकंड है।डाक्टर नंद ने बताया कि उन्होंने बच्चों को इससे बचाने के लिए 'मेट फाइव परियोजना' बनाई है जिसमें पांच गतिविधियों से बच्चों का बेहतर विकास संभव है। बाल मनोरोग से बच्चों को बचाने के लिए तैयार की गई खास कार्यशाला 'मेट फाइव' को दिल्ली के चार स्कूलों में चलाया गया। सफलता मिलने के बाद एम्स दिल्ली ने मेघालय के 20 स्कूलों में 'मेट फाइव पायलट' परियोजना शुरू की है जो बच्चों की सामाजिक मेलजोल आपसी संबंध व मानसिक सेहत सभी को बेहतर करके अच्छा इंसान बनाने में मदद कर रहा है। एम्स ने ऐसे बच्चों को पुरस्कृत किया।

## कांग्रेस का ईडी ऑफिस के बाहर जोरदार प्रदर्शन, दफ्तर के बोर्ड पर कालिख पोती

**पटना (आईएएनएस)**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नेशनल हेराल्ड के मुद्दे पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किए जाने के विरोध में बिहार कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पटना में ईडी दफ्तर के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी दफ्तर के बाहर लगे बोर्ड पर स्प्रे से कालिख पोती और केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारे लगाए। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मार्च करते हुए पटना स्थित ईडी दफ्तर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने कहा, "जिस तरह से ईडी भाजपा की एजेंसी बनकर काम कर रही है। जिस तरीके से ईडी द्वारा दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई हो रही है, वह गलत है।



22 कोचों के पंचवटी एक्सप्रेस के सभी यात्री इसका उपयोग कर सकते हैं, क्योंकि ये सभी कोच वेस्टिबुल के माध्यम से जुड़े हुए हैं

## अब चलती ट्रेन में कर सकेंगे कैश निकासी

# पंचवटी एक्सप्रेस में लगा भारत का पहला ट्रेन एटीएम

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस में देश का पहला ट्रेन एटीएम स्थापित कर दिया है। इसके सुविधा के बाद, यात्री चलती ट्रेन में आसानी से कैश निकाल सकते हैं। एटीएम को ट्रेन के एसी कोच में स्थापित किया गया है और इसका ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। यह मशीन यात्रियों को ट्रेन चलने के दौरान भी कैश निकालने की सुविधा देती है। इसे भारतीय रेलवे की इनोवेटिव और नॉन-फेयर रेवेन्यू आईडिया (आईएनएफआरआईएस) के हिस्से के रूप में पेश किया गया है।

इस पहल को भारतीय रेलवे के भुसावल डिवीजन और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बीच सहयोग से शुरू किया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रायल अच्छा रहा और पूरी यात्रा के दौरान मशीन सुचारू रूप से काम करती रही। हालांकि, इगतपुरी और कसारा के बीच के हिस्से में कुछ समय के लिए नेटवर्क संबंधी समस्याएं आईं, क्योंकि यह रीजन सुरंगों और सीमित मोबाइल कनेक्टिविटी के कारण खराब सिग्नल के लिए जाना जाता है। भुसावल के मंडल रेल प्रबंधक इति पांडे ने कहा, "परिणाम अच्छे रहे। लोग अब यात्रा के दौरान कैश निकाल सकेंगे। हम मशीन के प्रदर्शन की निगरानी करते रहेंगे। पांडे ने आगे कहा कि यह आईडिया पहली बार भुसावल डिवीजन द्वारा आयोजित आईएनएफआरआईएस बैठक के दौरान प्रस्तावित किया गया था। हालांकि, एटीएम को एसी कोच में रखा गया है, लेकिन पंचवटी एक्सप्रेस के सभी 22 कोचों के यात्री इसका उपयोग कर सकते हैं, क्योंकि ये सभी कोच वेस्टिबुल के माध्यम से जुड़े हुए हैं।

### पंचवटी और जन शताब्दी एक्सप्रेस के यात्रियों को मिलेगा खास फायदा

कैश निकासी के अलावा, यात्री एटीएम का उपयोग चेक बुक ऑर्डर करने और खाता विवरण प्राप्त करने के लिए भी कर सकते हैं। बड़ी बात यह है कि यही एटीएम मुंबई-हिंगोली जन शताब्दी एक्सप्रेस के यात्रियों के लिए भी उपलब्ध होगा, क्योंकि यह पंचवटी एक्सप्रेस के साथ एक ही रेक साझा करता है। इसका मतलब है कि लंबे रूट पर ज्यादा यात्रियों को भी इस सुविधा का फायदा मिलेगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, एटीएम में शटर सिस्टम लगाया गया है और चौबीसों घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाती है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि यदि यह सेवा यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो जाती है तो इसे और अधिक ट्रेनों में विस्तारित किया जा सकता है।



## भारत सपरिवार आ रहे हैं अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस

**ब्यूरो**

- दिल्ली, जयपुर ,आगरा का दौरा करेंगे, वाराणसी का नहीं
- दिल्ली में लाल किला, जयपुर में आमेर का किला, आगरा में ताजमहल में हो रही व्यवस्था चाक-चौबंद
- मोदी के साथ बैठक करेंगे, टैरिफ पर हो सकती है बात

**नई दिल्ली।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस परिवार सहित 18 से 24 अप्रैल तक इटली व भारत की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह दोनों देशों में घूमेंगे और राजनीतिक -आर्थिक बैठक भी करेंगे। जेडी वेंस सपरिवार दिल्ली , जयपुर व आगरा का दौरा करेंगे, लेकिन भारत की पुरातन धार्मिक नगरी व पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी क्यों नहीं जा रहे हैं , इस पर लोगों को अचरज हो रहा है। उपराष्ट्रपति सपरिवार सांस्कृतिक स्थलों पर कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे ।बुधवार को अमेरिकी दूतावास व पुलिस अधिकारियों ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के प्रस्तावित दौरे को लेकर आमेर फोर्ट का सुरक्षा जायजा लिया। अधिकारियों ने आमेर फोर्ट व आसपास इलाकों का बड़ी ही बारीकी के साथ निरीक्षण किया है ।इसके अलावा आमेर महल प्रबंधन की ओर से भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। महल परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा इंतजाम और आगंतुकों की आवाजाही को व्यवस्थित करने को लेकर तैयारियां चल रही हैं। सुरक्षा एजेंसियां भी सभी पहलुओं की बारीकी से नजर रख रही हैं ।इसी तरह उनके आगरा के ताजमहल और दिल्ली के लाल किला जैसे स्थलों पर जाने की संभावना के मद्देनजर भी तैयारी की जा रही है।

## इजरायली नीतियों पर फिर उठे सवाल- गाजा को राहत से वंचित किया गया



**यरूशलम (आईएएनएस)।** इजरायली रक्षा मंत्री ने बुधवार को कहा कि गाजा की आबादी पर हमास के नियंत्रण को कमजोर करने के लिए वहां मानवीय सहायता रोकने की नीति अपनाई गई है। इजरायल काट्ज ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और वरिष्ठ सैन्य कमांडरों के साथ गाजा के दौरे के एक दिन बाद यह बयान दिया। कैट्ज ने कहा, "इजरायल की नीति स्पष्ट है - कोई भी मानवीय सहायता गाजा में प्रवेश नहीं करने वाली। उन्होंने कहा, "मौजूदा हालात में कोई भी गाजा में मानवीय सहायता लाने की तैयारी नहीं कर रहा है और न ही ऐसा करने का इरादा रखता है। 2 मार्च को इजरायल ने गाजा में भोजन, पानी, दवा, ईंधन और अन्य आपूर्ति के प्रवेश पर रोक को फिर से लगा दी। नेतन्याहू ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य हमास पर युद्ध विराम और बंधक-मुक्ति समझौते के पहले चरण को बढ़ाने के लिए दवाब डालना था।

## कैंसर पर एनटीयू व एनएचजी का सर्वे परिणाम

# ज्यादातर लोग कैंसर की जांच के लिए तैयार, लेकिन वे करा नहीं पाते हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एशिया में बहुत से लोग कैंसर की जांच के लिए तैयार हैं, लेकिन इरादे व कार्रवाई के बीच अंतर बना हुआ है, यह नानयांग टेक्नालाजिकल यूनिवर्सिटी ( एनटीयू ) सिंगापुर और नेशनल हेल्थ केयर ग्रुप (एनएचजी) द्वारा किए गए एक बहु-देशीय अध्ययन में पाया गया। स्वास्थ्य व्यवहार संबंधी अपनी सोच व उसमें ,सुधार के लिए सिंगापुर की पहली अकादमिक-क्लीनिकल इकाई एशिया में स्वास्थ्य व्यवहार संबंधी रुझानों पर प्रकाश डालती है। सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों से प्रेरित होकर, लोग कैंसर की जांच करवाने के विचार के लिए तैयार हो सकते हैं। हालांकि, नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर (एनटीयू, सिंगापुर) व नेशनल हेल्थ केयर ग्रुप (एनएचजी) द्वारा किए गए 10-देशों के एक अध्ययन के प्रारंभिक निष्कर्षों के अनुसार, इस इरादे व उनके वास्तविक व्यवहार के बीच अंतर मौजूद है। सिंगापुर में, जहाँ महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे आम है, 40 वर्ष और उससे ज़्यादा आयु की 75 % महिला सर्वेक्षण प्रतिभागियों ने कहा कि यदि उन्हें मैमोग्राम की पेशकश की जाती है तो वे संभवतः मैमोग्राम करवाएँगी। हालाँकि, बीते दो वर्षों में वास्तव में 34 % ने मैमोग्राम करवाया है। इसी तरह, कोलोरेक्टल कैंसर की जांच के लिए, सिंगापुर में 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 70 % प्रतिभागियों ने मल परीक्षण कराने का इरादा जताया, लेकिन पिछले वर्ष केवल 27 % ने मल परीक्षण कराया या कोलोनोस्कोपी कराई। दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक किए गए अध्ययन में सर्वेक्षण किए गए अन्य 9 देशों में भी इरादे और व्यवहार के बीच यह अंतर देखा गया, जिसमें लगभग 10,000 प्रतिभागी शामिल थे। ये प्रारंभिक निष्कर्ष एक बड़े अध्ययन का हिस्सा हैं जो एशिया में विभिन्न स्वास्थ्य व्यवहारों में तह तक जाता है । ये निष्कर्ष बदले में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और नीति निर्माताओं को रोगी आबादी व समुदाय दोनों में प्रभावी नज़र और हस्तक्षेप, साथ ही अनुरूप उपचार रणनीतियों को विकसित करने और लागू करने में मार्गदर्शन करेंगे। ये 10 देश हैंः चीन, भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और वियतनाम।

यह अध्ययन एशियन सेंटर फॉर हेल्थ बिहेवियरल इनसाइट्स एंड इंटरवेंशन (एच ए बी आई टी एस) द्वारा किया गया है, जो एनटीयू सिंगापुर और एनएचजी द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक नया शोध केंद्र है। यह सिंगापुर की पहली एकीकृत शोध इकाई है जो स्वास्थ्य व्यवहार विज्ञान को समर्पित है। एनटीयू के अध्यक्ष प्रोफेसर हो टेक हुआ ने कहाः "स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए, यह आवश्यक है कि हम मानव व्यवहार को समझें। तभी हम लोगों को अच्छी आदतें विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरणा दे सकते हैं। एचएबीआईटीएस एक अंतःविषय सहयोगी मंच के रूप में काम करेगा, जहाँ व्यवहार वैज्ञानिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी, साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेप विकसित करने के लिए चिकित्सा डॉक्टरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे।" एनएचजी के समूह सीईओ प्रोफेसर जो सिम ने कहाः "एचएबीआईटीएस एक गेम चेंजर साबित होगा क्योंकि हम अपनी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बदलने और सिंगापुर के लोगों को स्वस्थ जीवन के वर्ष जोड़ने के लिए स्वास्थ्य सेवा और स्वास्थ्य चाहने वाले व्यवहारों को समझने और संशोधित करने का प्रयास करते हैं।" डिजिटल विकास और सूचना मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ राज्य मंत्री डॉ. जनिल पुथुचेरी ने आधिकारिक तौर पर एचएबीआईटीएस का शुभारंभ किया। एनटीयू में एचएबीआईटीएस के केंद्र निदेशक और एसोसिएट प्रोवोस्ट (संकाय मामले) प्रोफेसर मे ओ. ल्विन ने कहाः "हमारे बहु-देशीय अध्ययन से पता चलता है कि एक निश्चित इरादा हमेशा कार्रवाई में तब्दील नहीं होता है। इसका मतलब है कि डॉक्टरों के लिए मरीजों की जांच, निदान, जीवनशैली व्यवहार निर्धारित करना ही पर्याप्त नहीं है। प्रभावी हस्तक्षेप विकसित करने के लिए, स्वास्थ्य निर्णयों को आकार देने वाले कारकों को समझना महत्वपूर्ण है। हमारा बहु-देशीय अध्ययन पूरे एशिया में स्वास्थ्य व्यवहार प्रवृत्तियों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। इन पैटर्नों में गहराई से जाने से, हम लक्षित हस्तक्षेपों को डिजाइन करने की उम्मीद करते हैं जो न केवल सिंगापुर में बल्कि पूरे क्षेत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं।" प्रोफेसर चोंग फुई-नाह, क्लीनिकल डायरेक्टर, एचएबीआईटीएस, और वरिष्ठ सलाहकार और वरिष्ठ सलाहकार (पारिवारिक चिकित्सा), एनएचजी, ने कहाः "एचएबीआईटीएस सिंगापुर का पहला व्यवहारिक स्वास्थ्य अनुसंधान केंद्र है जो शिक्षा और नैदानिक अभ्यास को जोड़ता है। यह एचएबीआईटीएस को कई बीमारियों और विषयों में अनुसंधान को एकीकृत करने और क्लिनिक और समुदाय में अनुसंधान का अनुवाद करने की अनूठी क्षमता प्रदान करता है, यह सुनिश्चित करता है कि संपूर्ण अपने भागों के योग से बड़ा है। अपने नैदानिक शाखा के माध्यम से, एचएबीआईटीएस स्वास्थ्य मंत्रालय, स्वास्थ्य संवर्धन बोर्ड और पारिस्थितिकी तंत्र में अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम करेगा। यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य रणनीति के साथ घनिष्ठ संरेखण सुनिश्चित करेगा, कार्यान्वयन और नीति परिवर्तनों को सुविधाजनक बनाएगा, और अंततः जनसंख्या स्वास्थ्य में सुधार करेगा।" व्यवहारिक अंतर्दृष्टि के माध्यम से जनसंख्या स्वास्थ्य को आगे बढ़ाना एचएबीआईटीएस एनटीयू के ली कोंग चियान स्कूल ऑफ मेडिसिन और वी किम वी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन एंड इंफॉर्मेशन के 30 से अधिक शोधकर्ताओं और एनएसजी के बहु-विषयक चिकित्सकों को एक साथ लाता है। इसका उद्देश्य सिंगापुर व एशियाई आबादी में प्राथमिक स्वास्थ्य चिंताओं को बढ़ाने वाले अंतर्निहित कारकों की पहचान करना और ज्ञान और समाधान विकसित करना है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति को प्रभावित करेगा, स्वास्थ्य संवर्धन प्रयासों को आगे बढ़ाएगा और स्वस्थ एनएसजी जैसी राष्ट्रीय रणनीतियों का समर्थन करेगा।



- चीन, भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड व वियतनाम में हुए सर्वे में यह बात सामने आई

## अमेरिका की यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

### 50 से ज्यादा ठिकानों पर एयर स्ट्राइक

**अदन (आईएएनएस)।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने बुधवार को यमन में हूती ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। अमेरिकी विमानों ने यमन के उत्तर, मध्य और पश्चिम के कई प्रांतों में 50 से अधिक हूती ठिकानों को निशाना बनाया। हूती समूह के अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। हालांकि हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी एयर स्ट्राइक के चलते हताहतों की संख्या का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमलों का जवाब दिया जाएगा। समूह ने कहा कि वह इजरायल या संयुक्त राज्य अमेरिका से जुड़े जहाजों पर हमला करना जारी रखेगा। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि यूके समुद्री व्यापार परिचालन (यूकेएमटीओ) ने मंगलवार रात को बताया कि अदन से लगभग 100 समुद्री मील पूर्व में एक जहाज का कई छोटे जहाजों ने दो घंटे तक पीछा किया। छोटे जहाजों पर हथियारबंद शख्श सवार थे। मुठभेड़ के दौरान गोलियां भी चलाई गईं। यूकेएमटीओ ने कहा, "जहाज ने यमनी कोस्टलाइन की ओर अपना रास्ता बदल लिया। सभी चालक दल सुरक्षित और स्वस्थ हैं। जहाज अपने अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है। यह कई महीनों में यूकेएमटीओ की तरफ क्षेत्र में रिपोर्ट की गई पहली ऐसी घटना है।

## पाकिस्तान में इजरायल विरोधी प्रदर्शन के दौरान केएफसी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

**लाहौर (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में इजरायल विरोधी प्रदर्शन के दौरान अमेरिकी फास्ट-फूड चेन केएफसी के एक कर्मचारी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रांतीय राजधानी लाहौर से लगभग 50 किलोमीटर दूर शेखपुरा में घटी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि, 15 अप्रैल को सुबह-सुबह बड़ी संख्या में तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं ने आउटलेट पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करते हुए स्टाफ के सदस्यों पर गोलियां चलाईं। आसिफ नवाज नाम के एक कर्मचारी को गोली मार दी गई, जबकि अन्य भागने में सफल रहे। 45 वर्षीय नवाज को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।




कहानी फिल्म जगत की

# दीपिका-रणवीर

## ने बेटी के लिए खरीदा नया घर



जब बॉलीवुड के इस जोड़े को मुंबई में एक प्रसूति क्लिनिक के अंदर जाते हुए देखा गया, तो चर्चाएं तेज़ हो गईं। पिंकविला के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट की गई एक क्लिप में, दबंग 2 के निर्देशक-निर्माता अपनी पत्नी के साथ अस्पताल जाते हुए देखे गए।

हाल ही में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह उन्हें मुंबई में एक प्रसूति क्लिनिक के बाहर भी देखा गया। खैर, यह वही है जिसके बारे में नेटिज़न्स कुछ समय से अटकलें लगा रहे थे। जब बॉलीवुड के इस जोड़े को मुंबई में एक प्रसूति क्लिनिक के अंदर जाते हुए देखा गया, तो चर्चाएं तेज़ हो गईं। पिंकविला के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट की गई एक क्लिप में, दबंग 2 के निर्देशक-निर्माता अपनी पत्नी के साथ अस्पताल जाते हुए देखे गए। क्रिकेटर ज़हीर खान और उनकी अभिनेत्री पत्नी सागरिका घाटगे एक बेटे के माता-पिता बन गए हैं। बुधवार को, सागरिका ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की और बच्चे के आने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने बेटे का नाम फ़तेहसिंह खान रखा है। सागरिका ने एक तस्वीर भी पोस्ट की जिसमें ज़हीर अपने बच्चे को गोद में लिए हुए नज़र आ रहे हैं और सागरिका भी उनके बगल में खड़ी हैं।



## हेमंत सोरेन की स्वीडन और स्पेन यात्रा का मिला क्लीयरेंस

# 11 सदस्यीय टीम कल होगी रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर जाएगी। इसके लिए पॉलिटिकल क्लीयेंस मिल गया है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य राज्य में निवेश आकर्षित करना और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी साझेदारी की पहचान करना है। टीम में मुख्यमंत्री की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। टीम 18 अप्रैल को रांची से विदेश के लिए रवाना होगी और 19 से 27 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन के दौरे पर रहेगी।

**कितना होगा खर्च :** सीएम के इस दौरे को आयोजित करने के लिए पुणे की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को 3.50 करोड़ रुपये प्लस जीएसटी का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा 25 लाख रुपये आकस्मिक और दैनिक मदों पर खर्च किए जाएंगे।

**टीम के सदस्य :** स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर जाने वालों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा मुख्यमंत्री की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सेवानिवृत आईएफएस और टास्क फोर्स सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन के अध्यक्ष एके रस्तोगी शामिल हैं।

इनके अलावा उद्योग सचिव अरवा राजकमल, जेएसएमडीसी के एमडी राहुल कुमार सिन्हा, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, एमडी जेआईआईडीसीओ वरुण रंजन, संयुक्त निदेशक उद्योग प्रणव कुमार पाल, मुख्यमंत्री के निजी सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह शामिल हैं।

## केंद्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार आम लोगों से मिले मुख्यमंत्री, सुनीं समस्याएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को अपने कांके रोड स्थित आवास पर आम लोगों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनकी परेशानियों को समझा। इस दौरान उन्होंने लोगों से आवेदन भी प्राप्त किए और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री ने लोगों को दिया समाधान का भरोसा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सरकार जन समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संकल्पबद्ध है। इस दौरान विभिन्न संगठनों के लोगों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

**लोगों ने बताई अपनी समस्याएं**

आम लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताईं। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें समाधान का भरोसा दिलाया। इससे पहले भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका में आम लोगों से मुलाकात की थी और उनकी समस्याओं का समाधान किया था।



### रांची में पहली बार एयर शो, सीएम को दिया गया निमंत्रण



**रांची।** रांची में पहली बार भारतीय वायुसेना का एयर शो होने जा रहा है। इस खास कार्यक्रम के लिए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रण दिया है। यह एयर शो 19 और 20 अप्रैल 2025 को खोजा टोली, नामकुम के आर्मी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस शो में भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम शामिल होगी। यह टीम आसमान में हवाई जहाज से जबरदस्त करतब दिखाएगी, जिसे लोग देख कर हैरान रह जाएंगे। एयर शो 19 और 20 की सुबह 9:45 बजे से 10:45 बजे तक चलेगा। यानी हर दिन एक घंटे तक यह कार्यक्रम होगा।

## मंत्री ने हज यात्रियों के बीच बांटे हेल्थ कार्ड

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** हज हाउस में हज 2025 में जाने वाले हाजियों के लिए ट्रेनिंग कैंप का आयोजन झारखंड राज्य हज कमिटी द्वारा किया गया जिसमें मुफ्ती व उलमा इकराम एवं जानकार हाजी ने हज के सफर के मुतल्लिक खास बातों को हूजाज इकराम के बीच रखा। कैंप में मोहम्मद नौशाद भी मौजूद थ। हज पर जा रहे आजमीने हजी इकराम को हेल्थ कार्ड का वितरण भी किया गया जिसकी शुरूआत हज पर जा रहे मोहम्मद नौशाद अध्यक्ष लोक सेवा समिति आदि को अपने हाथों से मंत्री इरफान अंसारी और हफीजुल अंसारी ने दे कर किया। बरियातू स्थित इदरीश हॉस्टल की एक टीम डॉक्टर मोहम्मद खुर्शीद के नेतृत्व में मुफ्त मेडिकल और दवा कैम्प लगा कर दिया गया।

## पेज एक के शेष

### जवाबदेही तय कर लापरवाह...

हैं बल्कि कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों में जागरूकता और सहयोग की भावना भी विकसित होती है। इधर, पलामू के पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन शिविरों ने पुलिस और आम जनता के बीच संवाद और विश्वास की एक नई राह खोली है। पहले जहां शिकायतों पर सुनवाई की प्रक्रिया लंबी और कठिन होती थी, वहीं अब इन शिविरों के माध्यम से आम लोग सीधे उच्च अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रख पा रहे हैं। इस पहल से पुलिस-पब्लिक रिलेशनशिप में सकारात्मक परिवर्तन आया है।उन्होंने यह भी बताया कि कई पुराने लंबित मामलों में शिविरों के माध्यम से तेजी से कार्रवाई की गई है और जनता की संतुष्टि का स्तर भी बढ़ा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शिकायत लेना नहीं, बल्कि उसका ठोस निष्पादन करना है। हम चाहते हैं कि आम लोग कानून और व्यवस्था की प्रक्रिया में खुद को शामिल और सुरक्षित महसूस करें।

### आपकी मेहनत हमारी ताकत...

साथ निभाया जाएगा। ज्ञात हो कि हेमंत सोरेन को 14-15 अप्रैल को रांची में आयोजित झामुमो के 13वें महाधिवेशन में अध्यक्ष चुना गया था। 38 वर्षों तक झामुमो के अध्यक्ष रहे उनके पिता शिबू सोरेन ने स्वयं अधिवेशन में उनका नाम इस पद के लिए प्रस्तावित किया, जिसका सभी प्रतिनिधियों ने ध्वनिमत से समर्थन किया था। इसके पहले हेमंत सोरेन वर्ष 2015 से झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे थे।

**बाबूलाल के पेट में दर्द क्यों :** झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी पर पलटवार किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा था कि आने वाले 20 साल तक हेमंत सोरेन अध्यक्ष रहेंगे। इस पर पलटवार करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल जी के पेट में दर्द क्यों होता है। उनके इलाज करवाने की जिम्मेवारी पार्टी लेती है। रिनपास या रिम्स जहां कहेंगे, उनका इलाज कराया जाएगा। बाबूलाल जी बहुत बड़े चीज हैं, बहुत कुछ को बहुत चीजों के साथ जोड़ देंगे। वहीं, राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा पर कहा कि उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, वहां के हालातों पर भी वे ध्यान दें कि किस तरह की अमानवीय घटनाएं वहां घट रही हैं।

### युवा अध्यक्ष पाकर हम सब...

कार्यालय में यह उनका पहला और शुभ दिन था। यहां मैंने और मेरे साथी विनोद पांडेय ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में कई कार्यकर्ता उपस्थित थे, सभी ने उनका स्वागत किया। हेमंत सोरेन ने कार्यालय का भ्रमण कर चीजों का अध्ययन किया। सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय कार्यालय, जो बरियातु में निमाणार्धीन था, अब पूर्ण होने वाला है। लगभग दो-तीन महीनों के अंदर हमलोग वहां चले जाएंगे। नए अध्यक्ष और संस्थापक संरक्षक गुरुजी उसका उद्घाटन करेंगे। कुछ सांगठनिक पहलुओं पर बातचीत भी हुई है। प्रत्येक सप्ताह यहां सरकार के जो छह मंत्री हैं, एक-एक कर यहां बैठेंगे। यहां पार्टी के कार्यकर्ता और आम लोग भी आएंगे। इसका रोस्टर बहुत जल्द सबके सामने आएगा। हेमंत सोरेन यहां आए, यह हमसबों को अच्छा लगा। उन्हें अध्यक्ष के तौर पर पाकर हम सब गौरवान्वित महसूस करते हैं। हमलोगों को युवा अध्यक्ष मिला है, नई उर्जा के साथ हमलोग काम करेंगे। लगभग एक घंटा से ऊपर उन्होंने यहां समय दिया।

### गुरुग्राम जमीन मामले में...

वाड्रा ने रास्ते में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि यह मामला करीब 20 साल पुराना है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के तहत निशाना बनाया जा रहा है। वाड्रा ने कहा कि मैं जांच एजेंसियों के कार्यालयों में 15 बार गया हूं। मुझसे एक बार में 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई, मैंने 23,000 दस्तावेज जमा किए हैं। फिर वे मुझसे एक हफ्ते में ये दस्तावेज फिर से जमा करने के लिए कहते हैं, यह कैसे चल सकता है? केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी हरियाणा में वर्ष 2008 के एक जमीन सौदे से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली हरियाणा की कांग्रेस सरकार ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा की इस डीएलएफ जमीन घोटाले में मदद की थी।

## नेशनल हेराल्ड मामला

# चार्जशीट के विरोध में कांग्रेस का ईडी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर चार्जशीट दर्ज करने के विरोध में कांग्रेस ने रांची में ईडी कार्यालय का घेराव किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। झारखंड प्रभारी के राजू ने कहा कि भाजपा द्वारा लोकतंत्र और संविधान की हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को क्लीन चिट मिल चुकी है, लेकिन फिर से यह मामला उठाया जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री कांग्रेस पार्टी की सक्रियता से बौखला गए हैं।

**किसी राज्य में चुनाव आते ही ईडी सक्रिय हो जाती है : केशव कमलेश**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जब भी देश के किसी राज्य में चुनाव आते हैं, भाजपा की ईडी सक्रिय हो जाती है ताकि जनता की आवाज दबाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचारियों को अपने दल में शामिल कर रखा है और विपक्ष को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं।

**विपक्ष की आवाज दबाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात : सिरिवेला प्रसाद**

झारखंड के सह प्रभारी डॉ सिरिवेला प्रसाद ने कहा कि विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात है। भाजपा नफरत फैलाकर देश को गुमराह कर रही है।

**कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देगी : प्रदीप यादव**

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की ओर से बदले की राजनीति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देगी।

**प्रदर्शन में ये रहे मौजूद :** इस प्रदर्शन में अनादि ब्रहम, प्रदीप तुलस्यान, रविन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा दीपू, अमुल्य नीरज सोनाल शांति, सुरेन्द्र सिंह, अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक, गजेंद्र सिंह शशिभूषण राय, जगदीश साहु, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, ईश्वर आनंद, एम तौसीफ खलखो, बेलस तिर्की, निरंजन पासवान, केके गिरी, अरूण साहू, इन्दिरा तुरी, धर्मराज राम, जगरनाथ साहु, राजू राम, शहबाज अहमद, फिरोज रिज्वी, योगेन्द्र सिंह बेनी, अर्चना मिश्रा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

## कांग्रेस पार्टी चोरी भी करती है और सीनाजोरी भी : बाबूलाल मरांडी




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद कांग्रेस पर निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चोरी भी करती है और धरना प्रदर्शन के रूप में लूट को छिपाने के लिए सीनाजोरी भी करती है।

**नेशनल हेराल्ड कभी नेहरू खानदान की जागीर नहीं रहा :** मरांडी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड को 1937 में शुरू किया गया था और शुरूआत में इसके 5 हजार शेयर होल्डर्स थे। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड कभी नेहरू खानदान की जागीर नहीं रहा, इसमें उस समय के बड़े-बड़े क्रांतिकारियों का भी सहयोग था। मरांडी ने आरोप लगाया कि झारखंड की हेमंत सरकार ने नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन देकर झारखंड के गरीबों के पैसे को लुटवाया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों के विज्ञापन नेशनल हेराल्ड को हेमंत सरकार ने दिया है। मरांडी ने मीडिया से आग्रह किया कि वे 13 अगस्त 2023 और 21 जनवरी 2024 को झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के फोटो सहित छपे विज्ञापन की जांच करें।

**कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड को बनाया अपना एटीएम :** मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड को अपने निजी व्यापार में बदल दिया और अपना एटीएम बना लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इसकी घोर भर्त्सना करती है और कांग्रेस पार्टी की प्रतिक्रिया और ईडी को धमकाने की भाषा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह देश की विधिक प्रक्रिया का खुला उल्लंघन है। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, लोहरदगा
## (मनरेगा कोषांग)

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक (N)244 (अनु0) दिनांक 27.02.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण फलदार पौधों (आम, अमरूद, नींबू, बेर, कटहल, सहजन, चीकू, नाशपाती, लीची, संतरा) एवं पत्रांक (N)824(अनु0) दिनांक 22.07.2021 के आलोक में इमारती पौधों का क्रय किया जाना है। इस हेतु झारखण्ड राज्य में अवस्थित NHB रजिस्र्टड नर्सरियों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

साथ ही विभागीय पत्रांक (N)273(अनु0) दिनांक 03.03.2025 के आलोक में उक्त योजना हेतु खाद् एवं अन्य सामग्रियों के क्रय के लिये योग्य एवं पंजीकृत ग्राम संगठन/कृषक उत्पादक कंपनी/कृषक उत्पादक समूह/कृषक को–ऑपरेटिव जिनके पास सामग्रियों के कारोबार करने का प्रमाण पत्र एवं GST No. उपलब्ध है, उनसे मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता से सीलबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 24.04.2025 को 10.30 बजे पूर्वाह्न तक उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा, लोहरदगा के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा दिनांक 24.04.2025 को 11.30 बजे पूर्वाह्न निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

नोट :– निविदा की विस्तृत शर्त्ते एवं अन्य जानकारी लोहरदगा जिले के वेबसाईट **https://lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। दिनांक 19.03.2025 को किसी भी निविदादाता द्वारा निविदा समर्पित नहीं किये जाने के कारण पुनः निविदा आमंत्रित की गई है।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
लोहरदगा।

PR.NO.350489 Lohardaga(25-26):D



## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

72वीं औपबंधिक सूची
जिला– लोहरदगा (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण:– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामनंदन साहु एवं पुष्कर महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–569 2. आवेदक–आनन्द कुमार साहु , पिता–महाबीर प्रसाद<br>3. ग्राम–कुडू , पोस्ट–कुडू , थाना–कुडू, प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हथेली पर जलने का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–143 2. आवेदक–नन्दकिशोर शुक्ला , पिता–स्व0 काशीराम शुक्ला<br>3. ग्राम–मुर्की , पोस्ट–अरेया , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–10/25 2. आवेदक–सुरेन्द्र उराँव , पिता–स्व0 चरकु उराँव<br>3. ग्राम–मेढ़हो , पोस्ट–कोराम्बे , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–165 2. आवेदक–बिनु महतो , पिता–केवल महतो<br>3. ग्राम–कल्हेपाट , पोस्ट–अर्रू , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथे में दाहिने तरफ घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–498 2. आवेदक–बसंत उराँव , पिता–चमरा उराँव<br>3. ग्राम–बंसरी , पोस्ट–सेन्हा, थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–147 2. आवेदक–अनिल कुमार साहु , पिता–महाबीर साहु<br>3. ग्राम–बरवाटोली , पोस्ट–पंडरा , थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–शिवनन्दन साहु , पिता–नारायण साहु<br>3. ग्राम–सेन्हा , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विशेषण भगत एवं अमर किण्डो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–11/25 2. आवेदक–लक्ष्मण भगत, पिता–स्व0 चिलगु उराँव<br>3. ग्राम–कैरो विराजपुर ,पोस्ट–कैरा, थाना–कैरो, प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–12/25 2. आवेदक–मंगु उराँव , पिता–शनिया उराँव<br>3. ग्राम–कैरो विराजपुर ,पोस्ट–कैरा, थाना–कैरो, प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–13/25 2. आवेदक–कदवा उराँव , पिता–लोला उराँव<br>3. ग्राम–कैरो विराजपुर ,पोस्ट–कैरा, थाना–कैरो, प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां सीना में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–14/25 2. आवेदक–विलियम कुजूर , पिता–स्व0 बरनवास कुजूर<br>3. ग्राम–शांतिनगर, किस्को मोड़ , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें जांघ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिनोद भगत , चैतु मुण्डा एवं राजु महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–15/25 2. आवेदक–कर्मा उराँव , पिता–स्व0 लोहरा उराँव<br>3. ग्राम–एकागुडी ,पोस्ट–डाडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–16/25 2. आवेदक–बाबुलाल उराँव , पिता–स्व0 भौवा उराँव<br>3. ग्राम–चितरी महुवाटोली ,पोस्ट–डाडु , थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह– दोनों कान में कौनोसी का छेद का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–17/25 2. आवेदक–बिजुआ उराँव , पिता–स्व0 रामदेव उराँव<br>3. ग्राम–डाडु ,पोस्ट–डाडु , थाना–सेन्हा प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह– माथे में चोट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–18/25 2. आवेदक–जबा उराँव , पिता–स्व0 लोहरा उराँव<br>3. ग्राम–एकागुडी ,पोस्ट–डाडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–61वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–19/25 2. आवेदक–बिरेन्द्र उराँव , पिता–स्व0 बिरसु उराँव<br>3. ग्राम–मेढो ,पोस्ट–कोराम्बे, थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–54वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां आँख में भावे में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–20/25 2. आवेदक–शीला देवी मिंज , पति–मंगरा मिंज<br>3. ग्राम–तोडार सरना टोली ,पोस्ट–जुरिया , थाना–सेन्हा ,प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला ,आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में खोदा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–51/25 2. आवेदक–मनीलाल उराँव , पिता–स्व0 मंगरा उराँव<br>3. ग्राम–हिसरी ,पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–21/25 2. आवेदक–लक्ष्मनिया उराँव , पति–महेश उराँव<br>3. ग्राम–बोगा ,पोस्ट–हिसरी , थाना–किस्को ,प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–महिला ,आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में खोदा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–22/25 2. आवेदक–आश उराँव , पति–स्व0 जयपाल उराँव<br>3. ग्राम–जुरिया गदी टोली ,पोस्ट–जुरिया , थाना–लोहरदगा ,प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–महिला ,आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–23/25 2. आवेदक–महेश प्रसाद साहु , पिता–स्व0 राम लखन साहु<br>3. ग्राम–बरवाटोली लोहरदगा,पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा ,प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–24/25 2. आवेदक–बसंती उराईन , पति–जयसिंह उराँव<br>3. ग्राम–खरता ,पोस्ट–खरता, थाना–कैरो, प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–महिला ,आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में खोदा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–129/25 2. आवेदक–देवमैन उराँव , पति–स्व0 मंगा उराँव<br>3. ग्राम–जोलो ,पोस्ट–लुगदु, थाना–बसिया , प्रखण्ड–बसिया<br>4. लिंग–महिला ,आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में खोदा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–71/25 2. आवेदक–असीम कच्छप , पिता–स्व0 शम्भू कच्छप<br>3. ग्राम–अख्रा चौक पुर्वी पुरानी राँची ,पोस्ट–जी0पी0ओ0 राँची, थाना–कोतवाली ,प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें माथे में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–35/25 2. आवेदक–सीता उरांव , पति–रामदयाल उरांव<br>3. ग्राम–झाखरा, जितियाटोली, ,पोस्ट–बुटी, थाना–सेन्हा ,प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला ,आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना मुंह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–36/25 2. आवेदक–लक्ष्मी देवी, पति–अर्जुन ठाकुर<br>3. ग्राम–झाखरा, ,पोस्ट–बुटी, थाना–सेन्हा ,प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला ,आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–37/25 2. आवेदक–कुंवर लोहरा , पिता–स्व0 धर्मदेव लोहरा<br>3. ग्राम–किस्को ,पोस्ट–किस्को, थाना–किस्को ,प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–38/252. आवेदक–रामदयाल उरांव , पिता–स्व0 महलू उरांव<br>3. ग्राम–झाखरा, जितियाटोली, ,पोस्ट–बुटी, थाना–सेन्हा ,प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जलेश्वर उराँव एवं एतवा उराँव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–25/25 2. आवेदक–महेन्द्र उराँव , पिता–बिरसा उराँव<br>3. ग्राम–कोटा ,पोस्ट–बलसोटा, थाना–भण्डरा ,प्रखण्ड–भण्डरा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–26/25 2. आवेदक–सकलु उराँव , पिता–स्व0 मन्टरू उराँव<br>3. ग्राम–कुन्दो ,पोस्ट–झिको चट्टी , थाना–भण्डरा ,प्रखण्ड–भण्डरा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अभय कुजूर , राजकिशोर उरांव , इस्लाम अंसारी , पिंजु भगत एवं इसरार अहमद द्वारा आवेदन पर पहचान/ अनुशंसा का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–39/25 2. आवेदक–लोलस कुजूर , पिता–स्व0 प्रभुदयाल कुजूर<br>3. ग्राम–दुरहुल सरना टोली, पोस्ट–नारी नवाडीह , थाना–किस्को ,प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–40/25 2. आवेदक–संजय कुमार , पिता–स्व0 विष्णु प्रसाद<br>3. ग्राम–लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–41/25 2. आवेदक–आशिष कुमार , पिता–अशोक कुमार अग्रवाल<br>3. ग्राम–मिशन चौक, बी0आई0टी0, पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–42/25 2. आवेदक–बलबीर कुमार देव , पिता–राजेन्द्र प्रसाद देव<br>3. ग्राम–देव कुंज, महादेव टोली रोड, पोस्ट–वार्ड–20, बदला , थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–43/25 2. आवेदक–मोहम्मद कैसर अहमद , पिता–स्व0 मो0 जमील अहमद<br>3. ग्राम–सोमार बाजार अमला टोली, पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–44/25 2. आवेदक–दया शंकर राव , पिता–स्व0 राज किशोर राव<br>3. ग्राम–कचहरी मोड़, पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुढी पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–343/25 2. आवेदक–प्रदीप कुमार साहु , पिता–घुरन साहु<br>3. ग्राम–मुरकुण्डा, पुरनटोली, पोस्ट–मुरकुण्डा , थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विजय भगत द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–/25 2. आवेदक–कामेश्वर सिंह , पिता–स्व0 घनश्याम सिंह<br>3. ग्राम–रूद, पोस्ट–गारू , थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — PR 350464 Home (25-26)_D — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

**आज का मैच**

मुंबई इंडियंस Vs सनराइजर्स हैदराबाद

दिनांक: 17 अप्रैल गुरुवार | स्थान: दिल्ली | 7:30 बजे से

## एक नजर

### सुरुचि सिंह ने लगातार दूसरे आईएसएसएफ विश्व कप में जीता गोल्ड

**लीमा (पेरू)।** युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने यहां 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में भारत का दबदबा सुनिश्चित किया। ब्यूनस आयर्स में हाल में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा के झज्जर की निवासी 18 वर्षीय सुरुचि ने 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाकर मनु को 1.3 अंक से पीछे छोड़ा। चीन की याओ कियानक्सुन ने कांस्य पदक जीता। सुरुचि और मनु के पोडियम पर पहुंचने का मतलब था कि भारत ने इस दिन प्रत्येक रंग का एक पदक जीता, जिसमें पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के निशानेबाज सौरभ चौधरी का कांस्य पदक भी शामिल है। पेरू की राजधानी में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन के कारण भारत तीन पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया।

### चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी और बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 17 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष व महिला) और बास्केटबॉल (पुरुष व महिला) टूनार्मेंट का आयोजन गुरुवार, 17 अप्रैल से होगा। यह आयोजन दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि हॉकी ओलंपियन और हॉकी वर्ल्ड कप 1975 की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य अशोक दीवान करेंगे। इस अवसर पर पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी गौतम वढेरा और मेजबान खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। खालसा कॉलेज की डायरेक्टर फिजिकल एजुकेशन सुश्री इंदरप्रीत कौर नंदा के अनुसार यह टूनार्मेंट इंटर कॉलेज लेवल पर पुरुष और महिला वर्ग में होगा। पुरुष हॉकी में 6 टीमें और महिला वर्ग में 4 टीमें भाग ले रही हैं।पुरुष वर्ग लीग कम नॉकआउट फॉर्मेट में होगा और महिला वर्ग राउंड रॉबिन लीग फॉर्मेट में होगा।

### भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए सात देशों की दौड़ में कनाडा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी संस्करण की मेजबानी करने की भारत की महत्वाकांक्षा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल ने आधिकारिक तौर पर चार महाद्वीपों के सात देशों और क्षेत्रों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्राप्त करने की पुष्टि की है। कनाडा और नाइजीरिया पहले ही भारत के साथ मिलकर प्रतिष्ठित बहु-खेल आयोजन की मेजबानी करने की अपनी इच्छा सार्वजनिक रूप से व्यक्त कर चुके हैं। दो अन्य अनाम देशों ने भी 2030 खेलों की मेजबानी में रुचि दिखाई है, जबकि न्यूजीलैंड कथित तौर पर दीर्घकालिक मेजबानी पाइपलाइन के हिस्से के रूप में 2034 संस्करण पर नजर गड़ाए हुए है।

# क्षितिज नवीद कौल ने 10-अंडर 60 के कोर्स रिकॉर्ड के साथ कुतुब गोल्फ कोर्स में धूम मचा दी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के क्षितिज नवीद कौल ने 10-अंडर 60 का सनसनीखेज कोर्स रिकॉर्ड स्कोर बनाया और नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये के कैलेंस ओपन 2025 के आधे चरण में कुल 12-अंडर 128 के स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली। चौबीस वर्षीय क्षितिज (68-60), चार खिताबों के विजेता, जो पहले राउंड के बाद 23वें स्थान पर थे, ने बुधवार को एक ईगल और आठ बर्डी लगाई, जिससे 22 स्थान ऊपर उठे और दूसरे राउंड की बढ़त हासिल की।

महू के दिग्गज खिलाड़ी मुकेश कुमार ने 2005 में कुतुब गोल्फ कोर्स में आयोजित डीडीए ओपन में 11 अंडर 59 का स्कोर दर्ज किया था। हालांकि, 2018 में कोर्स को फिर से तैयार किया गया और इसमें बदलाव किए गए। क्षितिज का 10 अंडर 60 का असाधारण प्रयास नए कोर्स रिकॉर्ड के रूप में गिना जाएगा।

चंडीगढ़ के करणदीप कोचर ने पहले राउंड में 65 का स्कोर बनाया और दूसरे राउंड में 64 का स्कोर बनाया। वे दो पायदान ऊपर चढ़कर 11 अंडर 129 के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के ही एक अन्य पेशेवर खिलाड़ी युवराज संधू ने लगातार दूसरी बार 65 का स्कोर बनाया और एक पायदान ऊपर चढ़कर 10 अंडर 130 के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

# अभिषेक शर्मा को रोक सकती है मुंबई इंडियंस की तेज गेंदबाजी तिकड़ी



एजेंसी

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में गुरुवार को मेजबान मुंबई इंडियंस (एमआई) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से वानखेड़े स्टेडियम में होगा। दोनों टीमें छह मैचों में चार-चार मैच हारकर अंक तालिका के निचले हिस्से में विराजमान हैं और इस मैच में अच्छा प्रदर्शन कर वे इस स्थिति को सुधारना चाहेंगे। आइए डालते हैं इस मैच के कुछ प्रमुख आंकड़ों और मैच-अप्स पर नजर।

**अभिषेक शर्मा बनाम मुंबई की तेज गेंदबाजी तिकड़ी**

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पंजाब किंग्स के खिलाफ एक आतिशी शतक लगाकर आ रहे हैं, जहां उनकी टीम को एक लगभग असंभव जीत भी मिली थी। हालांकि एमआई के खिलाफ उन्हें संघर्ष करना पड़ सकता है, क्योंकि एमआई की तेज गेंदबाजी तिकड़ी दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ वे दो-दो बार आउट हुए हैं और चाहर के खिलाफ 158 के स्ट्राइक रेट को छोड़ दिया जाए, तो बाकी दोनों के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 100 से भी कम का है। बुमराह के खिलाफ तो अभिषेक सिर्फ 59 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

**शमी कर सकते हैं रोहित और हार्दिक को परेशान**

मोहम्मद शमी का इस साल का आईपीएल बहुत मिला-जुला रहा है और एमआई के खिलाफ यह मैच भी मिला-जुला रह सकता है क्योंकि एमआई के कुछ बल्लेबाजों के खिलाफ तो वह बेहतरीन रिकॉर्ड रखते हैं, लेकिन कुछ बल्लेबाजों ने उनकी जमकर खबर भी ली है। रोहित शर्मा शमी के खिलाफ क्ढछ में तीन बार आउट हो चुके हैं, जबकि रोहित उन पर सिर्फ 112 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। एमआई के कप्तान हार्दिक भी उनके खिलाफ तीन बार आउट हो चुके हैं।

### यह मेरे आईपीएल कोचिंग करियर की सबसे बड़ी जीत : पोंटिंग

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग आईपीएल 2014 से ही किसी ना किसी आईपीएल टीम के कोच रहे हैं, लेकिन उन्होंने एक लो स्कोरिंग मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मिली जीत को अपने कोचिंग करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत करार दिया है। इस मैच में पंजाब किंग्स की टीम ने 112 के छोटे से लक्ष्य का बचाव किया, जो कि आईपीएल इतिहास में सबसे छोटे लक्ष्य के बचाव का रिकॉर्ड है। इस मैच में पंजाब की टीम को 16 रनों की जीत मिली, उनके गेंदबाजों ने केकेआर को सिर्फ 95 रन पर ऑलआउट कर दिया। पोंटिंग ने इस जीत को 'सीजन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण' कहा। मैच समाप्त होने के तुरंत बाद ब्रॉडकास्टर से उन्होंने कहा, अभी भी मेरे हृदय की गति बढ़ी हुई है। शायद यह 200 से ऊपर का होगा। 50 की उम्र में मैं ऐसे मैच और नहीं चाहता।

# दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को दी 189 की चुनौती



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अभिषेक पोरेल (49), के एल राहुल (38), कप्तान अक्षर पटेल (34) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) की उपयोगी पारियों से दिल्ली कैपिटल्स ने अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में 20 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए और कोई भी बड़ी साझेदारी नहीं बन पायी लेकिन दिल्ली के बल्लेबाजों ने आखिरी पांच ओवरों में 77 रन जुटाए। संदीप शर्मा का पारी का आखिरी ओवर कुछ लम्बा रहा। इस ओवर में संदीप ने कुल 11 गेंदें फेंकी और दिल्ली को 19 रन दिए। महीश तीक्षणा ने पारी की आखिरी गेंद पर स्टब्स का आसान सा कैच टपकाया।

काफी तगड़ी फिनिश मिल गई है दिल्ली को और उनके पास एक अच्छा स्कोर हो गया है। अक्षर पटेल और स्टब्स की पारियां उन्हें 188 के स्कोर तक ले जाने के लिए सबसे अहम रही। अंतिम पांच ओवर में दिल्ली ने 77 रन हासिल किए। राजस्थान ने कुछ कैच गिराए और मिसफील्ड भी हुई। इसने भी दिल्ली की मदद की।

अक्षर पटेल ने 14 गेंदों पर 34 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए जबकि स्टब्स ने 18 गेंदों पर नाबाद 34 रन में दो चौके और दो छक्के मारे। अभिषेक पोरेल ने 37 गेंदों पर 49 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। पिछले मैच में शानदार पारी खेलने वाले करुण नायर इस बार खाता खोले बिना रन आउट हो गए।

के एल राहुल ने 32 गेंदों पर 38 रन में दो चौके और दो छक्के लगाए। अक्षर पटेल ने स्टब्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 41 रन जोड़े। स्टब्स ने फिर छठे विकेट की अविजित साझेदारी में आशुतोष शर्मा के साथ 42 रन जोड़े और दिल्ली को 188 तक पहुंचाया। आशुतोष 15 रन पर नाबाद रहे।

राजस्थान की तरफ से जोफ्रा आर्चर ने 32 रन पर दो विकेट लिए जबकि महीश तीक्षणा और वानिन्दु हसरंगा को एक-एक विकेट मिला।

## हमने कुल मिलाकर ठोस प्रदर्शन किया : कोच राजिंदर



एजेंसी

**झांसी।** हॉकी पंजाब ने उत्तर प्रदेश के झांसी में हॉकी मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। हॉकी पंजाब के लिए जुगराज सिंह शीर्ष फॉर्म में थे, उन्होंने टूनार्मेंट में पांच गोल करके दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में समापन किया और फाइनल में दो महत्वपूर्ण गोल भी किए। युवा सनसनी अरिजीत सिंह हुंदल ने भी हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने नाम तीन गोल किए।

हॉकी पंजाब ने 2023 में टूनार्मेंट जीता था। हालांकि, पिछले संस्करण में, वे हॉकी महाराष्ट्र से क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गए थे। इस बार कप्तान हार्दिक सिंह और कोच राजिंदर सिंह की अगुआई में हॉकी पंजाब ने फिर से चैंपियनशिप अपने नाम की।

पंजाब डिवीजन 1, पूल ए स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर रहा, जो हॉकी मध्य प्रदेश से तीन अंक पीछे था, जिसने उन्हें टूनार्मेंट में अपनी एकमात्र हार दी थी। क्वार्टर फाइनल में हॉकी पंजाब ने हॉकी हरियाणा पर 3-2 से जीत हासिल की, उसके बाद सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश हॉकी के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की।


अपनी पिछली हार के बावजूद, हॉकी पंजाब ने सुनिश्चित किया कि वे अपनी गलतियों से सीखें और फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश को आसानी से हरा दें।

टूनार्मेंट पर विचार करते हुए, कोच राजिंदर सिंह ने कहा, यह हमारे लिए बहुत अच्छा टूनार्मेंट था, और हमने कुल मिलाकर एक ठोस प्रदर्शन किया।

## टेस्ट क्रिकेट छोड़ने की तैयारी में नहीं है रोहित शर्मा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने हाल ही में बड़ा बयान दिया है जिसमें उन्होंने सभी क्रिकेट प्रारूपों टेस्ट, वनडे और टी20 को भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बताया। रोहित ने कहा कि मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से देश का प्रतिनिधित्व करना सर्वोच्च और किसी भी प्रारूप में सबसे महत्वपूर्ण था। मैं टेस्ट क्रिकेट को टी20 क्रिकेट से ऊपर या टी20 क्रिकेट को टेस्ट क्रिकेट से ऊपर नहीं रखूंगा। मेरे लिए, तीनों प्रारूप समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। यह बयान इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले आया है, जो टी20 युग में टेस्ट क्रिकेट की प्रासंगिकता पर चल रही बहस के बीच उनके संतुलित दृष्टिकोण को दशार्ता है। रोहित ने यह भी संकेत दिया कि भारत की तेज गेंदबाज जोड़ी जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में टीम का हिस्सा होंगे। रोहित ने कहा कि हम चाहते थे कि बुमराह, शमी और अन्य गेंदबाज इंग्लैंड दौरे के लिए 100 फीसदी फिट रहें। अगर हमारी टीम पूरी तरह से फिट है, तो जाहिर है कि इंग्लैंड में हमारी सीरीज शानदार होगी। इसलिए इंग्लैंड में हमारे लिए यह एक अच्छी चुनौती होगी। बुमराह ने आखिरी बार भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में खेला था।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के और करीब पहुंचा गोल्ड

**नई दिल्ली।** गोल्ड की कीमतों में लगातार तेजी जारी है और बुधवार को नया ऑल टाइम हाई बनाया। आईबीजेए के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड की कीमत में बीते 24 घंटे में 1,477 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 24 कैरेट के गोल्ड की कीमत 1,477 रुपये बढ़कर 94,579 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 93,102 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट गोल्ड के दाम बढ़कर 92,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड की कीमत भी बढ़कर 76,610 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। हाजिर बाजार के साथ वायदा बाजार में भी गोल्ड की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर गोल्ड के 6 जून 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का भाव 1.90 प्रतिशत बढ़कर 95,435 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी गोल्ड की कीमतें ऑल-टाइम हाई पर बनी हुई है। गोल्ड के दाम 3,320 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गए हैं।

### शेयर बाजार हरे निशान में बंद सेंसेक्स 309 अंक उछला

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार के करीब सभी सूचकांकों में तेजी थी। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 309 अंक या 0.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,044 और निफ्टी 108 अंक या 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,437 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 371 अंक या 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,345 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 169.95 अंक या 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,349 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईटीसी, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। मारुति सुजुकी,बजाज फाइनेंस और सन फार्मा टॉप लूजर्स थे।

# स्कैम से बचने के लिए पीडब्ल्यूसी ने एक दर्जन से अधिक देशों में परिचालन बंद किया : एफटी रिपोर्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** ग्लोबल ऑडिट दिग्गज पीडब्ल्यूसी ने जोखिमपूर्ण या लाभहीन मानते हुए एक दर्जन से अधिक देशों में परिचालन बंद कर दिया है। बुधवार को आई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी का लक्ष्य हाल ही उसके अकाउंटिंग नेटवर्क को प्रभावित करने वाले स्कैम से बचना है।

फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने की शुरूआत में बढ़ते मतभेदों के बाद पीडब्ल्यूसी ने अफ्रीका में अपने स्थानीय साझेदार 10 सदस्य फर्मों के साथ संबंध तोड़ लिए।

रिपोर्ट के मुताबिक, लोकल लीडर्स ने कहा कि उन्होंने हाल के वर्षों में अपने एक तिहाई से ज्यादा बिजनेस खो दिए हैं, क्योंकि पीडब्ल्यूसी के वैश्विक अधिकारियों ने उन पर जोखिमपूर्ण ग्राहकों को सेवाएं देना बंद करने का दबाव डाला था।

पीडब्ल्यूसी संस्थाओं और स्थानीय समाचार रिपोर्ट्स के एक रजिस्टर के अनुसार, पीडब्ल्यूसी ने जिम्बाब्वे, मलावी और फिजी में अपने सदस्य फर्मों के साथ संबंध तोड़ लिए हैं। ऑडिट फर्म के लिए एक और शर्मिंदगी की बात यह है कि चीन के वित्त मंत्रालय और चाइना सिक्योरिटीज रेगुलेटरी कमिशन ने पीडब्ल्यूसी की चीन इकाई पर रिकॉर्ड 441 मिलियन युआन (62 मिलियन डॉलर) का जुमार्ना लगाया और संपत्ति की दिग्गज कंपनी एवरग्रांडे के ऑडिट को लेकर छह महीने का सस्पेंशन किया।

यह कार्रवाई एवरग्रांडे के 78 बिलियन डॉलर के धोखाधड़ी के जवाब में की गई थी। पीडब्ल्यूसी ने 2023 की शुरूआत तक लगभग 14 वर्षों तक एवरग्रांडे का ऑडिट किया। पीडब्ल्यूसी पर ऑडिट विफलताओं के लिए जुमार्ना लगाया गया था, जिसमें एवरग्रांडे की धोखाधड़ी को अनदेखा करना और अनुमोदित करना शामिल था।

# भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता : मार्क मोबियस



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने बुधवार को कहा कि भारत अगर मजबूती और नीति निरंतरता के वर्तमान मार्ग पर बना रहता है, तो इसमें दुनिया की तीसरी नहीं, बल्कि दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है। उन्होंने आगे कहा कि बीते कुछ वर्षों में भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मौजूदा समय में कुल जीडीपी के मामले में अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान ही भारत से आगे हैं।

आईएमएफ के ताजा अनुमानों के अनुसार, भारत की रियल जीडीपी 4.3 ट्रिलियन डॉलर की है, जो जापान के 4.4 ट्रिलियन डॉलर और जर्मनी के 4.9 ट्रिलियन डॉलर से मामूली रूप से कम है। जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को देखें, भारत इस साल जापान और 2027 तक जर्मनी से आगे निकल सकता है।

मोबियस ने आईएएनएस से कहा कि भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है।

उन्होंने आगे कहा, भारत की जनसंख्या अब चीन से काफी ज्यादा है। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि चीन की जनसंख्या वास्तव में 800 मिलियन या उससे कम है, जिसकी औसत आयु भारत के 1.2 बिलियन लोगों से कहीं अधिक है। मोबियस ईएम ऑपर्च्युनिटीज फंड चलाने वाले वैश्विक निवेशक ने कहा, अगर भारत आयात प्रतिबंधों को हटाने में सक्षम हो जाता है, तो मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था मजबूत होती जाएगी। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार के हालिया प्रदर्शन पर मोबियस ने आईएएनएस से कहा कि अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ लगने से पहले भी भारतीय शेयर बाजार में काफी गिरावट हुई थी।

# भारत में ऑफिस लीजिंग 2025 की पहली तिमाही में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंची

नवीन मेल संवाददाता

**मुंबई।** वर्ष 2025 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत में ऑफिस लीजिंग एक्टिविटी बढ़कर 19.46 मिलियन वर्ग फीट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें डोमेस्टिक ऑक्यूपायर्स ने रिकॉर्ड 8.82 मिलियन वर्ग फीट जगह ली। यह जानकारी बुधवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई।

ग्लोबल रियल एस्टेट फर्म जेएलएल की रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य रूप से जीसीसी द्वारा संचालित ग्लोबल ऑक्यूपायर्स लीजिंग एक्टिविटी का मुख्य आधार बना रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना आधार पर टॉप सात शहरों के लिए ग्रॉस लीजिंग चेन्नई को छोड़कर सभी शहरों के लिए पैन इंडिया लेवल पर 28.4 प्रतिशत से अधिक थी।

बेंगलुरु 21.9 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ लीजिंग एक्टिविटी के मामले में लगातार चौथी तिमाही में सबसे आगे रहा, इसके बाद दिल्ली-एनसीआर 21.6 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और पुणे में डोमेस्टिक ऑक्यूपायर्स द्वारा लीजिंग साल दर साल अधिक रही।



बेंगलुरु और पुणे में 'फ्लेक्स' डोमेस्टिक ऑक्यूपायर्स का प्रमुख सेगमेंट रहा, जिसकी डोमेस्टिक ऑक्यूपायर्स की लीजिंग में क्रमशः 70 प्रतिशत और 61.8 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुंबई में बीएफएसआई का सबसे बड़ा योगदान रहा, जबकि हैदराबाद में टेक का सबसे बड़ा योगदान रहा।